


पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 23 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -348 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



ईवीएम में गड़बड़ी करने वालों को फांसी दी जाएगी... 02

■ केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का प्रदर्शन
■ हाईकोर्ट ने कर पुनर्मूल्यांकन को चुनौती देने... 03

■ गाजा पर यूएनएससी के दूसरे प्रस्ताव पर हो सकता है...
■ इंडोनेशियाई तट पर नाव डूबने से 50 से अधिक... 07

शाहरुख, दीपिका और आलिया के साथ काम करना चाहती हैं... 10

**रमजान मुबारक**

**23 मार्च-12**

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 5.02 |
| रोजा इफतार | : | 6.37 |



पीएमएलए कोर्ट से नहीं मिली राहत

# छह दिन की रिमांड पर भेजे गए केजरीवाल

■ ईडी ने केजरीवाल को बताया 'मुख्य साजिशकर्ता ■ जांच एजेंसी ने मांगी थी 10 दिन की हिरासत

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की रिमांड के मामले पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने ईडी को 28 मार्च तक के लिए अरविंद केजरीवाल की रिमांड दे दी है। अब ईडी अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे कोर्ट में पेश करेगी। ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह मामले में शामिल पार्टी के नेताओं के साथ 'मुख्य साजिशकर्ता' थे। ईडी ओर से कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए साउथ ग्रुप से 100 करोड़ रुपए मांगे थे।



**आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया : सुनीता केजरीवाल**

**केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उन्हें कोई दुख नहीं है। शराब पॉलिसी पर उन्होंने मेरी बात नहीं मानी : अन्ना हजारे**

**देश में अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति : 'आप'**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने यहां प्रदर्शन किया और कुछ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही पार्टी मुख्यालय पहुंचने की कोशिश की जिन्हें पुलिस ने जगह-जगह रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने जगह-जगह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों के साथ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। 'आप' के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने कहा, आज देश में एक अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति पैदा हो गई है।

## ओबीसी भारतीय महागठबंधन भी साथ आया

इंडिया गठबंधन को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली है। ओबीसी भारतीय महागठबंधन से जुड़ी 30 पार्टियों ने शुक्रवार को अपना समर्थन इंडिया गठबंधन को देने का ऐलान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में ओबीसी भारतीय महागठबंधन के संयोजक व पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने यह ऐलान किया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली समेत पूरे देश में पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जगह-जगह भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली में सुबह से ही समर्थकों का हूजूम आप के हेडक्वार्टर पहुंचने लगा था,जिन्हें पुलिस ने जगह-जगह रोक दिया। दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, असम, बैंगलुरु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी जगह-जगह आप कार्यकर्ताओं ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने जगह-जगह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों के साथ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।





# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर 'इंडिया' लामबंद

## जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मामला तुल पकड़ता दिखाई पड़ रहा है।

केजरीवाल के समर्थन में इंडिया गठबंधन के दल लामबंद हो गए हैं। शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर गठबंधन के नेताओं ने अपनी शिकयत दर्ज कराई । इंडिया गठबंधन का आरोप है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है और इसी के तहत ऐन लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। इसको लेकर गठबंधन की ओर से एक साझा बयान भी जारी किया गया। इसमें कांग्रेस की ओर से पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, अभिषेक मनु सिंघवी के साथ-साथ टीएमसी की ओर से डेरेक ओ ब्राउन, मोहम्मद नदीमुलहक, सीपीएम से सीताराम येचुरी, आम आदमी पार्टी से संदीप पाठक, पंकज गुप्ता, एनसीपी शरद पवार की ओर से जितेंद्र आव्हाड, डीएमके की ओर से पी विल्सन और सपा की ओर जावेद अली ने हस्ताक्षर किया। चुनाव आयोग से मिलने के बाद सिंघवी ने कहा कि आयोग के सामने इस बात को रखा गया कि यह किसी व्यक्ति या पार्टी के बारे में नहीं है, बल्कि संविधान की मूल संरचना से संबंधित है। जब चुनाव के लिए समान व्यवहार की जरूरत होती है तो एजेसिंयों का दुरुपयोग होता है। इसका असर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और अंततः लोकतंत्र पर पडता है। इस मामले में चुनराव आयोग से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सबसे बडी विपक्षी पाटी का बैंक खाता सीज कर दिया गया है। उन्होंने कहाकि अगर चुनाव आयोग डीजीपी को बदल सकता है तो जांच एजेसियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण क्यों नहीं करता।

**आजाद भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सबसे बडी विपक्षी पाटी का बैंक खाता सीज कर दिया गया है : अभिषेक मनु सिंघवी, कांग्रेस नेता**

**गठबंधन ने साझा बयान भी किया जारी**

**सार संक्षेप**

### आईपीएल का आगाज उद्घाटन में अक्षय टाइगर ने बिखेरा जलवा



चेन्नई। शुक्रवार को आईपीएल 2024 का आगाज हो गया। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के कई सितारों और संगीतकारों ने जलवा बिखेरा। अक्षय कुमार से लेकर टाइगर श्रॉफ नीति मोहन और ए आर रहमान ने एम ए चिदंबरम स्टेडियम में दर्शकों का दिल जीता। बॉलीवुड के कई गानों पर दर्शक झूमते नजर आए।

### चुनाव आयोग ने पंजाब में 5 एसएसपी नियुक्त किए



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी. ने शुक्रवार को कहा कि निर्वाचन आयोग ने राज्य में पांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नियुक्त किए हैं। दीपक पारीक को बठिंडा और अंकुर गुप्ता को जालंधर ग्रामीण में एसएसपी नियुक्त किया गया है। मलेरकोटला में सिमरत कौर, पठानकोट में सुहैल कासिम मीर और फाजिल्का में प्रज्ञा जैन को एसएसपी नियुक्त किया गया है।

### मध्य प्रदेश लोकायुक्त नियुक्ति प्रक्रिया की होगी जांच



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति में विपक्ष के नेता और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के तरीके और प्रक्रिया की जांच करने का फैसला करते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी कर इस मामले में दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्यप्रदेश में विपक्षी दल कांग्रेस के नेता उमंग सिंघार की एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए हम मामले की जांच करेंगे।

### मदरसा अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में मदरसा अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित करते हुये उत्तर प्रदेश सरकार को मदरसा छात्रों को नियमित स्कूलों में समायोजित करने का निर्देश दिया।

# आजम के साथ अन्याय कर रही सरकार : अखिलेश

**लखनऊ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आजम खान के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। दरअसल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को सीतापुर जेल में बंद पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खान को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खान के साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है, लेकिन, अंत में जीत सच्चाई की होती है।



■ सीतापुर जेल में आजम से मिलने पहुंचे सपा नेता
■ भाजपा ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से सभी परेशान

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। किसान, नौजवान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिलाएं सभी परेशान हैं। भाजपा ने युवाओं को धोखा दिया है। युवाओं से झूठे वादे किए। नौकरियां नहीं दी। उत्तर प्रदेश में नौकरियों की परीक्षा के पेपर लीक हो जाते है। भाजपा जानबूझकर पेपर लीक कराती है। जिससे युवाओं को नौकरी न देना पड़े। भाजपा की नीयत साफ नहीं है।

# भाजपा को 487 कंपनियों ने दिया चंदा

## शीर्ष दस कंपनियों ने 2119 करोड़ के बांड खरीदे

■ चुनावी चंदा पाने में भाजपा नंबर एक
■ छह करोड़ रुपए से अधिक चंदा मिला

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड से संबंधित पूरी जानकारी दे दी है।

चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, एसबीआई ने किसने चंदा दिया, किसने चंदा लिया और चंदे की रकम कितनी है, इन सभी जानकारियों को दे दिया है। चुनावी बॉन्ड की सबसे बड़ी लाभार्थी भारतीय जनता पार्टी बनकर सामने आई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, बीजेपी को कुल 487 कंपनियों ने चंदा दिया, जिसमें से शीर्ष 10 कंपनियों ने 2119 करोड़ रुपए का चंदा दिया, जो दूसरों की तुलना में सबसे ज्यादा है। पार्टी को चुनावी बॉन्ड से पिछले चार सालों में 6000 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला है। ये भुनाए गए 6,060 करोड़ रुपए के चुनावी बांड का 35 प्रतिशत है।




### मेघा इंजीनियरिंग ने 584 करोड़ चंदा दिया

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग ने 584 करोड़ रुपए, क्विक सप्लाई ने 395 करोड़ रुपए और फ्यूचर गेमिंग ने 100 करोड़ रुपए चंदा दिया।

**फ्यूचर गेमिंग ने भाजपा, टीएमसी को चंदा दिया**

**आंकड़ों से पता चलता है कि डोनर नंबर 1 फ्यूचर गेम्स एंड होटल सर्विसेज लिमिटेड ने भाजपा को केवल 100 करोड़ रुपए की फंडिंग की, जबकि इसके 1,368 करोड़ रुपए का तीन-चौथाई हिस्सा तृणमूल कांग्रेस (542 करोड़ रुपए) और डीएमके (503 करोड़ रुपए) के बीच लगभग समान रूप से विभाजित किया गया था।**

# भाजपा की 15 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी

■ तमिलनाडु से 14 उम्मीदवारों के नाम शामिल ■ अब तक 291 उम्मीदवार घोषित किए



लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने अपनी चौथी लिस्ट में दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु से 14 और पुडुचेरी से एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने तमिलनाडु और त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने तमिलनाडु के तिरुवल्लुर से पोन. वी. बालगणपति, नमक्कल से केपी. रामलिंगम, तिरुपूर से एपी. मुरुगानंदम, चिदंबरम से पी. कार्थियाइनी और मदुरई से रामा श्रीनिवासन सहित तमिलनाडु से 14 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। इससे पहले भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 195, दूसरी लिस्ट में 72 और तीसरी लिस्ट में 9 लोकसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। शुक्रवार को पार्टी ने अपनी चौथी लिस्ट में 15 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी कुल मिलाकर अब तक अपने 291 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

## भाजपा ओडिशा में अकेले लड़ेगी चुनाव : सामल

भाजपा ओडिशा में लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शुक्रवार को राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। मनमोहन सामल ने कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

# इसरो ने 'पुष्पक' यान की सफल लैंडिंग कराई

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर की मदद से शुक्रवार को रीयूजेबल लॉंच व्हीकल 'पुष्पक' की सफल लैंडिंग कराई पुष्पक की सफल लैंडिंग के बाद वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उसने इस अभियान के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर की मदद ली। वायु सेना ने इस अभियान का वीडियो जारी करते हुए कहा कि पुष्पक को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर में साढे चार किलोमीटर की निर्धारित ऊंचाई और निश्चित स्थान पर ले जाकर छोड़ा गया। इसके बाद इसरो ने इस यान की सफल लैंडिंग कराई। वायु सेना ने इस उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी है। वायु सेना ने कहा है कि उसके सैनिक भविष्य में भी इस तरह के अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।




■ चिनूक हेलिकॉप्टर की मदद से उतारा ■ वायु सेना ने इसरो को दी बधाई

# मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

**थिम्पू,** 22 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को यहां भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'दि ऑर्डर ऑफ दि द्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया।

भूटान की राजधानी थिम्पू के तेंद्रेलथांग में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने श्री मोदी को अपने देश के इस सर्वोच्च अलंकरण से सुशोभित किया जो जीवनकाल की उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जाता है। श्री मोदी पहले विदेशी नेता हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है।



■ भूटान नरेश ने 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान घोषणा की थी

**चुनाव** *13 मई को आंध्र में साथ होंगे विधानसभा व लोकसभा चुनाव*

# आंध्र प्रदेश में छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव मैदान में

**अमरावती,** 22 मार्च (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश में कम से कम छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे 13 मई को विधानसभा और लोकसभा के लिए एक साथ होने वाले चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे, जबकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की बेटियों के भी दौड़ में शामिल होने की संभावना है। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी हैं।

संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के बेटे वाईएसआर परिवार के गृह जिले कडप्पा में पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पुलिवेंदुला को 1978 से वाईएसआर परिवार का गढ़ माना जाता है। जगन मोहन रेड्डी लगातार तीसरी बार यहां से चुनाव लड़ेंगे। उनकी बहन और राज्य कांग्रेस प्रमुख वाई.एस. शर्मिला के कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद और चचेरे भाई वाई.एस. अविनाश रेड्डी के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना है। कडप्पा भी 1989 से वाईएसआर परिवार का गढ़ रहा है।

■ हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों में जगन मोहन रेड्डी वाई.एस. शर्मिला शामिल



### एनटी रामा राव के बच्चे भी किस्मत आजमाएंगे

एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के संस्थापक एनटी रामा राव के बच्चे भी राजनीति में अपनी किस्मत आजमाएंगे। एनटीआर के बेटे और लोकप्रिय अभिनेता एन. बालकृष्ण हिंदूपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक के रूप में हैट्रिक की तलाश में होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश फिर से मंगलागिरी विधानसभा सीट से अपनी राजनीतिक किस्मत आजमाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कोटला विजयभास्कर रेड्डी के बेटे कोटला जयसूर्या प्रकाश रेड्डी धोने निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री एन. जनार्दन रेड्डी के बेटे एन. रामकुमार रेड्डी वाईएसआरसीपी के टिकट पर वेंकटगिरी विधानसभा क्षेत्र से अपने राजनीतिक भाग्य का परीक्षण करेंगे। वह चुनावी शुरुआत कर रहे हैं।

# देश

**उवाच** “ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण रूप से उस प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं धीरे-धीरे इस हद तक खत्म हो चुकी हैं कि उनका अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है।

-उमर अब्दुल्ला,नेशनल कॉन्फ्रेंस उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 18.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 26.0 |

# ईवीएम में गड़बड़ी करने वालों को फांसी दी जाएगी : दिग्विजय

**भोपाल,** 22 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने ईवीएम में गड़बड़ी होने

- **कांग्रेस नेता ने ईवीएम में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए दी चेतावनी**
- **कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने को लेकर भी केंद्र पर बोला हमला**

का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि इस गड़बड़ी में शामिल लोगों को देशद्रोह में फांसी दी जाएगी। भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईवीएम में हेराफेरी करने वालों को मैं चेतावनी देना चाहता हूं, वे लोग एक दिन पकड़े जाएंगे, हम लोग इसके काफी नजदीक पहुंच गए हैं। जिस दिन ये पकड़े जाएंगे, उस दिन इन्हें देशद्रोह में फांसी दी जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम में गड़बड़ी, कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने और भोजशाला के सर्वे कराए जाने जैसे मसलों पर भाजपा तथा केंद्र की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा के बढ़ते जनाधार को लेकर कहा कि जन चर्चा इस बात की है कि जो मेंडेट जनता का मिला है, उसमे कहीं न कहीं गड़बड़ है और कई प्रश्न ईवीएम पर भी उठ रहे हैं। इसका जवाब न तो चुनाव आयोग देता है, न सरकार देती है और इनका अति विश्वास झलकता है। इन्होंने 2014 में कहा 272 से ज्यादा सीटें मिलेगी तो 284 आई। 2019 में कहा 300 से ज्यादा सीटें आएंगी, तो 303 आई और अब कह रहे हैं 400 पार। यह इस तरह का उदाहरण हमें कहीं और देखने नहीं मिलता, लेकिन उनका अति विश्वास शक पैदा करता है।



**जो मेंडेट जनता का मिला है उसमे कहीं न कहीं गड़बड़ है और कई प्रश्न ईवीएम पर भी उठ रहे हैं : दिग्विजय सिंह**

### लोकतंत्र का गला घोंट रही सरकार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले का आरोप लगाते हुए आज कहा कि कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए हैं और केंद्र सरकार इस प्रकार की गतिविधियों से लोकतंत्र का गला घोंट रही है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि कांग्रेस के सभी खाते सीज कर दिए गए हैं। पार्टी अब एक भी पैसा चुनाव में नहीं निकाल सकती। इसी क्रम में उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई ऐसी कंपनियों की सूची देखिए, उन पर विभिन्न एजेंसियों की रेड पड़ी, इसके बाद उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को चंदा दिया और उन पर से केस साफ हो गए। उन्होंने इसे हफ्ता वसूली की संज्ञा देते हुए कहा कि ऐसे 14 प्रकरण हैं, जहां रेड के बाद बॉन्ड खरीद कर भाजपा को चंदा दिया गया।

## सत्ताधारी दल की मंशा विपक्ष को समाप्त करने की : कांग्रेस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सत्ताधारी दल भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी दल अनैतिक हथकंडों के जरिए विपक्षी दलों को समाप्त करना चाहता है। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा, भारतीय राजनीति में विपक्षी दलों की एकता की इस समय जितनी आवश्यकता है, उतनी जरूरत पिछले 75 साल में शायद ही पहले कभी रही हो। वर्तमान सत्ताधारी दल के इरादे एकदम स्पष्ट हैं, आम चुनाव से पहले वह विपक्ष से लड़ना नहीं, बल्कि विपक्ष को अनैतिक हथकंडे अपनाकर समाप्त कर देना चाहता है। राजनैतिक कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराना, धमकाना, तोड़ना, गिरफ्तार करना और जेल भेजना इसी कुचक्र का हिस्सा हैं।

## झारखंड में मीडिया कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था

**रांची,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया कर्मियों को 'आवश्यक श्रेणी' में रखा गया है। चुनाव कवरेज के दौरान अपने कर्तव्य पर उपस्थित सभी वैसे मीडिया कर्मी, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए 'प्राधिकार पत्र' जारी किया गया है, इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मीडिया कर्मी अपने संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है। चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केंद्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जाएगा, जहां मीडिया कर्मियों को भरे हुए पोस्टल बैलेट जमा करना होगा। इस बार आयोग की ओर से चार चरणों में इन तारीखों को राज्य के 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान कराने की तिथि तय की गई है। झारखंड में चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में 13, 20, 25 मई और 1 जून को वोट डाले जाएंगे।



## केसीआर ने दो लोकसभा सीटों के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा

**हैदराबाद,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को नगरकुर्नूल और मेडक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। राव ने खुलासा किया कि भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार नगरकुर्नूल लोकसभा सीट तथा सेवानिवृत्त आईपीएस पी. वेंकटराम रेड्डी को मेडक सीट के लिए नामित किया गया है। राज्य की भुवनागिरी, नालगोंडा, सिकंदराबाद, हैदराबाद और चेवेल्ला लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। राव ने संकेत दिया कि इन सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। बीआरएस ने तेलंगाना की कुल 17 लोकसभा सीटों में से 13 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।

प्रवीण कुमार ने बीआएरस का दामन थाम लिया है। उन्होंने दो दिन पहले 18 मार्च को ही बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया था। इससे पहले मायावती ने उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस का साथ छोड़ने को कहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी दावा किया है कि मायावती भाजपा के दबाव में आ गई हैं। बीआरएस प्रेसिडेंट बीएसपी के लिए दो लोकसभा सीटें छोड़ने के लिए तैयार हो चुके हैं। बीआरएस प्रेसिडेंट की इस संदर्भ में गत 15 मार्च को वार्ता हुई थी। बसपा ने नगरकुर्नूल से ही प्रवीण कुमार को अपना उम्मीदवार भी बनाया था। इसके अगले दिन प्रवीण कुमार ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। 2021 में आईपीएस के पद से सेवानिवृत लेने के बाद उन्होंने बीएसपी का दामन थामा था। प्रवीण कुमार के कई बसपा नेताओं के साथ बीआरएस में शामिल होने के बाद केसीआर ने घोषणा की कि वह जल्द ही उन्हें पार्टी का महासचिव नियुक्त करेंगे। वेंकट रामी रेड्डी ने टीआरएस (अब बीआरएस) में शामिल होने के लिए 2021 में सिद्दीपेट जिला कलेक्टर के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी थी। बाद में वह विधान परिषद के लिए चुने गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीआरएस ने प्रदेश में 9 लोकसभा सीटें जीती थी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी को पिछले कुछ दिनों में कई झटके लगे हैं। इसके चार मौजूदा सांसद कांग्रेस और भाजपा में शामिल हो गए हैं।



**प्रवीण कुमार को बनाया तेलंगाना के नगरकुर्नूल से उम्मीदवार**

## सार संक्षेप

### आज़ाद की पार्टी को चुनाव चिन्ह के रूप में मिली बाल्टी

**श्रीनगर।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आज़ाद की राजनीतिक पार्टी को चुनाव चिन्ह के रूप में बाल्टी आबंटित किया। आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पैरी (डीपीएपी) के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को चुनाव चिन्ह के रूप में बाल्टी आवंटित किया है। डीपीएपी ने जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में चुनाव होंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी अभय कुशवाहा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा एवं उनके समर्थकों ने 21 मार्च की रात औरंगाबाद शहर के महाराणा प्रताप चौक से रमेश चौक होते हुए फार्म तक कई वाहनों के साथ जुलूस निकाला और नारेबाजी की। इस संबंध में औरंगाबाद के अंचल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने नगर थानाध्यक्ष को आवेदन देकर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मद्देनजर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था।

### टीडीपी ने 13 लोकसभा सीटों पर उतारे प्रत्याशी


**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, साथ ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए भी 11 और नामों का ऐलान कर दिया है। विधानसभा के लिए अपनी तीसरी सूची में पार्टी ने कुल 139 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने पांच विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा को लंबित रखा है। जन सेना और बीजेपी के साथ गठबंधन करने वाली टीडीपी प्रदेश की कुल 175 विधानसभा सीटों में से 144 पर चुनाव लड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ 25 लोकसभा सीटों में से 17 पर लड़ रही है।

### जयंत 28 मार्च को करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी अभियान की शुरुआत 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने शुक्रवार को बताया कि चौधरी 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से राजग प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में दोपहर 12 बजे वेंकटेश्वर विवि के सामने स्थित मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## बेगूसराय सीट से भाकपा ने अवधेश राय को बनाया प्रत्याशी

**पटना,** 22 मार्च (एजेंसियां)। बिहार महागठबंधन में भले ही अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ हो, लेकिन, गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने शुक्रवार को बेगूसराय सीट से पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा कर दी। भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में बेगूसराय सीट से अवधेश कुमार राय को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बिहार में भाकपा ने महागठबंधन के घटक के रूप में बेगूसराय लोकसभा सीट से पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को अपना प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है और अन्य सीटों पर सहमति बनाने के लिए अपना विकल्प खुला रखा है। इससे पहले गठबंधन में शामिल राजद द्वारा भी प्रत्याशियों को सिंबल बांटे जाने की चर्चा है, हालांकि, पार्टी द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को डी. राजा ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी। इस स्थिति में सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसने की संभावना है। कांग्रेस बेगूसराय से जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को चुनाव लड़ाना चाह रही थी। इस बीच भाकपा ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी।



# बंगाल के कूच बिहार में दिलचस्प मुकाबले के आसर

**कोलकोता,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारत-बांग्लादेश की सीमा पर स्थित पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले की एकमात्र लोकसभा सीट पर इस बार विभिन्न कारणों से दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद है। कूच बिहार लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने पहले ही वहां एक पूर्ण अभियान शुरू कर दिया है।

चर्चा का प्रमुख मुद्दा प्रधानमंत्री का विकसित भारत का नारा है। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी आगामी चुनावों के लिए अपनाई जाने वाली प्रचार शैली को लेकर थोड़े भ्रमित नजर आ रहे हैं। कूच बिहार में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। वहां 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इस सीट पर तृणमूल कांग्रेस के भीतर गुटबाजी मुख्यत: एक हाई प्रोफाइल पार्टी विधायक के समर्थकों और पार्टी के एक पूर्व जिला अध्यक्ष के समर्थकों के बीच है। इस कारण भाजपा के हैवीवेट उम्मीदवार के खिलाफ एक सुनियोजित अभियान की कमी दिख रही है। तृणमूल कांग्रेस ने जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में से एक, सिताई के मौजूदा विधायक जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया को मैदान में उतारा है। बसुनिया को पहले से ही जिले में पार्टी की अंदरूनी कलह की मार महसूस होने लगी है। पार्टी के कई दिग्गज नेता कैंपिंग रैलियों और नुक्कड़ सभाओं से नदारद हैं। जिले के ऐसे ही एक पीड़ित नेता पूर्णचंद्र सिन्हा ने कहा कि पार्टी के बुरे वक्त में तृणमूल कांग्रेस के साथ रहने के बावजूद पिछले साल पंचायत चुनाव के बाद से जिले के कई वरिष्ठ नेताओं को गतिविधियों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए इस बार हमने खुद को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखने का फैसला किया है। इसी तरह की राय पार्टी के किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जुलजेलाल मियां ने भी व्यक्त की। एक शाखा संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष होने के बावजूद पार्टी के जिला नेतृत्व द्वारा उनके सुझावों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि हम चुनाव संबंधी गतिविधियों से दूर रह रहे हैं, हालांकि भावनात्मक रूप से मैं अभी भी तृणमूल कांग्रेस के साथ हूं। हालांकि, बसुनिया खुद इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि सीएए पर हालिया अधिसूचना आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि राजबंशी समुदाय इससे नाराज है। वाम मोर्चा के घटक दल ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने जिले के अनुभवी पार्टी नेता नीतीश चंद्र रॉय को मैदान में उतारा है, जो छात्र राजनीति से अपना जीवन शुरू कर पार्टी में आगे बढ़े हैं।



- **निसिथ प्रमाणिक को मिल सकता है तृणमूल की अंदरूनी कलह का फायदा**
- **पहले चरण में 19 अप्रैल को होना है मतदान**

### लंबे समय तक ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक का मजबू गढ़ रहा था कूचबिहार

कूचबिहार लंबे समय तक ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक का एक मजबूत गढ़ रहा था। वहां के लोगों ने 1977 और 2009 के बीच वाम मोर्चा घटक को लगातार 10 बार जीत दिलाई थी। वर्ष 2009 में तृणमूल कांग्रेस की लहर के बीच भी ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार नृपेंद्र नाथ रॉय 41 हजार से अधिक वोटों के अंतर से निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। हालाँकि, 2014 के लोकसभा चुनावों में पैटर्न बदल गया। तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रेणुका सिन्हा करीब एक लाख वोटों के अंतर से कूच बिहार से चुनी गईं।

# मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र में मुकाबला त्रिकोणीय होने का अनुमान



- **मैदान में हैं भाजपा व कांग्रेस के नए चेहरे**
- **29 संसदीय सीटों में से 6 पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान**

**सीधी,** 22 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र में बीते तीन चुनाव ने भाजपा की ताकत को बढ़ाने का काम किया है। दूसरी ओर कांग्रेस लगातार पिछड़ी है। इस बार सीधी में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर की बजाय मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार नजर आ रहे हैं। राज्य की 29 संसदीय सीटों में से 6 पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इनमें एक संसदीय क्षेत्र सीधी भी है। भाजपा और कांग्रेस इस संसदीय क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर चुकी है। इस बार दोनों ही दलों की ओर से नए चेहरे हैं। बीते तीन चुनाव इस बात की गवाही देते हैं। चुनावों में भाजपा का जीत का अंतर लगातार बढ़ा है। वर्ष 2009 के लोस चुनाव में जहां भाजपा 45 हजार वोटो के अंतर से जीती थी तो वहीं 2014 में यह अंतर बढ़कर एक लाख आठ हजार हो गया। वर्ष 2019 के लोस चुनाव में भाजपा ने 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### भाजपा से राजेश मिश्रा व कांग्रेस से कमलेश्वर पटेल ने ठोकी ताल

भाजपा ने जहां डॉ. राजेश मिश्रा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने कमलेश्वर पटेल को। पटेल अभी हाल ही में विधानसभा का चुनाव हारे हैं और उससे पहले वह कमलनाथ की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वहीं, भाजपा के बागी अजय प्रताप सिंह ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नामांकन भर दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने यहां से पूजन राम साकेत को उम्मीदवार बनाया है। इस संसदीय क्षेत्र में अब तक 16 चुनाव हुए हैं, जिनमें से भाजपा और कांग्रेस सात-सात बार जीत हासिल कर पाई है, वहीं, एक बार निर्दलीय और एक बार भारतीय लोक दल का उम्मीदवार निर्वाचित हुआ। इस संसदीय क्षेत्र में भाजपा की ताकत में लगातार इजाफा हुआ है।

## त्रिपुरा में भाजपा के खिलाफ संयुक्त अभियान शुरू

**अगरतला,** 22 मार्च (एजेंसियां)। इंडिया समूह के आठ दलों ने शुक्रवार को त्रिपुरा की दो लोकसभा सीटों और रामनगर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के खिलाफ राज्य के हर बूथ तक पहुंचना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं इंडिया समूह के संयोजक सुदीप रॉय बर्मन ने यह जानकारी दी। रॉय बर्मन ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 'फासीवादी ताकत' करार देते हुए मतदाताओं से अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनावों में इंडिया समूह के उम्मीदवारों के पक्ष में 'विवेकपूर्ण' मतदान करने का आग्रह किया। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि मोदी व अमित शाह पागल घोड़े पर सवार हैं तथा भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को भूल गए हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री रॉय बर्मन ने कहा कि वैचारिक आधार पर मतभेद होने के बावजूद, लोगों के समग्र हित के साथ ही संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और देश की संघीय प्रकृति की रक्षा के लिए हम एक साथ आए हैं।

## ओडिशा में लोस व विस चुनाव अकेले लड़ेगी भाजपा : मनमोहन

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भाजपा ओडिशा में लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शुक्रवार को राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। मनमोहन सामल ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इससे पहले सामल ने यह भी कहा कि विगत 10 वर्षों से, नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा की बीजू जनता दल (बीजेडी) केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। लेकिन, आज ओडिशा में मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे ओडिशा के गरीब बहनों-भाइयों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ओडिशा-अस्मिता, ओडिशा-गौरव और ओडिशा के लोगों के हित से जुड़े अनेकों विषयों पर हमारी चिंताएं हैं।



**राजनीति** *बिहार में राजद के लिए आसान नहीं पहले चरण का चुनाव*

# लोस चुनाव में नवादा व गया में अपनी खोई जमीन तलाशेगी पार्टी

**पटना, 22 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। लेकिन, चर्चा है कि राजद ने पहले चरण में जिन लोस क्षेत्रों में मतदान होना है, उनके लिए प्रत्याशियों को सिंबल दे दिया है। बिहार में पहले चरण में नवादा, गया, औरंगाबाद और जमुई में चुनाव होने हैं। राजद ने भले ही अपने प्रत्याशियों को।**

चुनावी मैदान में भेज दिया हो, लेकिन इस चुनाव में एनडीए से उसे कड़ा मुकाबला करना होगा। माना जा रहा है कि राजद इस चुनाव में अपनी खोई जमीन तलाश कर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की चर्चा करें तो राजद यहां पहली बार चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। सूत्रों के मुताबिक, राजद ने यहां से अभय कुशवाहा को सिंबल भी दे दिया है। लेकिन, राजद के लिए यहां की राह आसान नहीं है। पिछले दो चुनाव में यहां से जदयू और भाजपा ने जीत दर्ज की है। नवादा की सीट भी अब राजद के लिए आसान नहीं दिख रहा है। 2004 के चुनाव में यहां राजद अंतिम बार जीती थी, उसके बाद यहां एनडीए का ही कब्जा रहा है। राजद इस बार श्रवण कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाने वाली है, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

गया सीट भी राजद के लिए आसान नहीं है। गया से इस चुनाव में एनडीए की ओर से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी चुनावी मैदान में हैं। वहीं, राजद यहां से पूर्व मंत्री सर्वजीत कुमार को प्रत्याशी बनाने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि सर्वजीत कुमार को सिंबल भी दे दिया गया है। मोक्ष की धरती गया में राजद के प्रत्याशी के रूप में 2004 में राजेश कुमार मांझी चुनाव जीते थे। उसके बाद 2009, 2014 और 2019 में यहां से एनडीए के प्रत्याशी चुनाव जीतते रहे हैं। जमुई सीट के लिए भी पहले चरण में मतदान होना है। कहा जा रहा है कि राजद यहां से अर्चना रविदास को सिंबल दे चुकी है। एनडीए की ओर से यह सीट लोजपा (रामविलास) के कोटे में गई है। ऐसे में तय है कि मुख्य मुकाबला दोनों गठबंधन में ही होगा। बीते तीन चुनाव में जमुई पर एनडीए का कब्जा रहा है। वर्ष 2014 और 2019 में एनडीए उम्मीदवार के रूप में चिराग पासवान जीतते रहे हैं। ऐसे में इतना तय है कि राजद को पहले चरण में जीत दर्ज करने के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। गौरतलब है कि बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने छह उम्मीदवारों पार्टी का सिंबल दे दिया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गत दिनों गया से पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत, बक्सर से पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह, उजियारपुर से पूर्व मंत्री आलोक मेहता, जमुई से अर्चना रविदास, नवादा से श्रवण कुशवाहा व औरंगाबाद से अभय कुशवाहा को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।

RJD

- **पहले चरण में नवादा, गया, औरंगाबाद व जमुई में होने हैं चुनाव**

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड...मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!
पिता बेहोश...

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का प्रदर्शन

- पुलिस ने आतिशी, सौरभ भारद्वाज व अन्य को लिया हिरासत में
- सुरक्षा को लेकर अर्द्धसैनिक बल के जवान भी तैनात किए गए



**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया और इस दौरान 'अरविंद तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए गए।

पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की कैबिनेट मंत्री मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को हिरासत में लिया। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को वृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने के लिए कई स्तरों पर अवरोधक लगाए गए और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया। मध्य दिल्ली में राउज एवेन्यू मार्ग पर आप मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा।

कई प्रदर्शनकारी सुबह करीब साढ़े बजे भाजपा कार्यालय की ओर कूच करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर इकट्ठा हुए, जहां पुलिस ने उन्हें बसों में बैठा लिया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बल के जवानों भी तैनात किए गए हैं। पुलिस ने जब आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कोशिशों की तो कई सड़क पर भी लेट गए। महिला पुलिसकर्मियों को महिला प्रदर्शनकारियों को घसीटते हुए देखा गया। इनमें से कई प्रदर्शनकारी केजरीवाल की तस्वीर लिए हुए थे।

पुलिस के अनुसार अब तक 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है और मध्य दिल्ली से दूर स्थित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया है। आप ने कहा कि देश में कि अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है और भाजपा नेताओं को जेल भेजकर या उन्हें डरा-धमका कर अपने साथ शामिल कर विपक्षी दलों को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

**देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है : 'आप'**

**केजरीवाल सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं तथा इससे वह और बड़े नेता बनकर उभरेंगे : भगवंत मान**



पार्टी ने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती साबित होगी। जैसे ही दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य ने सुबह 11 बजे के आसपास भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर बस में बैठा लिया। पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। हिरासत में लेने की कोशिश के दौरान आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इसी तरह जब महिला पुलिसकर्मियों ने आतिशी को रोकने की कोशिश की तो वह उनसे भिड़ गईं। पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए और नारे लगाने लगे।

पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया और नहीं हटने पर उन्हें हिरासत में ले लिया। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''मुझे आईटीओ पर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करते समय दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। पहले यह लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री को झूठे मामले में गिरफ्तार करते हैं, फिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या है? पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर डीडीयू मार्ग की ओर जाने वाली सड़कें बंद होने के कारण सुबह वाहन चालकों को आईटीओ, राजघाट और विकास मार्ग पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर यातायात जाम की स्थिति बनी रही।

मध्य दिल्ली में ईडी कार्यालय क्षेत्र के आसपास की सड़कें भी बंद कर दी गईं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने आईटीओ स्टेशन को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बंद रखने की घोषणा की है। हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद, भारद्वाज ने अलीपुर पुलिस थाने से एक्स पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गाना गाते दिख दे रहे हैं। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के परिवार के सदस्यों को घर में कैद कर दिया गया है और किसी को भी उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपनी रात ईडी कार्यालय में बिताई। पंजाब के मुख्यमंत्री एवं आप नेता भगवंत मान ने शुक्रवार दोपहर केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि पार्टी पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, वह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं।

## केजरीवाल का कारनामा कानून व लोकतंत्र का अपमान : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि आप नेता कह रहे हैं कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, ''यह दिल्ली की जनता, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। ईडी ने नौ बार समन दिया था, लेकिन वह (केजरीवाल) एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। जांच में शामिल न होने की उनकी क्या मजबूरी थी? भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ने लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह भारत के इतिहास में पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने गिरफ्तार होने के बावजूद पद नहीं छोड़ा है।

## सार संक्षेप

### ट्रक हेल्थ चेकअप अभियान को मिल रहा जबरदस्त रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** देश की जानी मानी टायर निर्माता कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ट्रांसपोर्टरों के लिए ट्रक हेल्थ चेकअप के नाम से एक अनोखा अभियान शुरू किया है, जिसका मकसद बेहतर विकास के लिए उनका हाथ थामना है। इस अभियान के तहत ट्रांसपोर्टरों को ट्रक के इंजन और टायरों के बेहतर रखरखाव के लिए निःशुल्क सुझाव और टिप्स दिए जाते हैं। इससे उनके ट्रकों के इंजन की क्षमता बेहतर होती है और उनसे होने वाला प्रदूषण भी कम से कम होता है। इस अभियान के दौरान ट्रक ड्राइवरों और सहायकों को उनकी लंबी यात्राओं के दौरान तनाव मुक्त रहने के बारे में परामर्श भी दिया जाता है, जिसकी सभी स्तरों पर काफी सराहना हो रही है। इस अभियान को ट्रक ड्राइवरों, मैकेनिकों, ट्रांसपोर्टरों और उनके परिवारों का खूब समर्थन मिल रहा है। कंपनी की इस पहल से देशभर में 15,000 से अधिक ट्रांसपोर्टर और 20,000 से ज्यादा ड्राइवर लाभान्वित हो रहे हैं।

### होली के दिन दोपहर 2.30 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी मेट्रो की सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की सेवाएं 25 मार्च को होली के दिन दोपहर 2.30 बजे से शुरू होंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि टर्मिनल स्टेशनों पर दोपहर 2.30 बजे मेट्रो सेवाओं के शुरू होने से गैर-टर्मिनल स्टेशनों पर बाद में ट्रेनों का परिचालन होगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है, होली के त्योहार के दिन, 25 मार्च को दिल्ली मेट्रो की सेवाएं रैपिड मेट्रो एयरपोर्टद्ध एक्सप्रेस लाइन सहित सभी लाइनों पर दोपहर 2.30 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। उन्होंने आगे कहा कि मेट्रो ट्रेन सेवाएं 25 मार्च को टर्मिनल स्टेशनों से सभी लाइनों पर दोपहर 2.30 बजे शुरू होंगी और उसके बाद सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

### प्रेम बिहारी नारायण रायजादा को भारत रत्न दिलाने की मांग

**नई दिल्ली।** प्रेम बिहारी नारायण रायजादा (सक्सेना) द्वारा मूल संविधान प्रवाहमयी इटैलिक शैली में हस्तलिखित करने के लिये भारत रत्न देने की मांग की गई है। देश का नाम इंडिया से भारत



ई लडने के लिए याचिका डालने वाले नमह ने दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मांग की है कि संविधान लेखक प्रेम बिहारी नारायण रायजादा(सक्सेना) को भी भारत रत्न से 30 मार्च को सम्मानित किया जाए। नमह का दावा है कि प्रधानमंत्री इस बात को अवश्य संज्ञान में लेंगे। नमह ने कहा कि उन्होंने जब संविधान पढ़ा तो महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी जैसे प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा (सक्सेना) भारतीय संविधान के सुलेखक थे। मूल संविधान उनके द्वारा प्रवाहमयी इटैलिक शैली में हस्तलिखित था। उन्होंने कहा कि मूल संविधान से प्रेम बिहारी नारायण रायजादा (सक्सेना) द्वारा लिखित इंडेक्स ही गायब है जो आश्चर्यजनक है। नमह ने कहा कि वह पीएम मोदी को 100 प्रतिशत फॉलो करते हैं, वह उनकी बात सुनते हैं। नमह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अवश्य इस छुपे तथ्य को बाहर लाएंगे और पूरा विश्व अवगत होगा कि हमारी संस्कृति सब कुछ करना जानती है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है जो इंगलिश में हस्तलिखित है। गाजियाबाद में जन्मे और किसान के बेटे नमह ने कहा कि उनका प्रयास है कि प्रेम बिहारी नारायण रायजादा को जल्द से जल्द भारत रत्न की उपाधि मिले।

# केजरीवाल को सीएम पद से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर चल रहे कानूनी दांव-पेंच के बीच उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। खुद को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले याचिकाकर्ता दिल्ली निवासी सुरजीत सिंह यादव ने दलील दी है कि आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उन्हें सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य बनाती है। यादव ने तर्क दिया कि वित्तीय घोटाले में फंसे मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की कैद न केवल कानून की उचित प्रक्रिया में बाधा डालती है, बल्कि राज्य की संवैधानिक मशीनरी को भी कमजोर करती है।



याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 163 और 164 का हवाला देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल की एक कैदी के रूप में वर्तमान स्थिति उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने में अक्षम बनाती है। याचिका में जेल में बंद मुख्यमंत्री द्वारा जेल से सरकारी कामकाज संचालित करने की व्यावहारिकता के बारे में भी बात की गई है। इसमें कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल तक पहुंचने वाली सभी सामग्रियों की जेल अधिकारियों द्वारा जांच से उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में दिलाई गई गोपनीयता की शपथ का उल्लंघन होगा। इसके अतिरिक्त, यादव ने तर्क दिया कि अरविंद केजरीवाल को अपने पद पर बने रहने की अनुमति देने से उन्हें उन जांचों को प्रभावित करने का अवसर मिल जाएगा जिसमें वह आरोपी हैं। यह आपराधिक न्यायशास्त्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आग्रह किया कि वह क्वो वारंटो जारी करे, जिससे अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के अपने अधिकार को सही ठहराने के लिए मजबूर किया जा सके और अंततः उन्हें पद से हटाया जा सके।

**ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उन्हें सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य बनाती है : सुरजीत सिंह यादव**



■ विश्व जल दिवस पर यमुना के गंदे पानी में मछली पकड़ते मछुआरे। फोटो : इम्तियाज खान

## दिल्ली भाजपा ने पत्रकारों के साथ मनाया होली मिलन

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा मीडिया विभाग के द्वारा आज पत्रकारों के साथ प्रदेश कार्यालय परिसर में विशेष होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद एवं प्रत्याशी मनोज तिवारी, सांसद रमेश बिधूड़ी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, नई दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, चांदनी चौक से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, जम्मू-कश्मीर सह प्रभारी आशीष सूद, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, अभय वर्मा एवं अनिल बाजपेई, निगम में उपनेता जय भगवान यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, मंत्री, प्रवक्ता, मोर्चा अध्यक्ष आदि सम्मलित हुए।

मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल द्वारा संयोजित होली मिलन समारोह में प्रवीण शंकर कपूर ने मंच से सभी गणमान्य पत्रकारों एवं पार्टी नेताओं का स्वागत किया और गुलाल अबीर लगा कर एवं फूल वर्षा करके स्वागत किया।




वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा होली वैमनस्य भुला कर पारस्परिक प्रेम सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। उन्होने कहा की आज हम सब राष्ट्र विकास में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास रंगों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।

सांसद मनोज तिवारी के होली गीतों ने पत्रकारों का मन मोह लिया, बांसुरी स्वराज ने अपने भजन से रिझाया तो विधायक अजय महावर ने गीत गा कर होली के रंग बिखारे।

## युवक पर चाकू से हमला, नौ किशोर हिरासत में

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में नाबालिगों के एक समूह ने 20 साल के एक युवक पर 12 बार चाकू से वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि इस मामले में नौ किशोरों को हिरासत में लिया गया है। मृतक की पहचान संगम विहार इलाके के रहने वाले शादाब के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम 6 बजे तिगरी पुलिस स्टेशन अंतर्गत हरिजन कॉलोनी, संगम विहार में चाकूबाजी की घटना के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।


## सार्वजनिक सूचना

सभी जनता को सूचित किया जाता है कि
मेडियोर अस्पताल, कुतुब (पता: बी-33, 34, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-110016)
मेडियोर अस्पताल, द्वारका (पता: एचएएफ-बी, चरण-1, सेक्टर-12, केंद्रीय विद्यालय के पास, द्वारका, नई दिल्ली-110075)
मेडियोर अस्पताल, मानेसर (पता:प्लॉट नंबर 2, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा 122052)
स्वीकार्य नियमों के अनुसार 01/01/2004 से 31/12/2014 की अवधि के लिए आईपीडी (रोगी विभाग में) / ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) (गैर एमएलसी) को स्थायी रूप से निपटाने का प्रस्ताव। कोई भी रोगी/संबंधित जो रोगी के मेडिकल रिकॉर्ड की एक प्रति प्राप्त करना चाहता है, वह लिखित अनुरोध और एक वैध सरकारी पहचान पत्र के साथ इस नोटिस तिथि के 30 दिनों के भीतर हमारे मेडिकल रिकॉर्ड अधिकारी एमआरडी से संपर्क कर सकता है।
उपरोक्त सभी मेडिकल रिकॉर्ड, यदि किसी मरीज, कानूनी परिचारक और एजेंसी को भविष्य में संदर्भ के लिए संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड को संरक्षित करने की आवश्यकता हो, तो कृपया नीचे दिए गए पते पर उचित माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। यह अधिसूचना समाचार पत्र में अधिसूचना की तारीख से एक महीने की अवधि के लिए वैध होगी।
मेडियोर अस्पताल, कुतुब (पता- बी-33, 34, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली- 110016)

हस्ताक्षर
एमआरडी विभाग


## हाईकोर्ट ने कर पुनर्मूल्यांकन को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (आईएएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आयकर (आईटी) विभाग द्वारा पार्टी के खिलाफ शुरू किए गये पुराने कर-आकलन को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस यशवंत वर्मा और पुरुषेंद्र कुमार कौरव की खंडपीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा कि हम रिट याचिकाएं खारिज करते हैं। यह कांग्रेस के लिए एक ताजा झटका है क्योंकि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और उसके फंड को रोकने तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया। राहुल गांधी और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ एक दुर्लभ प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनिया गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस के चुनाव अभियान को पटरी से उतारने के मकसद से मोदी सरकार के इशारे पर आईटी विभाग ने पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। कांग्रेस नेताओं ने सत्तारूढ़ दल पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि आयकर अधिकारी आकलन वर्ष 1994-95 की कर चूक की जांच कर रहे हैं, जब सीताराम केसरी पार्टी अध्यक्ष थे। विशेष रूप से, उच्च न्यायालय ने 20 मार्च को अपने खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ कांग्रेस की याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेस खुद को मुसीबद में पा रही है क्योंकि आयकर विभाग ने लगातार तीन वित्त वर्षों - 2014-15, 2015-16 और 2016-17 - के लिए पार्टी के खिलाफ कर वसूली शुरू की थी। सुनवाई के दौरान, कांग्रेस की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को आधारहीन बताते हुए कहा कि कर अधिकारी सीमा से बंधे हैं और विभाग अधिकतम छह मूल्यांकन वर्षों से पीछे नहीं जा सकता है। हालांकि, वह अपनी बात साबित करने में विफल रहे, जिसके कारण कांग्रेस की याचिकाएं खारिज कर दी गईं।





### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 05/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 20.09.2021 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 सुरेन्द्र पुत्र श्री चन्दी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 31.01.2021 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1175 | भूदत्त शर्मा पुत्र पीताम्बर शर्मा व परमेशवरी पत्नी स्व0 भूदत्त शर्मा नि. बी.134 ज्योति कालोनी मेन 100 फुटा रोड शाहदरा ईस्ट दिल्ली-110032 | श्रीमती बिमला कौशिक | 64 | पुत्री विवाहित |
| भटटा | 208 | | श्रीमती गीता शर्मा | 48 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्री प्रदीप कुमार शर्मा | 47 | पुत्र |
| | | | श्री राजेश कुमार शर्मा | 57 | पुत्र |
| | | | श्री योगेश शर्मा | 55 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2. सैक्टर ओमेगा- 1. ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर 201308 (उ०प्र०)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 266 / एस०टी० एस०डी०एम०/2021 दिनांक 01.07.2021 स्व० श्री निरंजन शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा, नि० मौ० मैना ठाकुरान रबूपुरा, परगना जेवर, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 30.11.2019 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 1028 | श्री निरंजन शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा, नि० मौ० मैना ठाकुरान रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर | राजपाल शर्मा | पुत्र | 52 वर्ष |
| | | | माया देवी | पत्नी | 75 वर्ष |
| | | | पूजा | पुत्रवधु | 42 वर्ष |
| | | | आकाश | पौत्र | 16 वर्ष |
| | | | दीपक | पौत्री | 13 वर्ष |
| | | | नीलम | पुत्री | 55 वर्ष |
| | | | रजनी शर्मा | पुत्री | 45 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फतेहपुर अटटा, तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर में कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 229/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 13.03.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री खचेडू पुत्र स्व0 श्री गुलशेर निवासी ग्राम फतेहपुर अटटा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फतेहपुर अटटा | 296, 348, 349, 494/1, 498, 499, 502 | श्री खचेडू पुत्र स्व0 श्री गुलशेर निवासी-ग्राम फतेहपुर अटटा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती वसीरन | पत्नी | 103 वर्ष | |
| | | | श्री समयदीन | पुत्र | 58 वर्ष | |
| | | | श्री यूनिस | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्री इसराईल | पुत्र | 27 वर्ष | |
| | | | श्री अनीस | पुत्र | 25 वर्ष | |
| | | | श्रीमती जैबुननिशा | पुत्री | 78 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती जमीला | पुत्री | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मीना | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती नगीना बेगम | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुरैब व रबूपुरा उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 159/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 24.02.2024 में मृतक श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र निवासी ग्राम झट्टा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 04.10.2023 को हो चुकी है जिनके स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरैब | 397 | श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र निवासी ग्राम झट्टा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती विमला पत्नी स्व0 श्री चन्द्रपाल | पत्नी | 56 वर्ष | |
| | रबूपुरा | 1008 910 1467 | | देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री चन्द्रपाल | पुत्र | 40 वर्ष | |
| | | | | रविन्द्र कुमार चौहान पुत्र स्व0 श्री चन्द्रपाल | पुत्र | 35 वर्ष | |
| | | | | जितेन्द्र चौहान स्व0 श्री चन्द्रपाल | पुत्र | 31 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती सुदेश पुत्री स्व0 श्री चन्द्रपाल | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती कुसुम पुत्री स्व0 श्री चन्द्रपाल | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

वह खुद भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान अवैध निर्माण होता हुआ पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए सभी प्रवर्तन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत् निगरानी रखने के भी निर्देश दिए : **अतुल वत्स, जीडीए उपाध्यक्ष**

## समय से कर जमा करें करदाता : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम ने कर वसूली को लेकर वृहद स्तर पर कार्रवाई चल रही है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संपत्ति कर वसूलने के लिए शहरवासियों को लगातार जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संपत्ति कर वसूली का ग्राफ बढ़ा है किंतु फरवरी माह के सापेक्ष मार्च में कम वसूली को देखते हुए नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग के अधिकारियों को मीटिंग बुलाकर मोटिवेट किया। जोनल प्रभारी को विशेष रूप से अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने के लिए निर्देश दिए गए। हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के लिए जोनल प्रभारी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। सीलिंग की कार्रवाई को बढ़ाएं, अधिक से अधिक कैंप लगाए तथा कोई भी कार्यवाही नियम अनुसार करते हुए हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।



31 मार्च के बाद 12 प्रतिशत का लगेगा ब्याज

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव ने बताया कि कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार कर वसूली को बढ़ाया जा रहा है सीलिंग की कार्रवाई भी चल रही है। हाउस टैक्स जमा करने के लिए करदाताओं से लगातार अपील भी की जा रही है 31 मार्च के बाद 12 प्रतिशत का ब्याज लगेगा इससे बचने के लिए शीघ्र ही मार्च माह के भीतर अपना हाउस टैक्स जमा करने के लिए कहा जा रहा है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 260 करोड़ 85 लाख की वसूली 18 मार्च तक की जा चुकी है। कर वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में संबंधित टीम के साथ बैठक भी की गई तथा अधिक से अधिक कर वसूली के लिए योजना बनाई गई, वसुंधरा जोन को शेष बचे दिनों में लगभग 17 करोड़, मोहन नगर जोन को लगभग 4 करोड़, कवि नगर जोन को लगभग 5 करोड़ सिटी जोन को लगभग 9 करोड़ विजयनगर ज़ोन को लगभग 3 करोड़ की वसूली करनी है।



## जीडीए उपाध्यक्ष ने की सभी प्रवर्तन जोन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-1 से जोन-8 में प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत प्रवर्तन के कार्यों की समीक्षा सभी प्रवर्तन जोन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि हर हाल अवैध निर्माण पर अंकुश लगना चाहिए। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जीडीए सभागार में उपाध्यक्ष ने कहा कि वह खुद भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान अवैध निर्माण होता हुआ पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।, साथ ही सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए सभी प्रवर्तन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत् निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव राजेश कुमार सिंह,ओएसडी गुंजा सिंह,सहायक अभियंता रुद्रेश शुक्ला, कदीर अंसारी, बुद्धराज सिंह, टी एन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-61 निवासी हरीश असवाल ने बताया कि गामरी एक्सटेंशन के मनीष कसाना और सेक्टर-121 क्लियो काउंटी के संकल्प ने उनको क्रिप्टो करेंसी के बारे में बताया। दोनों ने समझाया कि क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होता है।



- मुनाफे के लालच में आकर दिए 19 लाख
- 1 लाख किए वापस, बाकी मांगे तो मिली धमकी

शिकायतकर्ता द्वारा निवेश करने से इनकार करने पर दोनों ने 19 लाख रुपये उधार ले लिए। पीड़ित को निवेश पर होने वाले मुनाफे का एक हिस्सा देने का वादा भी दोनों ने किया। झांसे में आने के बाद हरीश ने दोनों को बीते साल अप्रैल में 19 लाख रुपए दे दिए। विश्वास के लिए आरोपियों ने शिकायतकर्ता को दो-दो चेक भी दिए। तय समय तक जब कोई मुनाफा नहीं हुआ तो हरीश ने मनीष और संकल्प से अपने पैसे वापस मांगे। दोनों ने पैसे देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बैंक में चेक लगाया तो वह भी बाउंस हो गया। कई बार तगादा करने पर दोनों ने शिकायतकर्ता को महज एक लाख रुपए वापस किए। बाकी के पैसे देने के लिए जब पीड़ित ने दबाव बनाया तो मनीष और संकल्प उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपी काफी बड़ा रैकेट चला रहे हैं और कई लोग से ठगी कर चुके हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में इनके ऊपर धोखाधड़ी का केस दर्ज है, जो एक कंपनी के द्वारा किया गया है।

यही नहीं इन लोगों ने बैंक के साथ भी 14 करोड़ रुपए का घोटाला किया था। आरोपियों पर यह भी आरोप है कि वह अवैध तरीके से वाहनों को प्रदेश के बाहर बेचते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई गई है। जल्द ही आरोपियों से इस मामले में पूछताछ होगी।

## सार संक्षेप

### डीएम, एसएसपी ने किया बूथों का निरीक्षण



**बुलंदशहर।** ककोड़ लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर अफसर मुस्तैद नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार ने कस्बे समेत झाझर, धनौरा आदि गांवों में बूथों का निरीक्षण किया। उधर एसडीएम रेनू सिंह व सीओ पूर्णिमा सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की। दोनों अफसरों ने सभी से होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की बात कही। मौके पर क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### 15 वर्षीय किशोरी घर से हुई लापता

**नोएडा।** सोरखा गांव में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी अपने घर से लापता हो गई है। इसको लेकर किशोरी के परिजनों ने सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में हेमा देवी ने बताया कि वह परिवार के सोरखा गांव में रहती हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बच्ची 20 मार्च से घर में बिना बताए कहीं चली गई है। जिसको उन लोगों ने काफी तलाश किया। लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

### जमीन के विवाद में जीजा पर चलाई गोली

**नोएडा।** छलेरा गांव निवासी एक व्यक्ति के घर पर शुक्रवार सुबह उसका साला पिस्टल और रिवॉल्वर के साथ पहुंचा। आरोपी ने अपने जीजा और उनके घर के अन्य सदस्यों पर हत्या करने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पेट्रोल से भरी हुई तीन प्लास्टिक की बोतल, एक रिवॉल्वर, एक पिस्टल, रस्सी, हथोड़ा और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में छलेरा गांव के राजकुमार ने बताया कि उनकी शादी खटाना गांव में हुई थी। तीन बेटियां होने के कारण विनोद कुमार नाम के युवक को राजकुमार की सास ने गोद लिया था। शुक्रवार सुबह विनोद शिकायतकर्ता के घर आया और जीजा और उसके बेटे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। परिवार के लोगों के शोर मचाने पर आरोपी साला वहां से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी पीड़ित पक्ष के परिवार की हत्या करने की नीयत से आया था। उसने हत्या करने के बाद जीजा के घर में आग लगाने की भी योजना बनाई थी। बताया जा रहा है कि पीड़ित की सास ने संपत्ति का एक हिस्सा उसे दे दिया है। इसी बात को लेकर विनोद के अंदर गुस्सा है। पीड़ित और उसके साले विनोद का जमीन को लेकर न्यायालय में मामला चल रहा है।

## सुनवाई के बाद एल्विश को मिली जमानत

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। एल्विश यादव को गौतमबुद्ध नगर जिला कोर्ट से जमानत मिल गई है। 17 मार्च से वो जेल में बंद थे। उनको 50-50 हजार रुपए के दो बेल बॉन्ड पर बेल मिली है। एल्विश के वकील प्रशांत राठी ने बताया कि अदालती प्रक्रिया होने के बाद रिलीज आर्डर शाम तक जेल पहुंच जाएगा। वहीं इसके दो और साथी ईश्वर और विनय को भी 50-50 हजार के बांड पर जमानत मिल गई है।

- 50-50 हजार के भरने होंगे दो बेल बांड
- ईश्वर व विनय को भी मिली जमानत

एल्विश पर जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था उन सभी में अधिकतम सात साल या कम की सजा हो सकती थी। बता दें इस मामले में स्टिंग के बाद पकड़े गए राहुल और पांच सपेरों को भी पहले ही जमानत मिल चुकी है। एल्विश के वकील प्रशांत राठी ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद थी उनको जमानत मिल जाएगी। कोर्ट में हुआ भी ऐसा ही। दरअसल कोर्ट में एल्विश के वकील ने दलील दी कि एल्विश के पास से कोई भी नशे का सामान या कुछ भी रिकवर नहीं किया गया। जिनके पास से वेनम, सांप बरामद हुआ यानी राहुल और पांच सपेरे सभी को जमानत मिल चुकी है। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एल्विश पर एनडीपीएस एक्ट लगाया। लेकिन ये वेनम राहुल और सपेरों से मिला था। एल्विश राहुल और सपेरों को नहीं जानता कोई सीधा लिंक पुलिस के पास नहीं है। अदालत में जिरह के बाद मजिस्ट्रेट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। लंच बाद जज ने फैसला सुनाते हुए एल्विश को जमानत दे दी।

## धोखाधड़ी कर प्लॉट बेचने के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। भाभी और उसकी बेटी समेत छह लोगों पर प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया है। केस न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि सेक्टर-108 स्थित उसकी मां के प्लाट को आरोपियों ने धोखाधड़ी करके बेच दिया, जबकि उसकी मां ने मरने से पूर्व उसके नाम वसीयत की थी।

शगुन भयाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी माता नूतन कपूर की मौत 2021 में हो गई थी। पिता और भाई की मौत काफी पहले हो चुकी थी। नूतन कपूर की कई अचल संपत्ति नोएडा में है। उन्होंने सेक्टर-108 स्थित एक प्लॉट को शिकायतकर्ता के नाम वसीयत किया था। पीड़िता का आरोप है कि उनकी मां के देहांत के बाद उनकी भाभी आरती कपूर व उनकी बेटी अर्शिया कपूर द्वारा एक षड्यंत्र के तहत नोएडा प्राधिकरण में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करके टीएम कराया गया तथा उक्त संपत्ति को एक करोड़ 10 लाख 4 हजार रुपए में रईस अहमद व मोहम्मद राशिद तथा मोहम्मद आजाद आदि को बेच दिया गया। आरोप है कि इन लोगों ने बैंक में जो उसके हस्ताक्षर और फोटो वेरीफाई कराया वह फर्जी तरीके से करवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में आरती कपूर, अर्शिया कपूर, रईस अहमद, मोहम्मद रशीद, मोहम्मद आजाद तथा अन्य व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होली के दिन दो घंटे मिलेगा अतिरिक्त पानी

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में होली के दिन भरपूर पानी मिलेगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी पूरी कर ली है। होली के दिन दोपकर 12 से 2 बजे तक पानी आएगा। इस दौरान पूरा प्रेशर दिया जाएगा। इसके अलावा जरुरत पड़ने पर टैंकरों से भी व्यवस्था की जाएगी। दरअसल नोएडा में सुबह और शाम पानी की सप्लाई की जाती है। होली को देखते हुए दोपहर में सप्लाई की जाएगी। हाइराइज इमारत होने के चलते यहां पानी का फुल प्रेशर दिया जाएगा। जिससे लोगों को दिक्कत न हो।

नहीं कर सकते पूल पार्टी, रेन पार्टी के लिए लेनी होगी अनुमति

वहीं नोएडा की सोसाइटी में बने स्वीमिंग पूल में इस बार होली नहीं मनाई जा सकेगी। सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर खेल विभाग ने स्विमिंग पूल में होने वाली पूल पार्टियों पर रोक लगा दी है। साथ ही, सोसाइटियों में होने वाली रेन डांस के लिए लोगों को मनोरंजन कर विभाग से अनुमति लेनी होगी। बता दे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों, सेक्टरों के साथ ही अन्य जगह पर होली के दिन रेन डांस पार्टी का आयोजन होता है।

इस बार होली 25 मार्च को है। आचार संहिता लागू होने की वजह से पुलिस प्रशासन के साथ ही जिला प्रशासन सख्त है। मनोरंजन कर अधिकारी ने बताया कि होली पर म्यूजिक और रेन डांस से जुड़ी एक्टिविटी कई जगह पर होती है। रेन डांस पार्टी के लिए लोग को अनुमति लेनी होगी। यह सिर्फ लोगों को सुरक्षा के ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करने के कहा जा रहा है। कई जगह से आवेदन मिले है, जिसको एडवाइजरी जारी करते हुए प्रोग्राम करने के लिए सहमति दी है।

## कांग्रेस के खाते बंद कर लोकतंत्र व संविधान खत्म कर रही भाजपा, ईडी-आईटी टूलकिट : शाहबुद्दीन

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। इनकम टैक्स द्वारा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज करने के खिलाफ देशभर में कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं। गौतमबुद्धनगर में युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन, जिलाध्यक्ष जावेद खान के नेतृत्व युवाओं में ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त-2 अरविंद सिंह जी को सौंपा। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के डर से मोदी सरकार ने इनकम टैक्स से कांग्रेस के खाते सीज करवा दिए हैं जो लोकतंत्र खत्म करने का संकेत है। उन्होंने कहा कि ईडी और इनकम टैक्स भाजपा का टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं। शाहबुद्दीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवा, किसान, गरीब और मजदूर भाजपा को एकजुट होकर जवाब देंगे और सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस जावेद खान ने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश को बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस के खाते सीज करना देश के इतिहास का कालादिन है। कांग्रेस नेता दिनेश अवाना ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस युवाओं और किसानों की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर इनकम टैक्स ने कांग्रेस के खाते नहीं खोले तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ईडी, आईटी के दम पर चल रही है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस शाहबुद्दीन, जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर जावेद खान, आर एल शर्मा, संजू, प्रवीण, प्रमोद, शाहरुख, प्रेम शाह, अखिलेश, मोहम्मद चांद, सनी, ललित, अरुण, वीरेंद्र मुखिया गुलाबशह, सलमा, राम चन्द्र गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली का बदमाश गाजियाबाद में मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। थाना साहिबाबाद पुलिस ने गुरुवार की रात में मुठभेड़ के दौरान एक शातिर चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। लुटेरा पुलिस की गोली से घायल हो गया है। लुटेरा दिल्ली का निवासी है, लेकिन गाजियाबद में आपराधिक वारदातों को अंजाम देता था। करीब 2 हफ्ते पूर्व महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात को इसने अंजाम दिया था। एसीपी रजनीश उपाध्यय ने बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस ने थाना साहिबाबाद पर पंजीकृत लूट के मुकदमे से संबंधित गिरफ्तार किया था। पुलिस अभियुक्त को शस्त्र बरामदगी के लिए बताए गए स्थान पर ले जा रही थी। तभी इस लुटेरे ने आगे-आगे चलकर घटना से संबंधित शस्त्र बरामद तमंचे को उठा लिया और एक दम से अ भाग खड़ा हुआ। पुलिस पार्टी द्वारा उसे रूकने को कहा गया परन्तु रूका नहीं और पुलिस पार्टी पर ज फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दांए पैर में गोली लगी जिसको घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। लुटेरा राजू निवासी नंदनगरी दिल्ली उम्र 40 वर्ष है। उस पर एनसीआर क्षेत्र में पूर्व से लूट व अन्य करीब एक दर्जन मुकदमे पंजीकृत है। उसके कब्जे से -4730/- रूपए लूट की घटना से संबंधित -1 तमंचा 315 बोर व 1 खोका कारतूस बरामद किए गए हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



- पुलिस हिरासत से कर रहा था भागने की कोशिश

## बैट बॉल खेलने के विवाद में युवक की हत्या करने वाले सात लोगों को उम्रकैद

**गाजियाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। बैट बॉल के खेल में हुए विवाद के बाद को युवक की हत्या करने वाले सात दोषियों को अदालत ने शुक्रवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 16-16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता सोमपाल सिंह ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के आलमनगर में रहने वाला किशन पाल अपने दोस्तों के साथ दिसम्बर 2007 में बैट बॉल खेल रहा था। इसी दौरान धनपत व अन्य लोगों के साथ उसका झगड़ा हो गया था। इसमें पुलिस ने शांति भंग करने की धाराओं में दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद 28 दिसम्बर 2007 को किशनपाल की गांव के कुछ लोगों ने छुरी, चाकू और लाठी डंडों से मारकर हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट परिवार के लोगों ने पुलिस में दर्ज कराते हुए धनपत, शेरा, कालू संतोष, हर प्यारी, सुंदर और सतीश समेत अन्य को नामजद कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने 22 फरवरी 2008 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। गुरुवार को मामले की अंतिम सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवकुमार तिवारी की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की ओर से 13 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर धनपत, शेरा, कालू, संतोष, हरप्यारी, सुंदर और सतीश को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 16-16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## 14 वर्षीय किशोरी घर से हुई लापता

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। बरौला में रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी अपने घर से कहीं लापता हो गई है। इसको लेकर किशोरी परिजनों ने सेक्टर 49 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सरस्वती सरदार ने बताया कि 15 मार्च से उनकी बेटी घर से कहीं चली गई है। उन लोगों ने अपनी बच्ची को सभी रिश्तेदारों और आसपास पता कर लिया। लेकिन उनकी बच्ची का कहीं पर भी पता नहीं चल पाया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

## दहेज के लिए ससुरालियों ने महिला से की मारपीट

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-62 में परिवार के साथ रहने वाली एक महिला ने अपने ससुरालियों पर दहेज के लिए उनके साथ मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मारपीट में महिला को गंभीर चोट आ गई है। इसको लेकर महिला के भाई ने सेक्टर-58 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कुलदीप यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बहन पूजा यादव की शादी 2021 में बब्लू यादव के साथ हुई थी। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के बाद से उनकी बहन के ससुराल वाले उस पर दहेज के लिए दबाव बनाने लगे। पीड़ित ने के मुताबिक आरोपी उनकी बहन से एक पांच लाख रुपये कीमत की कार की मांग करने लगे। जिसके लिए जब उनकी बहन ने इनकार कर दिया। तो इस दौरान उसके साथ आए दिन मारपीट और अभद्रता करने लगे। कुलदीप ने बताया कि 18 मार्च को आरोपियों ने उनकी बहन के साथ गंभीर रूप से मारपीट किया। जिसमें उनका एक पैर टूट गया है। गंभीर हालत में उनकी बहन का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में पीड़िता महिला के भाई की दी गई शिकायत पर पति बब्लू यादव, रामेश्री, अखिलेश यादव और शिवदेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर-20 के श्री हनुमान मंदिर में फाल्गुन मास एवं होली महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस की कथा में आचार्य विष्णुकांत पाराशर जी ने अपनी अमृतमयी वाणी में बताया कि भगवान ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में गोपियों के साथ रास-विहार किया। भगवान ने इस रास लीला के माध्यम से बताया कि कामदेव को अभिमान था। उसका अभिमान ये था कि मैं भगवान के अन्दर भी काम जागृत करूंगा पर भगवान ने गोपियों के साथ रासलीला करके अभिमान दूर किया। भगवान ने गंधर्व विवाह किया। कृष्ण-रुक्मिणी विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से कराया। और होली फाग मिलन महोत्सव के साथ-साथ महाराज श्री जी ने होली गायन करते हुए फूल होली महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। सभी उपस्थित जनों ने धूमधाम से फूलों की होली खेली।



उपस्थित जनों ने जमकर खेली फूलों की होली

कल अंतिम दिन कथा पूर्वाह्न 10.00 बजे शुरू होगी तथा हवन एवं व्यास पूजन के साथ ही कथा का समापन हो जाएगा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री हनुमान मंदिर समिति सेक्टर-20 के सहयोग से किया गया है। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने कथा व्यास जी एवं सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर सम्मान किया। कथा श्रवण के लिए कथा स्थल पर आयोजन समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, कथा संयोजक अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एसएमगुप्ता, अनंत वर्मा, पवन गोयल, राजकुमार गर्ग, मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, सुशीला शर्मा, रामपाल भाटी,सुधीर पोरवाल,गंगाराम यादव, संदीप पोरवाल, विनय गुप्ता, जीसी गुप्ता, रामनिवास बंसल सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

## पांच साल से फरार 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। थाना मुरादनगर पुलिस ने पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

एसीपी (क्राईम ब्रान्च) सचिदानन्द ने बताया कि आरोपी थ राहुल मिश्रा को गंगनहर पटरी थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। राहुल मिश्रा पिछले 5 वर्षों से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह बीए पास है। मूल रूप से लार, जनपद-देवरिया का रहने वाला है तथा कैलाश हॉस्पिटल सैक्टर 71 नोएडा मे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। उसनें नौकरी लगाने के नाम पर कुछ लोगो से धोखाधड़ी करके रूपए ले लिए थे जब उन लोगो ने दबाव डाला तो राहुल ने आदित्य पाण्डेय से भी धोखाधड़ी से रू0 12 लाख 50 हजार ले लिए और बताया कि बाद मे लौटा दूंगा परन्तु बार-बार रूपए वापस माँगने पर राहुल मिश्रा वादी आदित्य पाण्डेय को धमकी देकर बलैकमेल करने लगा और अपना मकान भी बदल दिया और फरार हो गया था।



उवाच

लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ वश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डों से विक्रय किया जा सकता है। अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण में रुकी हुई परियोजनाओं को गति देने का रास्ता हुआ साफ

- **प्राधिकरण ने अतिक्रमण से मुक्त कराई 1867 करोड़ की 500 एकड़ जमीन**
- **1740 व्यक्तियों को जारी किए गए हैं नोटिस, 138 के खिलाफ मामला दर्ज**

> अधिसूचित क्षेत्र में हुए अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। विगत तीन सालों में 500 एकड़ जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई जा चुकी है।
>
> डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में हुए अतिक्रमण की वजह से प्रभावित हो रहे विकास कार्यों और अधर में अटकी परियोजनाओं को रफ्तार देने के लिए प्राधिकरण विगत तीन सालों में 500 एकड़ से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त करा चुका है। इसकी बाजार कीमत 1867 करोड़ से अधिक आंकी गई है। इससे यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड और सेक्टरों के आंतरिक विकास कार्यों में अब बाधा नहीं आएगी। अतिक्रमण के मामले में जहां 1740 व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए, वहीं 138 के खिलाफ दर्ज कराई गई। अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अभी भी जारी है।

दरअसल यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से जेवर तक बनने वाली 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का काम अधर में लटका हुआ है। दयानतपुर व दनकौर समेत करीब 7 स्थानों पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था।

### 138 के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट

अधिसूचित क्षेत्र की जमीन पर अतिक्रमण के 582 मामले सामने आए थे। इनमें से 347 मामलों में संज्ञान लेते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी हैं। वहीं कुल वादों में 1740 व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए थे।

इसके अलावा यीडा सिटी, नोएडा एयरपोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी के आसपास, जनपद बुलंदशहर के झाझर, इनायतपुर, अलीगढ़ के टप्पल, डोरपुरी, खंडेहा, सिमरौठी, गौतमबुद्धनगर के दनकौर, जेवर बांगर, मथुरा के पॉनीगांव बांगर, मिरताना आदि स्थानों पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया था। इससे यीडा सिटी के सेक्टरों में सड़क, सीवर आदि काम प्रभावित हो रहे थे, साथ ही प्राधिकरण की आगामी परियोजनाओं पर भी प्रभाव पड़ रहा था। ऐसे में अतिक्रमण के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत विगत तीन सालों में लगभग 500 एकड़ जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई जा चुकी है। अलीगढ़ के टप्पल में कॉलोनाइजरों द्वारा अधिसूचित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग की जा रही थी। बता दें कि यमुना प्राधिकरण का क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा एवं आगरा तक फैला हुआ है। वर्तमान में नोएडा एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के अलावा कई अन्य बड़ी परियोजनाएं क्षेत्र में विकसित हो रही हैं। ऐसे में यीडा सिटी में जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। भूमाफियाओं की नजर इस क्षेत्र की जमीन पर टिक गई है।

## अवैध अड्डों से खरीदी गई शराब हो सकती है जहरीली

**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के सेवन से जन सामान्य को बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने लोगों को आह्वान किया है कि लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ वश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डों से विक्रय किया जा सकता है। अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध शराब पीने से बचें। अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों के यथा

- **अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अधिकारियों के मोबाइल नंबर किया जारी**
- **होली व लोकसभा चुनाव को लेकर आबकारी विभाग हुआ अलर्ट**

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरव चन्द 9454466423, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रवि जायसवाल 9454466424, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 डा0 शिखा ठाकुर 9454466425, आबाकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 अभिनव शाही 9454466426, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 चन्द्रशेखर सिंह 9454466427, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 नामवर सिंह 9454466428, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-7 आशीष पांडेय 9454466429 दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

## गांवों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ : इकपाल सिंह

**रबूपुरा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। सरकार द्वारा गांवों को यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने के बाद से ग्रामीण सरकारी योजनाओं से निरंतर वंचित होते जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, बिजली, सड़क, पेंशन आदि की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जोकि आम जानकी गले की सांस बन चुका है। उक्त बातें राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी इकपाल सिंह सिवाच ने गांव नगला शाहपुर में वीरेंद्र सिंह के आवास पर हुई बैठक के दौरान कहीं। इसके साथ ही उन्होंने रबूपुरा-जेवर मार्ग का निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, रजवाहे की साफ सफाई तथा गेहूं के क्रय केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि तहसील जेवर में खुलेआम भ्रष्टाचार चल रहा है। बगैर सुविधा शुल्क दिए किसानों का कोई भी कार्य नहीं होता है। उन्होंने उच्च अधिकारी से मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही संगठन की ओर से चेतावनी दी गई है समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर शाहिद मंजूर, रविंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, राजकुमार सिंह, मनवीर कुमार, बिजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अंतिम संस्कार की सामग्री को दबंगों ने नहर में फेंका

**दनकौर,** 22 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के बांजरपुर गांव में एक बच्चे के अंतिम संस्कार की सामग्री नहर में फेंकने के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए सामग्री को फेंक दिया था, पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बुधवार की रात गांव निवासी पप्पू के 8 वर्षीय पोते सिद्धांत की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसका गुरुवार की रात गांव के पास श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हो रहा था। उसी दौरान जमीन को अपनी बताते हुए मूलचंद शर्मा समेत दो अज्ञात आरोपियों ने परिवार के साथ गाली गलौज करते हुए सामग्री को नहर में फेंक दिया था। जिसके विरोध में पीड़ित परिवार ने खेरली नहर से ककोड़ को जाने वाले रास्ते पर जाम लगा दिया था। जिसके बाद में सूचना पर पहुंची दनकौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाकर। मृतक बच्चे का उसी जगह पर अंतिम संस्कार कराया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने दबंगई के चलते उनके साथ अभद्रता करते हुए अंतिम संस्कार की सामग्री को भी फेंक दिया है। जिसके चलते पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत का आधार पर मूलचंद शर्मा समेत दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफमकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि मामले की जांचकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- **बीमारी की वजह से आठ वर्षीय बच्चे की हुई थी मौत**
- **पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

## श्री राजपूत करणी सेना ने किया संगठन का विस्तार, जबर सिंह जिलाध्यक्ष नियुक्त



**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। गांव ठसराना में शुक्रवार को श्री राजपूत करणी सेना की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह उपस्थित रहे। सभा का संचालन गांव के प्रधान जगन सिंह भाटी द्वारा किया गया। जिसमें गांव ठसराना के जबर सिंह भाटी को गौतम बुद्ध नगर जनपद के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही जगन ठाकुर दनकौर को जिला उपाध्यक्ष, धर्मपाल सिंह को जेवर विधानसभा प्रभारी, दीपू ठाकुर गड़ाना को जिला उपाध्यक्ष, मनोज भाटी हुसैनपुर को सिकंदराबाद विधानसभा प्रभारी, प्रदीप तोमर, निवासी ग्राम दीनोल, खुर्जा को जिला उपाध्यक्ष बुलन्दशहर के पद पर नियुक्त किया गया। संगठन के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जबर सिंह भाटी ने नियुक्ति होने पर संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का धन्यवाद किया और संगठन के नेतृत्व में समाज और राष्ट्रहित में काम करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में सम्पूर्ण समाज से एकजुट होने का आह्वान किया और बताया कि क्षत्रिय समाज ने राष्ट्रहित में त्याग और बलिदान किए हैं भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में अहम योगदान दिया है इसलिए क्षत्रिय समाज के उत्थान के लिए सरकार को अलग से नीति और कानून बनाने की जरूरत है। मौके पर श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दलवीर शिशोदिया, जगन प्रधान, सतवीर सिंह प्रधान, जिला प्रभारी पवन चौहान कोंडली, वरिष्ठ समाज सेवी सुरेश शास्त्री, किरणपाल सिंह, पूरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरों ने दो फैक्ट्री से सामान किया साफ, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। ईकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र में स्थित दो अलग-अलग फैक्ट्री में चोरी का मामला सामने आया है। पिछले चार दिन में चोरों ने दोनों फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फैक्ट्री मालिकों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र में नोएडा के रहने वाले रामचंद्र और विकास त्यागी की फैक्ट्री है। फैक्ट्री मालिकों ने बताया कि पिछले चार दिन के अंदर चोरों ने दोनों फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर अल्युमिनियम और एलईडी समेत लाखों का सामान भर कर ले गए हैं। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। सीसीटीवी के माध्यम से चोरों का पता लगाकर दोनों घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

## होली मिलन समारोह में होली को बताया अहंकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक



**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। जहां पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में गीत-संगीत की धुन पर छात्रों और स्टॉफ ने जमकर डांस किया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। हमें केमिकल फ्री रंगों के साथ होली खेलनी चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता। यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए।

कहा कि होली अहंकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। समारोह में शामिल फैकल्टी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. परमानंद, रजिस्ट्रार विवेक गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के एचओडी और डीन मौजूद रहे।

## आईआईए ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों ने धूमधाम से मनाया होली का उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ग्रेटर नोएडा चौप्टर का होली मिलन समारोह रॉयल हैबिटेट सेंटर के प्रांगण में होली के रंग आपके संग उत्सव का अयोजन किया, जिसमें तीन सौ से अधिक गणमान्य व्यक्तियों, सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्योग से संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवम सभी प्रमुख मीडिया बंधुओं ने हर्षोल्लास के साथ चंदन टीका, होली टोपी, ऑर्गेनिक गुलाल एक दूसरे को पुष्प अर्पित करके उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में तेजपाल सिंह नागर, विधायक दादरी ने संक्षिप्त भाषण में सभी को होली की शुभकामनाएं दीं एवम बढ़ चढ़ कर वोट करने की अपील की। अन्य अतिथियों में सरजूराम शर्मा, जिला श्रम उपयुक्त, बी.के. सिंह, उपायुक्त कारखाना, आईआईए अध्यक्ष नीरज सिंघल, उपाध्यक्ष राजीव बंसल, डिविजनल चेयरमैन कुलदीप गोएल, एनपीसीएल से सारनाथ गांगुली, आईजीएल से अमित नांगिया आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में नोएडा चैप्टर से मनीष गुप्ता, रेखा, सिकंदराबाद चैप्टर से नितिन जैन व विकास शर्मा, ग्रेटर नोएडा चौप्टर से राजीव सूद, बी.आर. भाटी, राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, चेयरमैन राकेश बंसल, कोषाध्यक्ष विपिन माहना, सचिव सरबजीत सिंह, सर्वेश गुप्ता, जे.एस. राणा,एडी पाण्डेय सहित सभी आनंद के साथ होली उत्सव मनाया।



- **उत्सव में दादरी विधायक तेजपाल नागर हुए शामिल**

## महिलाओं के प्रजनन व यौन स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दे व चुनौतियां पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में महिलाओं के 'प्रजनन और यौन स्वास्थ्य प्रतिबिंब, मुद्दे और चुनौतियां' पर एक संगोष्ठी का आयोजन गलगोटिया विश्वविद्यालय में किया गया। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आईसीएसएसआर वित्त पोषित अनुसंधान परियोजना 'भारत में झुग्गी में रहने वाली महिलाओं के प्रजनन और यौन स्वास्थ्य का एक अध्ययन नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र का एक केस स्टडी' का एक हिस्सा है। इस पर विशेष गहनता से अध्ययन किया गया है। संगोष्ठी का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महिलाओं के प्रजनन और यौन स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना और चुनौतियों और संभावित समाधानों में अंतर्दृष्टि प्रदान करना था। संगोष्ठी में व्यावहारिक व्याख्यान, आकर्षक चर्चाएं और विशेषज्ञों और प्रतिभागियों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया गया। सहयोगात्मक प्रयासों और ज्ञान के आदान-प्रदान के माध्यम से, संगोष्ठी का उद्देश्य प्रजनन और यौन स्वास्थ्य के संबंध में एनसीआर क्षेत्र में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों की गहरी समझ को बढ़ावा देना है। संस्थान के सीई ध्रुव गलगोटिया और आराधना गलगोटिया, निदेशक संचालन के नेतृत्व में, संगोष्ठी ने महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करके सामाजिक न्याय की आकांक्षाओं में योगदान करने की मांग की। अतिथियों में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय में एसएचएसएएच की डीन प्रोफेसर डॉ. मंजू चुगानी, मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) राखी नागर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (एएडब्ल्यू) संगीता रानी शामिल थीं।



### उद्घोषणा 82 सी.आर.पी.सी

माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गौतमबुद्धनगर द्वारा मु०अ०सं० 02/24 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बीटा-2 वनाम 1. रवि नागर उर्फ रवि काना में अभि० रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिह उर्फ रवि काना पुत्र यतेन्द्र सिह ग्राम दादुपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर 2. कु0 काजल झा पुत्री सुनील कुमार नि०-न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी दिल्ली के लगातार फरार चलने के कारण 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी की गयी है। कि नियत दिनॉक 29.03.2024 तक मेरे समक्ष उपस्थित हो।

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01398, भूखण्ड संख्या-331, क्षेत्रफल 360 वर्ग मीटर सर्वश्री ओमवीर, उदयवीर पुत्रगण स्व० श्री मूलचन्द, श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी स्व० श्री मूलचन्द, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी स्व० श्री मूलचन्द की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री ओमवीर, उदयवीर पुत्रगण स्व० श्री मूलचन्द, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री ओमवीर, उदयवीर पुत्रगण स्व० श्री मूलचन्द, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


**देशबन्धु** (पत्र नहीं मित्र)

पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009


## मतदान बूथों का जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर ने किया निरीक्षण





**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन बूथों पर सभी सुविधाएं व कानून व्यवस्था मानकों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से मतदान के लिए बनाये गए बूथों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मिहिर भोज पीजी डिग्री कॉलेज दादरी एवं रामाज्ञया पब्लिक स्कूल जारचा रोड दादरी में पहुंचकर मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि आने वाले वोटरों को कोई समस्या न हो। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थलों से संबंधित थानाध्यक्ष एवं चौकी इचांर्ज को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथों के आसपास सभी कानून व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप बनाई रखी जाए।

ताकि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों एवं वोटरों को अपने बूथों पर आने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद पुलिस कमिश्नर एवं जिला मजिस्ट्रेट दादरी रोड पर बनाए गए पुलिस चेक पोस्ट पर पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर डीसीपी शाद मियां खान, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

- **बूथों पर मानकों के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं को रखने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

## राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती में रौनक नागर ने स्वर्ण व अजय भाटी ने रजत किया हासिल



**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 23 मार्च तक अयोध्या नंदिनी नगर में आयोजित हुई, जिसमें रौनक नगर ने 65 किलो फ्री स्टाइल भार वर्ग में स्वर्ण पदक व अजय भाटी ने 77 किलो गिर्को रोमन भार वर्ग में रजत पदक जीते। रंजीत पहलवान ने बताया कि रौनक नागर ने क्वार्टर फाइनल में जोया आजमगढ़ को 8-0 से बाइ फॉल चित किया और सेमीफाइनल में मुजफ्फरनगर की परी को 4-0 से बाइ फॉल चित किया और फाइनल में मथुरा की लक्ष्मी को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अजय भाटी ने फ्री क्वार्टर फाइनल में गोरखपुर के अभिषेक को 6-3 से हराया और क्वार्टर फाइनल में अभिनव मऊ को 12-7 से हराया और सेमीफाइनल में कृष्ण गाजीपुर को 9-2 से हराया और फाइनल में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष करण भूषण, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष सुरेश उपाध्याय और चतर सिंह गुरुजी, कोच रवि गुर्जर, सत्तन यादव, योगी भाटी, वनीष प्रधान, जयवीर पहलवान, ब्लॉक प्रमुख ईश्वर पहलवान, विजेंद्र भाटी, दीपक नागर, नवीन पहलवान, अंतरराष्ट्रीय राजेंद्र पहलवान, रविंद्र पहलवान, राजेश पहलवान, अमित भाटी, वोबू पहलवान आदि लोगों ने एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-घंघोला की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.एच.ए.एन.01265, भूखण्ड संख्या-321, क्षेत्रफल-530 वर्ग मीटर श्री रिछपाल पुत्र श्री बोदल, निवासी-ग्राम-घंघोला, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रिछपाल पुत्र श्री बोदल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री अजब सिंह पुत्र स्व० श्री रिछपाल, सर्वश्री मांगेराम, उदयपाल, उदयवीर पुत्रगण स्व० श्री रिछपाल, श्रीमती दया (विवाहित), श्रीमती भोला (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री रिछपाल, निवासी-ग्राम-घंघोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री अजब सिंह पुत्र स्व० श्री रिछपाल, निवासी-ग्राम-घंघोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री अजब सिंह पुत्र स्व० श्री रिछपाल, निवासी-ग्राम-घघोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्धनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-2-R-402, 4th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5 Greater Noida क्षेत्रफल-129.46 वर्ग मीटर, Mr. Waseem Mallick Khairwi S/o Shri Ishaq Mohammad & Mr. Faran Mallick S/o Shri Waseem Mallick Khairwi के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Waseen Mallick Khairwi की मृत्यु दिनांक-02.06.2021 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mr. Faran Mallick S/o Late Shri Waseem Mallick Khairwi) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकारण की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Waseem Mallick Khairwi के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आंवटी (Mr. Faran Mallick S/o Late Shri Waseem Mallick Khairwi) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


**देशबन्धु**

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

*पानी की कमी से निपटना हमारी सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिए जिसके लिए नीतिगत, सरकार के सभी स्तरों पर, नागरिकों से लेकर सामूहिक रूप से प्रत्येक घर के स्तर पर कार्रवाई की जरूरत है। इस कार्रवाई में इन पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। सबसे पहले, वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा देते हुए जल संरक्षण। दूसरा पानी के उपयोग के कौशल में सुधार करना और ज्यादा पानी लगने वाली फसलों को उगाने से दूर जाना या कम से कम उनके उत्पादन की विधि को बदलना।*

## सब्सिडी वाली बिजली बढ़ा रही है जल संकट



डॉ.अजीत रानाडे

गुजरात में रासायनिक प्रक्रिया में पानी का अत्यधिक उपयोग करने वाले एक कारखाने में पानी की भारी समस्या थी। यह गर्मियों की शुरुआत का समय था। औद्योगिक उपयोग के लिए सुनिश्चित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही थी। योग्य उपयोग और रीसाइकलिंग के बावजूद पानी की भारी कमी थी जिससे कारखाने के बंद होने का खतरा था। मैनेजर को करीब 1500 रुपये में 5000 लीटर की दर से खरीदकर टैंकर का पानी भरना पड़ा। वह और भी ऊंची बोली लगाने को तैयार था। उसे प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों की जरूरत थी। कारखाने में पानी की कमी होना पड़ोस के किसानों के लिए अच्छी खबर थी। अधिकांश किसानों के खेतों में बोरवेल थे। ये बोरवेल खेतों में उगा रहे उनकी फसलों के लिए पानी की आपूर्ति के लिए पर्याप्त थे। लेकिन कारखाने को पानी बेचना अधिक आकर्षक था। यह एक अच्छी स्थिति थी जिसके तहत कारखाने ने अपना लाभदायक उत्पादन जारी रखा और किसानों को पानी बेचने से अधिक पैसा मिला।

सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहली बात यह है कि सिर्फ कोई अधिक कीमत चुकाने को तैयार है तो इसका मतलब यह नहीं है कि भूजल को अंधाधुंध तरीके से खत्म किया जाए। निजी लाभ के लिए जल के सामाजिक नुकसान को ताक पर नहीं रखा जा सकता। दूसरे, औद्योगिक रासायनिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए खाद्य फसलों से पानी को मोड़ना निजी दृष्टिकोण से सही हो सकता है लेकिन सामाजिक रूप से बेहतर नहीं है। इस अर्थ में बोरवेल के निजी स्वामित्व के कारण किसानों को भूजल के अत्यधिक दोहन के असीमित अधिकार नहीं मिलते हैं। अत्यधिक सब्सिडी वाली बिजली किसी भी मामले में पानी की पंपिग को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाती है।

यह एक सच्ची कहानी है जो विभिन्न रूपों में हजारों तरह से घटित हो रही है। यदि अमीर देश के उपभोक्ता भारत के बासमती चावल के लिए अधिक कीमत देना चाहते हैं तो क्या हम चावल के अपने निर्यात को अंधाधुंध बढ़ा सकते हैं? अगर यह किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है तो आम तौर पर कृषि उत्पादन पर सभी निर्यात प्रतिबंधों में ढील दी जानी चाहिए लेकिन इस मामले में, यह पानी के निर्यात के बराबर है जिसकी भारत में भारी कमी है। पिछले साल भारत ने 2.2 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जिससे करीब 90,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा अर्जित हुई थी। लेकिन यह कम से कम 880खरब लीटर पानी के निर्यात की भी राशि थी। हमारे देश के लिए उस जल की कमी की लागत विदेशी मुद्रा में अर्जित की गई राशि से बहुत अधिक है। चीनी निर्यात का भी यही सच है। अपने डॉलर के लिए उच्चतम बोली लगाने वाले को अत्यधिक पानी लगने वाली फसलों को बेचने का तर्क, उद्योग द्वारा निजी बोरवेल से पानी खरीदने के समान है, वह पानी जो खेती के लिए है।

सिर्फ 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर नहीं बल्कि हमें हर दिन पानी की कमी पर विचार करने की आवश्यकता है। भारत में दुनिया की ताजे पानी की आपूर्ति का केवल 2 प्रतिशत है लेकिन विश्व की आबादी के 17 प्रतिशत लोग यहां रहते हैं। बेंगलुरु में कामकाज छोड़कर पानी की एक बाल्टी के लिए लंबी कतारों में खड़े होना लोगों की वर्तमान दुर्दशा की गंभीर याद दिलाता है। कुछ साल पहले हमने महाराष्ट्र के लातूर जिले तक पानी की ट्रेनें चलाई थीं। हरेक ट्रेन में 5 लाख लीटर पानी ले जाया गया था। इन ट्रेनों ने 100 से अधिक फेरियां की थीं। पानी की कमी के कारण थर्मल पावर प्लांट भी बंद हो गए क्योंकि ठंडा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं था। 2017 और 2021 के बीच इस बिजली कटौती का 8.2 टेरावाट घंटे ( एक टेरावाट-घंटा (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा की एक इकाई है जो 10 से 12 वाट-घंटे की शक्ति के बराबर होती है)। ऊर्जा या 15 लाख घरों को बिजली आपूर्ति के बराबर होने का अनुमान लगाया गया था। विश्व संसाधन संस्थान का कहना है कि खराब जल प्रबंधन के कारण भारत और चीन जैसे देशों में जीडीपी का नुकसान 7 से 12 प्रतिशत तक हो सकता है।

यदि किसी देश में प्रति व्यक्ति उपयोग करने योग्य 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी है तो उस देश को पानी की कमी वाला देश कहा जाता है। भारत में प्रति व्यक्ति उपयोग 1000 क्यूबिक मीटर से बहुत नीचे है। तुलनात्मक रूप से देखें तो संयुक्त राज्य अमेरिका में पानी का उपयोग प्रति व्यक्ति 8000 क्यूबिक मीटर से अधिक है। 1951 में भारत में प्रति व्यक्ति पानी का उपयोग 3000 क्यूबिक मीटर से अधिक था। तो स्पष्ट रूप से बढ़ती आबादी पानी के दबाव का एक कारण है।

**जनसंख्या के दबाव के अलावा पानी आपूर्ति के मौजूदा स्रोतों की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट भी एक महत्वपूर्ण घटक है। यह अपर्याप्त जल शुद्धिकरण या आर्सेनिक विषाक्तता जैसी घटनाओं के परिणामस्वरूप होता है। संसद में एक लिखित जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों के 230 जिलों में भूजल में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पाया गया। भूजल प्रदूषण एक गंभीर मामला है जो पानी की कमी की समस्या को और अधिक तीव्र बना देती है। इसके अलावा निजी कुंओं से भूजल का नासमझी भरा अतिदोहन इसे और अधिक भयावह बना देता है।**

जनसंख्या के दबाव के अलावा पानी आपूर्ति के मौजूदा स्रोतों की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट भी एक महत्वपूर्ण घटक है। यह अपर्याप्त जल शुद्धिकरण या आर्सेनिक विषाक्तता जैसी घटनाओं के परिणामस्वरूप होता है। संसद में एक लिखित जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों के 230 जिलों में भूजल में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पाया गया। भूजल प्रदूषण एक गंभीर मामला है जो पानी की कमी की समस्या को और अधिक तीव्र बना देती है। इसके अलावा निजी कुंओं से भूजल का नासमझी भरा अतिदोहन इसे और अधिक भयावह बना देता है। अधिक पैसा मिलने के आकर्षण के कारण औद्योगिक उपयोग के लिए बेचे जाने वाले पानी के उदाहरण से यह स्पष्ट है। सस्ती या मुफ्त बिजली से भूजल का अतिदोहन और बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि इसी वजह से थर्मल पावर प्लांटों को ठंडा करने के लिए पानी की कमी होती है जिसके कारण बिजली कटौती की समस्या भी खड़ी हो जाती है।

पानी की कमी से निपटना हमारी सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिए जिसके लिए नीतिगत, सरकार के सभी स्तरों पर, नागरिकों से लेकर सामूहिक रूप से प्रत्येक घर के स्तर पर कार्रवाई की जरूरत है। इस कार्रवाई में इन पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। सबसे पहले, वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा देते हुए जल संरक्षण। दूसरा पानी के उपयोग के कौशल में सुधार करना और ज्यादा पानी लगने वाली फसलों को उगाने से दूर जाना या कम से कम उनके उत्पादन की विधि को बदलना। तीसरा, पानी के पुन: उपयोग और रीसायकलिंग को प्रोत्साहित करना। पीने, खाना पकाने और स्नान को छोड़कर लगभग नब्बे प्रतिशत कामों में पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग किया जा सकता है। पुणे शहर में कई रीसाइकलिंग प्लांट शुरू किए गए हैं और नागरिक एक ऐप का उपयोग करके रीसाइकल्ड पानी के टैंकर मुफ्त में बुला सकते हैं। चौथे, हमें जल प्रबंधन के लिए एक व्यापक नीति और विनियमन की आवश्यकता है। क्या हम निजी भूमि पर असीमित भूजल दोहन की अनुमति दे सकते हैं? पांचवां, जल निकायों के उपयोग पर निगरानी का प्रबंध करने, पता लगाने, रिसाव को कम करने और रोकने या उपग्रह इमेजरी का उपयोग करने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने की शुरूआत करना है। इसमें जलाशयों और टैंकों का पुनरूद्धार भी शामिल है। सामाजिक संस्थाओं ने तमिलनाडु जैसे राज्यों में ऐसे उपक्रम किए हैं। छठवां कदम जन जागरुकता बढ़ाना है। सबसे आशाजनक तरीका है युवा स्कूली छात्रों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है? चाहे वह प्लास्टिक का उपयोग कम करना हो या पटाखे जलाना हो या पानी का संरक्षण करना हो। उनके माध्यम से यह किया जा सकता है। बालवाड़ी स्तर से शुरू करने पर बच्चों के बीच जल संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के व्यापक अभियान का लंबे समय में अधिकतम प्रभाव पड़ेगा। हाल ही में टाटा का एक विज्ञापन जिसमें बच्चों को नर्सरी राइम्स गाते हुए दिखाया गया था (जैक और जिल एक बाल्टी पानी लाने के लिए पहाड़ी पर गए थे, लेकिन वहां पानी नहीं था) जल संकट की जागरूकता की वकालात करने के लिए एक बहुत प्रभावी अभियान का एक उदाहरण था। विश्व जल दिवस पर अपने सबसे कीमती संसाधन के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराने के लिए यह हमारे लिए सबसे अच्छा अवसर है।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

### बीता सप्ताह

**16 मार्च**

- दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीआरएस नेता के. कविता को किया गिरफ्तार।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ाया।
- आस्ट्रेलिया के अनुभवी क्रिकेटर मैथ्यू वेड ने शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। नवनिर्मित चुनाव आयुक्त ज्ञानेश्वर कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कार्यभार संभाला।

**17 मार्च**

- भारत सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का किया ऐलान। सात चरणों में होंगे चुनाव।
- राशिद खान ने अफगान कप्तान द्वारा सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाजी का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा।
- अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस को मिला सीआईआई क्लाइमेट एक्शन सीएपी-200 पुरस्कार।
- सुप्रसिद्ध भजन गायिका अनुराधा बोडवाल भाजपा में शामिल हो गईं।

**18 मार्च**

- महादेव सट्टा एप मामले में छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित 21 के खिलाफ एफ आई आर दर्ज।
- चुनाव आयोग ने बॉन्ड के नए आंकड़े जारी किए जिसमें भाजपा ने 6986 करोड़ के चुनावी बॉन्ड कैश कराए।
- राष्ट्रीय स्वयं संवेक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने दत्तात्रेय होसबाले को पुन: तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया।
- वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस के दौरान 28 जूलाई के चुनाव में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार की।

**19 मार्च**

- डूंगरपुर मामले में वरिष्ठ सपा नेता आजम खान को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई।
- छत्तीसगढ़ में सेवानिवृत्त आईएएस नरेंन्द्र कुमार शुक्ला और रायपुर के आलोक चंद्रवंशी को आयुक्त पद पर नियुक्त किया गया।
- चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 21 मार्च तक सारी जानकारी साझा करने कहा।
- जमशेदपुर के पास सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।

**20 मार्च**

- सीट बंटवारे से नाखुश केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।
- आम आदमी पार्टी ते नेचा संजय सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।
- राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उप राज्यपाल डॉ. तमिलीसाई सोंदरराजग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई में सीएए पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।

**21 मार्च**

- लोकसभा की 102 सीट पर नामांकन शुरु हुआ। छत्तीसगढ़ की इकलौती बस्तर सीट शामिल।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया।
- छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नरेंद्र कुमार शुक्ला एवं आलोक चंद्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई।
- जापान के पश्चिमी तट पर माल वाहक जहाज पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई।

**22 मार्च**

- दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया।
- आयरलैंड के प्रधानमंत्री वराडकर ने अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया।
- पूर्व रियाल मैड्रिक को ब्राजील में सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए नौ साल की सजा हुई।
- इलेक्टोरल बांड से जुड़े महत्वपूर्ण डेटा को चुनाव आयोग ने आम जनता के सामने पेश किया।

## मोदी की गारंटी अभी अरबपतियों के लिए, शेष विकसित भारत-2047 का इंतजार करें

■ डॉ. ज्ञान पाठक

लोकसभा आम चुनाव-2024 की पूर्व संध्या पर, इस सप्ताह हमारे पास दो महत्वपूर्ण समाचार हैं – पहला, भारतीय दुनिया के सबसे दुखी लोगों में से हैं; और दूसरी बात, वायदा किये गये 'अच्छे दिन' केवल देश के शीर्ष 10प्रतिशत लोगों के लिए आये, जो 2022-23 में लगभग 3,758 रुपये प्रतिदिन की औसत आय के साथ राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत कमाने में सक्षम थे, लेकिन निचले 50 प्रतिशत लोग, जो केवल 15 प्रतिशत ही कमा पाये थे, उनकी औसत आय प्रतिदिन 198 रुपये से कम थी।

वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स के अनुसार, भारत ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स में 143 देशों में से 126वें स्थान पर है, जबकि वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी शासन के तहत भारत में असमानता उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे उभरता और विकसित होता हुआ भारत बताते हैं, और 2047 तक विकसित भारत की गारंटी दे रहे हैं, जिनमें उनको भी काफी कुछ मिलेगा जिन्हें अब तक नहीं मिला है।

वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब द्वारा प्रकाशित नितिन कुमार भारती, लुकासचांसल, थॉमस पिकेटी और अनमोल सोमांची द्वारा लिखित 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-23' उपशीर्षक 'द राइज़ ऑफ़ द बिलियनेयर राज' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच, शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन संकेंद्रण के संदर्भ में स्पष्ट हुई है।

रिपोर्ट में पाया गया कि 2022-23 में, मध्य 40 प्रतिशत लोगों की औसत आय केवल 165,273 रुपये प्रति वर्ष (27.3प्रतिशत) थी, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत (57.7प्रतिशत) के लिए यह 13,52,985 रुपये थी। शीर्ष 1 प्रतिशत के लिए 53,00,549 रुपये(22.6प्रतिशत)थी। निचले 50 प्रतिशत की औसत संपत्ति 1,73,184 रुपये (6.4प्रतिशत), मध्य 40फीसदी- 9,63,560 रुपये (28.6प्रतिशत), शीर्ष 10 प्रतिशत की औसत संपत्ति 87,70,132 रुपये (65 प्रतिशत) और शीर्ष 1 प्रतिशत की 5,41,41,525 रुपये (40.1 प्रतिशत) थी।

> **मोदी सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाज़ार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है।**

ऐसी असमानता कैसे पैदा हुई? रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं कि 'शुद्ध संपत्ति के नजरिये से देखने पर भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी हो सकती है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है।' इसलिए यह संभावना है कि हमारे परिणाम वास्तविक असमानता स्तरों की निचली सीमा का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम असमानता के अध्ययन को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक बहस को सक्षम करने के लिए आधिकारिक डेटा तक बेहतर पहुंच और अधिक पारदर्शिता का आह्वान करते हैं।'

रिपोर्ट में बताया गया है, 'कई पर्यवेक्षकों का मानना है कि अपने दो कार्यकालों के दौरान, इसने (मोदी शासन ने) निर्णय लेने की शक्ति के केंद्रीकरण के साथ-साथ बड़े व्यवसाय और सरकार के बीच बढ़ती सांठगांठ के साथ एक सत्तावादी सरकार का नेतृत्व किया है।'

यह एक गंभीर व्यापक आर्थिक तस्वीर भी पेश करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आधिकारिक आंकड़े मोदी के शासनकाल के दौरान धीमी आर्थिक वृद्धि का सुझाव देते हैं – आय की वास्तविक वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर 2015 और 2016 में 6फीसदी से गिरकर 2017 और 2018 में 4.7फीसदी और 4.2फीसदी हो गई और फिर नाटकीय रूप से 2019 में 1.6फीसदी गिर गई। यह सब कोविड-19 महामारी की चपेट में आने से पहले था और 2020 में आय में 9 फीसदी की गिरावट आई थी। 2021 में आधार-वर्ष प्रभाव था और 2022 में आय में 4.7फीसदी की वृद्धि हुई।... आधिकारिक आंकड़ों पर आधारित अनुमान बताते हैं कि बचत और निवेश दरें 2017-18 तक एक दशक से अधिक समय तक लगातार गिरती रहीं, निर्यात 2014-15 में गिरना शुरू हुआ और सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण और उद्योग की हिस्सेदारी 2013 और 2018 के बीच स्थिर रही।

'बेरोजगारी दर, विशेष रूप से युवाओं (15-29 वर्ष) के बीच, 2011-12 और 2017-18 के बीच काफी बढ़ गई। पिछले लगभग एक दशक से विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक मज़दूरी कमोबेश स्थिर रही है। आर्थिक मंदी में योगदान देने वाला एक अन्य संभावित कारक नवंबर 2016 में अर्थव्यवस्था को दिया गया कठोर 'नोटबंदी' झटका था, जब प्रचलन में लगभग 86फीसदी मुद्रा रातों-रात वैध मुद्रा नहीं रह गई थी। हालांकि इस कदम का उद्देश्य मुद्रा नोटों के रूप में संग्रहीत च्काले धनज्ज (बेहिसाब आय) से लड़ना था, लेकिन माना जाता है कि इससे अनौपचारिक क्षेत्र, छोटे-मध्यम व्यवसायों और गरीबों को काफी नुकसान हुआ है, अनुमानों के एक सेट से पता चलता है कि अल्पावधि जीडीपी में 2 प्रतिशत अंक की गिरावट आई।'

मोदी सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाज़ार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है।

असमानता की गतिशीलता के संदर्भ में, 2014-2023 के मोदी वर्षों को 3 चरणों में विभाजित किया जा सकता है: 2014-2017, 2018-2020, और 2021 से आगे। पहले चरण में, अर्थव्यवस्था मामूली तेजी से बढ़ रही थी और आय और धन असमानता दोनों में वृद्धि जारी रही। दूसरे चरण में, 2017-18 से 2020 तक, विकास काफी धीमा हो गया और फिर 2020 में गिर गया। इस दूसरे चरण में, हम शीर्ष 10 प्रति शत लोगों की आय और संपत्ति में 1-2 प्रतिशत अंक की गिरावट आई। इसकी सबसे अधिक संभावित व्याख्या असमानता की प्रति-चक्रीय प्रकृति है, यानी अमीरों को तेजी की अवधि से असमान रूप से लाभ होता है और मंदी के दौरान उन्हें असमान रूप से नुकसान होता है। यह सबसे संभावित स्पष्टीकरण प्रतीत होता है, विशेष रूप से यह देखते हुए कि हम इस चरण के दौरान आय और धन दोनों के लिए समान रुझान मिलते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय आय के हिस्से के रूप में सबसे अमीर भारतीयों की संपत्ति में भी 2018 और 2020 के बीच गिरावट आई है। ऐसे अन्य कारकों के बारे में सोचना मुश्किल है जो आय और धन दोनों के लिए इन रुझानों की व्याख्या करते हैं।

अंततः अंतिम चरण में, लॉक-डाउन हटाये जाने और कोविड-19 के आर्थिक प्रभाव समाप्त होने के बाद, हम पाते हैं कि शीर्ष लोगों की आय और सम्पत्ति-2021 और 2022 में अपने ऊंचे स्तर की ओर लौट आये हैं, जबकि निचले लोगों की हिस्सेदारी 2014 के स्तर पर वापस आ गई है। 2014-2022 के बीच आय और धन के विकास घटना वक्र की जांच करने पर, हम पाते हैं कि हाल के वर्षों में वास्तविक लाभार्थी सुपर-रिच, शीर्ष 1फीसदी प्रतीत होते हैं। यह विशेष रूप से शीर्ष पर धन संकेंद्रण के लिए सच है। यह राजनीतिक अर्थव्यवस्था के आकलन को कुछ समर्थन देता है जिसने हाल के वर्षों में भारत में आर्थिक प्रणाली को 'गुटीय पूंजीवाद' और 'कॉन्क्लेव अर्थव्यवस्था' के रूप में चित्रित किया है।

2022-23 तक, शीर्ष 1फीसदी लोगों की आय और धन हिस्सेदारी क्रमशः 22.6फीसदी और 40.1फीसदी पर अपने उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर थी जो दुनिया में सबसे अधिक है, यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक। रिपोर्ट में इस बात के अस्थायी सुबूत भी मिले हैं कि हाल के वर्षों में धन-से-आय अनुपात, धन वितरण के निचले सिरे पर 30फीसदी -40फीसदी तक कम हो सकता है, जबकि वितरण के शीर्ष पर 4600फीसदी से अधिक हो सकता है।

रिपोर्ट ने निष्कर्ष निकाला, 'हमारे बेंचमार्क अनुमानों के अनुसार, भारत के आधुनिक पूंजीपति वर्ग के नेतृत्व वाला अरबपति राज अब उपनिवेशवादी ताकतों के नेतृत्व वाले ब्रिटिश राज की तुलना में अधिक असमान है। असमानता के इतने उच्च स्तर से चिंतित होने का एक कारण यह है कि आय और धन की अत्यधिक संकेंद्रण से समाज और सरकार पर असंगत प्रभाव पड़ने की संभावना है। कमजोर लोकतांत्रिक संस्थानों के संदर्भ में तो यह और भी अधिक है। इस संबंध में उत्तर-औपनिवेशिक देशों के बीच एक रोल मॉडल होने के बाद, हाल के वर्षों में भारत में विभिन्न प्रमुख संस्थानों की अखंडता से समझौता किया गया प्रतीत होता है। इससे भारत के धनतंत्र की ओर खिसकने की संभावना और भी अधिक वास्तविक हो जाती है।'

## आसुरी शक्ति के मिटने का वक्त आ गया?

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद 17 मार्च को मुंबई के शिवजी पार्क में कांग्रेस पार्टी की रैली हुई। रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और तेजस्वी यादव जैसे तमाम विपक्ष के नेता एकजुट हुए। राहुल गांधी की यात्रा और देश की सियासत पर बारी-बारी से सबने बात रखी। ऐसे समय में जब विपक्षी नेताओं और लोगों पर सत्ता का बुलडोजर चल रहा है, देश राहुल गांधी की तरफ देख रहा है। जब लोकतंत्र और संविधान की सारी संस्थाएं एक-एक करके ढहाई जा रही हैं, ऐसे में सड़क का संघर्ष ही 'भारत के विचार' की रक्षा कर सकता है। जैसे आज़ादी के आंदोलन में गांधी, नेहरू, पटेल और अंबेडकर के साथ सड़क पर एकजुट होकर लोगों ने अंग्रेजी सत्ता का मुकाबला किया था, वैसे आज राहुल गांधी की दोनों यात्राओं में लोग निर्भय होकर साथ बढ़ चले। इन यात्राओं ने नफरत और डर से खामोश लबों को अन्याय और अत्याचार की आपबीती कहने-बोलने के लिए प्रेरित किया। राहुल गांधी की खासियत यह है कि वे गांधी परिवार से नेता बने, फिर नेता से लोगों की उम्मीद बने।

राहुल गांधी सच की बेखौफ आवाज हैं। शिवजी पार्क की रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की असलियत से पर्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि- मोदी सिर्फ एक मुखौटा हैं। महज एक एक्टर हैं। असली शक्ति कहीं और है जो मोदी को संचालित कर रही है। मोदी तो कठपुतली हैं। उस शक्ति के हाथ में मोदी की बागडोर है। यह शक्ति पूंजी की सत्ता है। यह सत्ता अंबानी और अडानी की है। मोदी की जान ईडी, सीबीआई और ईवीएम में है। लेकिन यह ईडी और सीबीआई किसके लिए काम कर रहे हैं? केवल मोदी और बीजेपी के लिए नहीं बल्कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसी का इस्तेमाल अडानी के लिए हो रहा है। सड़क, सुरक्षा, बिजली के संयंत्र से लेकर के कोयले की खदान, रेलवे, एयरपोर्ट और बंदरगाह; सब कुछ अडानी के कब्जे में जा रहे हैं। पूंजी का संकेंद्रण एक-दो हाथों में हो रहा है। ऐसे ही पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया मोदी सरकार माफ कर देती है। लेकिन किसानों की कर्जमाफी और एमएसपी के लिए सरकार की दलील है कि उसके पास पैसा नहीं है। 5 ट्रिलियन इकॉनामी और विकसित भारत का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली में असमर्थ क्यों है? देश के नौजवानों के लिए फैलोशिप और नौकरियों के लिए सरकार के पास पैसा क्यों नहीं है? क्या मोदी नौजवानों को अंबानी-अडानी के लिए सस्ते मजदूर बनाना चाहते हैं? और तो और सेना में नौजवानों को अग्निवीर बनाकर चार-पांच साल बाद रिटायर करने की योजना है। क्या अग्निवीर जैसी योजना सरकारी खर्चे पर ट्रेनिंग देकर और रिटायर करके नौजवानों को पूंजीपतियों को सस्ते सुरक्षा गार्ड मुहैया कराना है? दुनिया के सबसे बड़े नौजवान देश के लिए नौजवानों को सामाजिक सुरक्षा हासिल नहीं है। ऐसे में देश किसी 'अनरेस्ट' की तरफ बढ़ सकता है। लेकिन आगे का काम मोदी और आरएसएस की जिम्मेदारी पर है। नौजवान विद्रोह ना करें, इसलिए उनकी आंखों में 'सब कुछ चंगासी' वाली छवियां लगातार झोंकते रहना जरूरी है। इन छवियों को प्रसारित करने का काम मीडिया के जिम्मे है। मीडिया उसी पूंजीवादी सत्ता द्वारा संचालित है। नौजवानों को धर्म की अफीम चटाकर और छद्म राष्ट्रवाद का नश्तर देकर उनकी चेतना को सुन्न करने का काम लगातार मीडिया द्वारा किया जाता है ताकि नौजवान अपनी बदहाली और बेरोजगारी को अपनी नियति और देश के लिए कुर्बानी समझकर खामोश बैठे रहें।



प्रो. रविकांत

> **राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं।**

राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया। 18 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि 'उसकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां -बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।' मोदी जब ये बात कह रहे थे तो क्या उनके जेहन में मणिपुर की मां-बेटियां नहीं थीं, जिन्हें नंगा करके सरेआम घुमाया गया था और सामूहिक बलात्कार करके कत्ल कर दिया गया था? क्या मोदी हरियाणा की उन महिला पहलवानों को भूल गए थे जिनका यौन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद आज भी उनकी पार्टी में सुशोभित है? नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वाले बयान को कांग्रेस और अन्य प्रतिपक्ष ने पूरी तरह से बेपर्दा कर दिया। लेकिन राहुल गांधी ने जिस गंभीर मुद्दे की तरफ इशारा किया था वह मोदी के धर्म के आवरण में कहीं खो गया। असल में, राहुल गांधी ने अपनी दूसरी यात्रा में न्याय शब्द और उसकी अवधारणा को केंद्र में रखा था। वे लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय बहाल करने की बात कर रहे थे। जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, अन्याय और अत्याचार बढ़ा है। दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ अपमान और अत्याचार की घटनाएं लगातार जारी हैं। अल्पसंख्यक समाज तो रोजी रोजगार ही नहीं जिंदगी के लिए भी डर में जी रहा है। गरीबों, मजदूरों और किसानों पर आर्थिक अन्याय बढ़ा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। आज किसान सड़क पर आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सरकार किसानों की एमएसपी की मांग को मानने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि पूंजीवादी शक्ति किसानों को समृद्ध होते हुए नहीं देखना चाहती। पूंजीवादी सत्ता किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। इसी शक्ति के इशारे पर किसानों पर लाठियां और आंसू गैस के गोले बरसाए जाते हैं। सड़कों पर कीलें ठोक दी जाती हैं। क्या लोकतंत्र में कोई सरकार इतनी निर्मम हो सकती है? यही आसुरी शक्ति है जो निरीह लोगों का रक्त और बलि मांगती है। लोगों पर जितना जुल्म बढ़ेगा आसुरी शक्ति उतनी ही प्रसन्न होगी। नरेंद्र मोदी इस शक्ति के लिए लगातार किसानों, मणिपुर के लोगों, महिला पहलवानों, दलित और आदिवासियों के हकों- अधिकारों की बलि दे रहे हैं। मिथकों में लिखा है कि आसुरी शक्ति जितना मजलूमों का रक्त चूसती है, वह उतनी ही ताकतवर होती जाती है। फिर अन्याय और अत्याचार और बढ़ता है। लेकिन जब पाप का घड़ा भर जाता है तो आसुरी शक्ति का मिट जाना भी तय हो जाता है। लोकतंत्र में पूंजीवाद की जो आसुरी शक्ति है, क्या उसके मिटने का समय आ गया है?

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा पहुंचा 32 हजार

**गाजा,** 22 मार्च (एजेंसियां)। गाजा में इजराइल के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31,988 हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि इजराइली सैनिकों ने 24 घंटे में 64 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया है। इस दौरान 92 लोग जख्मी हुए हैं। जब से इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुआ, तब से मरने वालों का आंकड़ा 31,988 तक पहुंच चुका है और 74,2023 लोग घायल हुए हैं।



# गाजा पर यूएनएससी के दूसरे प्रस्ताव पर हो सकता है मतदान : डी रिवियेर

**संयुक्त राष्ट्र,** 22 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांसीसी राजदूत निकोलस डी रिवियेर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले एक मसौदा प्रस्ताव पर शुक्रवार को एक और मतदान हो सकता है अगर अमेरिकी मसौदा को नहीं

- मसौदे में रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई
- रूस अमेरिकी मसौदे की वर्तमान शब्दावली से संतुष्ट नहीं

अपनाया जाता है। फिलहाल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो मसौदा प्रस्ताव हैं - एक अमेरिकी मसौदा और एक सुरक्षा परिषद के दस गैर-स्थायी सदस्यों का मसौदा।सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्यों के मसौदे में रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है, जिससे स्थायी युद्धविराम हो सकता है।इस बीच, अमेरिकी मसौदे में युद्धविराम की सीधी मांग नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा परिषद तत्काल एवं स्थायी संघर्षविराम की तत्काल आवश्यकता महसूस करती है और शेष



बंधकों की रिहाई के साथ युद्धविराम की प्राप्ति के लिए चल रहे अंतरराष्ट्रीय राजनयिक प्रयासों का स्पष्ट रूप से समर्थन करती है।डी रिविएर ने संवाददाताओं से कहा कि हम संभवत: अमेरिकी मसौदे पर शुक्रवार सुबह मतदान करेंगे। और फिर दो विकल्प हैं - या तो अमेरिकी मसौदे को अपनाया जाए और अगर उसे नहीं अपनाया जाता है, तो निर्वाचित सदस्यों के मसौदे पर मतदान किया जाएगा और मुझे उम्मीद है कि इसे अपनाया जाएगा।फ्रांसीसी राजदूत की टिप्पणी के बाद, संयुक्त राष्ट्र में रूस के पहले उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पॉलींस्की ने पत्रकारों को स्पष्ट रूप से कहा कि रूस अमेरिकी मसौदे की वर्तमान शब्दावली से संतुष्ट नहीं है।

## इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक में 6 फिलिस्तीनियों को मार डाला

**रामल्लाह।** इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक के कई शहरों में छह फिलीस्तीनियों को मार डाला। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को तुल्कर्म शहर में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की छापेमारी के दौरान हुई



झड़प में छह फिलिस्तीनियों में से चार की मौत हो गई। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, उनमें से दो लोगों की मौत इजरायली सैनिकों की फायरिंग और अन्य दो की मौत ड्रोन हमले में हुई।फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि इजरायली सेना ने सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को तुल्कर्म शहर और शरणार्थी शिविर पर धावा बोल दिया और सख्त घेराबंदी कर दी।

## इंडोनेशियाई तट पर नाव डूबने से 50 से अधिक शरणार्थी लापता

**जकार्ता,** 22 मार्च (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी तट पर इस सप्ताह करीब

**एक जीवित बचे व्यक्ति से जानकारी मिली कि नाव पर कथित तौर पर 142 लोग सवार थे : फैसल रहमान**

150 लोगों को ले जा रही नाव के डूबने के बाद 50 से अधिक शरणार्थी लापता हो गए हैं। एक अधिकारी ने स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया के आचे प्रांत की बांदा आचे खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख इब्नू हैरिस अल हुसैन ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि कुल 75 शरणार्थियों को बचा लिया गया है, लेकिन 50 से अधिक अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

हुसैन ने बताया कि उनकी एजेंसी ने गुरुवार को लगभग 22 किमी दूर तट से 69 शरणार्थियों को ढूंढकर बचाया। उन्होंने बताया कि सभी शरणार्थियों को देश के आव्रजन विभाग में भेज दिया गया था और वर्तमान में वे वेस्ट आचे रीजेंसी में शरण ले रहे हैं।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के एक सुरक्षा सहयोगी फैसल रहमान ने बताया कि उन्हें एक जीवित बचे व्यक्ति से जानकारी मिली कि नाव पर कथित तौर पर 142 लोग सवार थे।

## इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में शुक्रवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। देश के जियोफिजिक्स एजेंसी ने ये बात कही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जकार्ता समय के अनुसार सुबह 11.22 बजे समुद्र के नीचे भूकंप आया। इसका केंद्र तुबन रीजेंसी से 132 किमी उत्तर पूर्व में और 10 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। भूकंप के झटकों से समुद्र में बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह देश है जो ज्वालामुखी और भूकंप की एक टेक्टॉनिक बेल्ट, पैसेफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित है। यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 23 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ - आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन - दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कर्क - आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। धन खर्च होगा।

सिंह - आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। पिता या बुजुर्गों से लाभ प्राप्त होगा।

कन्या - शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा।

तुला - गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे।

वृश्चिक - आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

धनु - आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। नौकरी- धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे।

मकर - आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे।

कुंभ - प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा। उत्तम वस्त्र, आभूषण और वाहन प्राप्ति का योग है।

मीन - दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## लंदन में यूके-चाइना बिजनेस फोरम-2024 आयोजित

**बीजिंग,** 22 मार्च (एजेंसियां)। यूके-चाइना बिजनेस काउंसिल के तत्वावधान में यूके-चाइना बिजनेस फोरम-2024 हाल ही में यूके के लंदन में आयोजित हुआ, जिसमें चीनी और ब्रिटिश दोनों उद्यमों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने सहयोग की प्रचुर संभावनाओं को रेखांकित करते हुए चीन की अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और गतिशीलता पर प्रकाश डाला। पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारियों को बढ़ावा देने और विकासात्मक अवसरों का लाभ उठाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रतिनिधियों ने सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक



■ चीनी व ब्रिटिश दोनों उद्यमों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने लिया भाग

समर्पण व्यक्त किया। ब्रिटेन में चीनी राजदूत चेंगत्सेक्वांग ने एक मुख्य भाषण दिया, जिसमें चीन-ब्रिटेन आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में निहित महत्वपूर्ण क्षमता पर जोर दिया गया।

## नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो विदेशी गिरफ्तार

**नोम पेन्ह,** 22 मार्च (एजेंसियां)। कंबोडिया ने अवैध मादक पदार्थ रखने और तस्करी करने के आरोप में दो विदेशियों के एक गिरोह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 670 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया है। देश के मादक द्रव्य निरोधक विभाग (एडीपी) ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार गहन जांच के बाद मंगलवार को यहां दो कॉन्डो पर छापेमारी के दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा गया। दक्षिण पूर्व एशियाई देश में नशीली दवाओं के तस्कर के लिए मौत की सजा का प्रावधान नहीं है।

## रक्त सुरक्षा के लिए एनएटी अनिवार्य बनाने पर जोर

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। रक्त शुद्धता और सुरक्षा के लिए रक्त जांच प्रक्रिया न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग (एनएटी) पर जोर देते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा है कि इससे सार्वजनिक स्तर पर स्वास्थ्य सुरक्षा का परिवेश बनाने में मदद मिलेगी और संबंधित बीमारियों का समय पर उपचार हो सकेगा।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 100/2023-2024 दिनांक 08.03.2024

ii) निविदा संख्या 15235294 08.04.2024 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नया दस्तावेज़ संलग्न किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 909/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## तिब्बत ने पहली बार दक्षिण-पूर्व तटीय क्षेत्रों में डिजिटल अर्थव्यवस्था निवेश संवर्धन किया शुरू

**बीजिंग,** 22 मार्च (एजेंसियां)। तिब्बत स्वायत्त प्रदेश डेटा उद्योग निवेश संवर्धन सम्मेलन हाल ही में दक्षिण चीन के क्वांगतोंग प्रांत के शनचन शहर में आयोजित हुआ। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि तिब्बत देश के दक्षिण-पूर्वी तटीय क्षेत्र में स्थित डिजिटल अर्थव्यवस्था क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके उद्घाटन समारोह में 300 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों और कॉर्पोरेट अधिकारियों के साथ देश भर की 170 से अधिक डेटा उद्योग से संबंधित कंपनियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए, तिब्बत स्वायत्त प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख क्वो श्यांग ने तिब्बत की अद्वितीय प्राकृतिक संपदा को रेखांकित किया, जिसमें जलविद्युत, पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच के साथ-साथ कम तापमान, कम ऑक्सीजन, कम सल्फर और कम आर्द्रता वाले वातावरण की प्रचुरता शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी विशेषताएं तिब्बत को डेटा उद्योग के विकास के लिए लाभप्रद स्थिति में रखती हैं। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि हाल के वर्षों में, तिब्बत ने गहरे, बड़े पैमाने पर और हरित डेटा विकास रणनीति का पालन करते हुए 5जी नेटवर्क, बिग डेटा केंद्र और क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की स्थापना में तेजी लाई है।

## अमेरिका का यूक्रेन से रूस की तेल सुविधाओं पर हमले रोकने का आग्रह

**वाशिंगटन,** 22 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका ने वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल और जवाबी कार्रवाई भड़कने की चिंताओं के बीच यूक्रेन से रूस के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोकने का आग्रह किया है। द फाइनेंशियल टाइम्स अखबार ने शुक्रवार को इस मामले के जानकार सूत्रों का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। अखबार ने बताया कि अमेरिका ने यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा और देश के सैन्य खुफिया निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों को यूक्रेन द्वारा पश्चिमी रूस में तेल रिफाइनरियों, टर्मिनलों और डिपो को निशाना बनाकर किए गए घातक ड्रोन हमलों को लेकर लगातार चेतावनी देता रहा है।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | सोम, बुध, शुक्र | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | शनि सोम, बुध, गुरु | 27.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | रवि, मंगल, गुरु, शुक्र | 28.03.24 तक | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 23 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | शनि, सोम, गुरू | 30.03.24 तक | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | रवि, मंगल, शुक्र | 31.03.24 तक | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | मंगलवार | 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04498 | पलवल | 21:30 | मथुरा जं. | 23:00 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04497 | मथुरा जं. | 23:20 | पलवल | 01:00 | प्रतिदिन | | |
| 09457 | साबरमती | 08:00 | छपरा जं. | 16:00 | शनिवार | 23.03.2024 | सामान्य |
| 09458 | छपरा जं. | 20:00 | अहमदाबाद | 04:00 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04015 | गोरखपुर जं. | 16:00 | नई दिल्ली | 05:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04018 | नई दिल्ली | 20:15 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04017 | गोरखपुर जं. | 12:00 | नई दिल्ली | 01:30 | रविवार | 24.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

**हिसार में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने तथा कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज करवाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता एवं जिला संयोजक बजरंग गर्ग के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का पुतला जलाया गया। श्री गर्ग ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए लोकतंत्र की हत्या करने में लगी हुई है।

## भाजपा सरकार कर रही देश के लोकतांत्रित मूल्यों की हत्या : माहरा



■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 22 मार्च (देशबन्धु)। शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, इलेक्टोरल बॉन्ड, कांग्रेस के चार खाते सीज किए जाने आदि मामलों को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने विपक्षी दलों के नेताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। करन माहरा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार चुनाव से ठीक पहले विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रही है। जो कि सीधे तौर पर देश के लोकतांत्रित मूल्यों की हत्या है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से प्रताड़ित कर रही है। आज देश के हालात भारत की छवि को खराब करने जैसे हो गए हैं। देश को अच्छे लोकतंत्र के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करना केंद्र की नियति बन गई है। माहरा ने कहा कि चुनाव के मैदान में सबको समान मौका मिलना चाहिए, लेकिन ठीक चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन को लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। बीते रोज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बीते रोज दिल्ली के सीएम को गिरफ्तार किया गया। उससे पहले संजय सिंह, चिदंबरम जैसे कई विपक्षी दलों के नेताओं पर इस तरह की कार्रवाई की गई। अब चुनाव में केंद्र सरकार के कहने पर केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से नोटिस भेजे जा रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि 7 साल पुराने केस में कांग्रेस को इनकम टैक्स की ओर से प्रताड़ित किया जा रहा है। चुनाव के दौरान कांग्रेस के चार खातों को सीज कर दिया गया है। कांग्रेस के नेताओं से एयर टिकट की जानकारी अभी मांगी जा रही है। हर तरीके से लोकतंत्र की हत्या ईडी और सीबीआई के माध्यम से कराई जा रही है। करना माहरा ने कहा कि कांग्रेस का 199 करोड़ रुपए का खर्चा साल 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था, लेकिन 14 लाख 40 हजार की रिटर्न भरने में 30 से 40 दिनों की देरी हो गई। उसके बदले में 106 प्रतिशत पेनल्टी लगा दी गई, जो करीब 210 करोड़ की पेनल्टी बैठती है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में इस तरह का कृत्य पहली बार देखा जा रहा है। विपक्ष के खिलाफ की जा रही दमनात्मक कार्रवाई को काले दिनों के रूप में जाना जाएगा।

> देश को अच्छे लोकतंत्र के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करना केंद्र की नियति बन गई है: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा

### केजरीवाल मामले में त्रिवेन्द्र बोले, तथ्य मिलने के बाद हुई गिरफ्तारी



**हरिद्वार।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बयान दिया है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह जांच का मामला है। उनके खिलाफ ईडी को कई तथ्य मिले हैं, इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले भी अपराध करने वालों को जेल भेजने का कार्य किया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी के विरोध पर उन्होंने कहा कि जब ईडी ने आठ बार केजरीवाल का नोटिस भेजा, तब वो ईडी के सामने क्यों पेश नहीं हुए।

## पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने हरिद्वार लोकसभा सीट से किया ऑनलाइन नामांकन

**वर्तमान सांसद रमेश पोखरियाल निंशक व विधायक मदन कौशिक रहे मौजूद**

**हरिद्वार,** 22 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज शुक्रवार 22 मार्च हरिद्वार जिला भाजपा कार्यालय से ऑनलाइन नामांकन किया। इस दौरान त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ पूर्व सीएम और हरिद्वार से वर्तमान बीजेपी सांसद रमेश पोखरियाल निशंक और विधायक मदन कौशिक समेत बीजेपी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तीन दिन पहले ही उन्हें पीएम मोदी का अचानक फोन आया था। फोन पर पीएम मोदी ने हरिद्वार को जनता को राम-राम कहा है।



त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को सरकार करने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि, 26 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत ऑफलाइन नामांकन भी करेंगे। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि, ऑनलाइन नामाकंन के कई लाभ है, इससे एक तो भीड़ नहीं जुटती है। अकसर नामाकंन के दौरान भीड़ के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि उन्हें तीन दिन पहले ही पीएम मोदी का अचानक फोन आया था। पीएम मोदी ने उनसे हरिद्वार लोकसभा को लेकर चर्चा की। पीएम मोदी ने त्रिवेंद्र सिंह से कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में हरिद्वार लोकसभा सीट बीजेपी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

त्रिवेंद्र सिंह रावत बताया कि पीएम मोदी ने उनसे कहा कि हरिद्वार लोकसभा सीट को जिम्मेदारी उन पर है। त्रिवेंद्र ने कहा कि उन्होंने भी पीएम मोदी की भरोसा दिया है कि वो इस बार रिकॉर्ड तोड़ मतों से हरिद्वार सीट जीतकर उनकी झोली में डालेंगे। हरिद्वार की जनता उनके और बीजेपी के साथ है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें हरिद्वार की जनता को राम-राम कहने को कहा है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को सरकार करने के लिए यह कदम उठाया है : त्रिवेंद्र सिंह रावत

**सार संक्षेप**

### थमने का नाम नहीं ले रहा उथल पुथल का दौर

**शिमला।** हिमाचल की सियासत में जारी उथल पुथल का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। सियासी उथल पुथल के दौर के बीच शुक्रवार को हिमाचल विधान सभा से 3 निर्दलीय विधायकों होशयार सिंह, केएल ठाकुर व आशीष शर्मा ने त्याग पत्र दे दिया। तीनों निर्दलीय विधायक करीब 2 बजे ब से शिमला पहुंचे। चार्टड प्लेन से शिमला पहुंचे तीनों निर्दलीय विधायक सीआरपीएफ की सुरक्षा घेरे में विधान सभा पहुंचे। विधान सभा पहुंचने पर इन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मुलाकात की। मुलाकात के बाद तीन निर्दलीय विधायक सीधे विधान सभा सचिव के कार्यालय में त्याग पत्र देने पहुंचे।

बतौर निर्दलीय विधायक सदन की सदस्यता से त्याग पत्र देने के बाद तीनों निर्दलीय विधायक प्रदेश राजभवन पहुंचे। सुरक्षा घेरे में राजभवन पहुंच कर इन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें सदन से त्याग पत्र देने बारे अवगत करवाया। इसके बाद निर्दलीय विधायक होशयार सिंह, केएल ठाकुर व आशीष शर्मा विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात करने उनके आवास पर पहुंचे। माना जा रहा है कि विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात के दौरान निर्दलीयों ने उन्हें अपने त्याग पत्र बारे अवगत करवाया। साथ ही सदन में सहयोग के लिए उनका आभार भी जताया। निर्दलीय विधायकों के विधान सभा पहुंचने से पहले ही भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता वहां मौजूद थे। निर्दलीयों के पहुंचने से पहले ही विधान सभा परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं की मौजूदगी से साफ प्रतीत हो रहा था कि कुछ घटित होने वाला है। लिहाजा परिसर में मौजूद विधान सभा के कर्मचारी व अधिकारी भी इस मंजर को देखने के लिए उत्सुक थे।

### अकीदतमंदो ने अदा की रमजान के दूसरे जुमे की नमाज



**रुड़की।** मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर व आसपास क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। पुलिस प्रशासन की पूरी सतर्कता के साथ ही नगर निगम द्वारा भी साफ-सफाई की व्यवस्था नगर की जामा मस्जिद सहित अन्य स्थानों पर बेहतर ढंग से की गई। जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा काराई। रोजेदारों को अपने खिताब में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने कहा कि नमाज और रोजा हर मुसलमान पर फर्ज है,इसी के साथ-साथ जकात की अदाएगी भी रमजान में ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए।मौलाना अजहरुल हक ने तालीम पर खास तौर से जोर देते हुए मुसलमान को इससे जुड़ने का आह्वान किया। वहीं समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति से निजात दिलाने के लिए नई पीढ़ी को शिक्षित बनाना जरूरी है।इस मौके पर कारी मोहम्मद कलीम, मौलाना इशाक, कारी एहतेशाम अली, इंजीनियर मुजीब मलिक, डॉक्टर नैयर काजमी, हाजी लुकमान कुरैशी,अफजल मंगलौरी,हाजी नौशाद अली,हाजी सलीम खान,जावेद अख्तर एडवोकेट, कुंवर जावेद इकबाल, मोहम्मद शाहिद खान, इमरान देशभक्त,सलमान फरीदी, सैयद नफीसुल हसन, हाजी तनवीर कुरैशी,अता उर रहमान अंसारी, तारिक खान, रियाज कुरैशी,डाक्टर मोहम्मद मतीन, जुल्फिकार अली, राशिद अरशद व मास्टर शमशुद्दीन, तंजीम निजामी आदि ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की।

## नोटों के दम पर सत्ता हथियाना चाहती है भाजपा : सुक्खू

**शिमला,** 22 मार्च (देशबन्धु)। सियासी संकट से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भाजपा नोटों के दम पर सत्ता हथियाने का प्रयास कर रही है। सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के साफ हो गया है कि इस मामले में भाजपा ने नोटों का दम दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन तीन विधायकों ने आज विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया, वह सभी निर्दलीय हैं और उनका मुख्यमंत्री से कोई सीधा संबंध नहीं हैं। ऐसे में उनके त्यागपत्र से कई सवाल पैदा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने त्यागपत्र क्यों दिया, यह जांच का विषय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विधायकों को हजारों लोगों ने अपना मत देकर चुना है और उन्हें जनता की भावना के अनुरूप कार्य करना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायक हेलीकॉप्टर से सीआरपीएफ के मजबूत सुरक्षा घेरे में शिमला आए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा इन विधायकों पर किया जा रहा धन-बल का प्रयोग ठीक नहीं है और ये जनता की भावना से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है और कांग्रेस इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन विधायकों ने कुछ गलत किया है, इसलिए इन्होंने इस्तीफा दिया। ऐसा नहीं है तो फिर भाजपा के विधायक क्यों त्यागपत्र नहीं दे रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में हर हथकंडा अपना रही है। इसी कड़ी में भाजपा की केंद्र सरकार ने कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्रवाई सही नहीं है।

**कांग्रेस ने खाली हुई मंगलौर और बद्रीनाथ सीट पर चुनाव कराने की मांग**

## प्रतिनिधिमंडल ने की सीईओ से मुलाकात

**देहरादून,** 22 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रतिनिधमंडल ने शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवी आरसी पुरषोत्तम से मुलाकात की। मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने बताया कि स्व. सरवत करीम अंसारी जो की 33-मंगलौर विधानसभा क्षेत्र से 5वीं उत्तराखंड विधान सभा के लिए विधायक चुने गए थे उनके चुनाव को क़ाज़ी निजामुद्दीन द्वारा उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिसे शरबत करीम अंसारी के इंतकाल के बाद वापस लेने की एप्लीकेशन नवंबर महीने में ही डाल दी गई थी। दसौनी ने बताया कि उस पर उच्च न्यायालय का आदेश बीते रोज जारी कर दिया गया जिसमे याचिका वापस लेने की बात स्वीकार कर ली गई है।



दसौनी ने बताया की चूंकि सरवत करीम अंसारी का निधन 30 अक्टूबर 2023 को हो चुका है, उनके निधन के परिणामस्वरूप, आर.पी. अधिनियम, 1951 की धारा 150 के अनुसार एक आकस्मिक रिक्ति उत्पन्न हुई, जिसे धारा 151-ए के अनुसार 6 महीने के भीतर यानी 30 अप्रैल, 2024 के भीतर भरा जाना आवश्यक है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से निवेदन किया कि मंगलौर और बद्रीनाथ निर्वाचन क्षेत्र के लिए जल्द से जल्द उपचुनाव कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि 30 अप्रैल 2024 को स्वर्गीय सरबत करीम अंसारी के इंतकाल हुए 6 महीने का समय पूरा हो जाएगा। इस निर्वाचन क्षेत्र जिसका 30 अक्टूबर 2023 से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, को उत्तराखंड विधानसभा में अपना निर्वाचित प्रतिनिधि दिलवाने का कष्ट करें। प्रतिनिधि मंडल में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महामंत्री प्रशासन महेंद्र सिंह नेगी, राजनीतिक व मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट शामिल रहे।

## प्रखर समाजसेवी सुशीला बहुगुणा का हुआ निधन

**श्रीनगर,** 22 मार्च (देशबन्धु)। प्रखर समाजसेवी और अपर गढ़वाल की प्रथम महिला संपादक सुशीला बहुगुणा का 97 वर्ष की सुदीर्घ आयु में देहावसान हो गया है। कुछ समय दिल्ली में अस्वस्थ रहने के बाद उन्होंने अपनी 7 दशक पुरानी कर्मस्थली नंदप्रयाग में 21 मार्च 2024 को सुबह 8.15 बजे अंतिम सांस ली।



दोपहर को बड़ी संख्या में उपस्थित परिजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की उपस्थिति में अलकनंदा और नंदाकिनी के पावन संगम पर पुत्र समीर बहुगुणा ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इसी के साथ सामाजिक सेवा के एक युग को उपस्थित लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। 16 मार्च 1927 को थराली के निकटवर्ती गांव देवलग्वाड़ के प्रतिष्ठित उच्च ब्राह्मण परिवार में जन्मीं सुशीला की शिक्षा लैंसडाउन में हुई। विवाह प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी तथा पत्रकार राम प्रसाद बहुगुणा से सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीयता की भावना से परिपूर्ण गढ़केसरी अनुसूया प्रसाद बहुगुणा के परिवारी पति-पत्नी चाहते तो अपने पारम्परिक व्यवसाय में जुट कर सुख-समृद्धि का जीवन बिताते। लेकिन रामप्रसाद जी देश की आजादी की लड़ाई और समाजसेवा में स्वयं को समर्पित कर चुके थे तो सुशीला देवी जी ने भी परिवार की जिम्मेदारियों को सम्हालते हुए उसी में स्वयं को समर्पित कर दिया। पति के इस मिशन में साथ निबाहते उन्होंने सामाजिक सरोकारों के लिये जूझने को अपनी नियति बना लिया। घोर अभावों के बीच भी वे समाजसेवियों को चाय व भोजन की व्यवस्था में जुटी रहतीं. इसके साथ ही सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में महिलाएं सशक्त भूमिकाओं में उतरें, इसके लिए भी वे आजीवन प्रयासरत रहीं।

## हिमाचल और केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी : जयराम ठाकुर

**शिमला,** 22 मार्च (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर हिमाचल और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने का दावा किया है। और साथ ही हिमाचल कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और सरकार में हास्यास्पद स्थिति बन गई है। सरकार में पिछले 15 महीनों से रुठने-मनाने का दौर जारी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हाल ही में मंडी से चुनाव लड़ने के लिए मना किया था। लेकिन आज ऐसी जानकारी है कि उन्हें मना लिया गया है और वह चुनाव लड़ने को राजी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने कांग्रेस को चुना था लेकिन ये सरकार भ्रष्टतम और बदले की भावना से काम करने वाली सरकार है।

### आप वापस आ जाओ, आपको बहाल कर देंगे'

जयराम ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस के 6 बागियों और 3 निर्दलीय विधायकों को कांग्रेस के 3 मंत्री लगातार फोन कर रहे हैं और वापस लौटने के लिए प्रलोभन दे रहे हैं। कांग्रेस के इन मंत्रियों का कहना है कि आप वापस आ जाओ, आपको बहाल कर देंगे। उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने के प्रलोभन दे रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार कुछ विधायकों के घर तोड़ने के नोटिस दे रही है। इसके अलावा लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर के घर की सड़क को भी बंद किया जा चुका है।

## पत्नी पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

**देहरादून,** 22 मार्च (देशबन्धु)। पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति को उसकी पत्नी द्वारा ब्लैकमेल कर लाखों रूपए मांगने का मामला प्रकास में आया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी उससे पहले भी दो बार विवाह कर चुकी है और इसी तरह ब्लैकमेल किए जाने की मामले में एक बार जेल की हवा भी खा चुकी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कारगी क्षेत्र निवासी पंकज सिंह ने पटेल नगर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 22 अप्रैल 2022 को अंकिता यादव (निवासी सदर बाजार शाहजहांपुर) के साथ हुई थी। पंकज सिंह ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद 15 दिनों तक तो अंकिता यादव ससुराल में ही रही, लेकिन उसके बाद झगड़ा करके कीमती सामान और गहने लेकर मायके चली गई। पंकज सिंह का आरोप है कि वो अपनी पत्नी को मनाने के लिए कई बार उसके मायके भी गया, लेकिन वो आने को तैयार ही नही हैं। अब उसकी पत्नी न तो उसके साथ रहना चाहती है और न ही उसे तलाक दे रही है। आरोप है कि अंकिता ने अपने पति पंकज सिंह से अलग होने के लिए आठ लाख रुपए मांगे हैं, साथ ही धमकी दी है कि यदि वो आठ लाख रुपए नहीं देता है तो वो उसे मारपीट और दहेज के झूठे मुकदमें में फंसा देगी।पंकज सिंह ने अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि उसे पता चला है कि उसकी पत्नी अंकिता यादव और उसका परिवार इसी तरह लोगों को ब्लैकमेल कर रकम हड़पने का काम करते हैं।

> शिकायत के बाद पुलिस कर रही मामले की जांच

## क्या देश के कानून से ऊपर हैं केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/शिमला,** 22 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि अरविंद केजरीवाल को जांच एजेंसियों ने 9 बार समन भेजा पर वह जांच में शामिल नहीं हुए। क्या वे खुद को देश के कानून से ऊपर समझते हैं? वह करोड़ों रुपए का घोटाला करते हैं और रोज सदा सदाचार पर मीडिया में बाइट देते हैं। क्या वे अपने घर में बैठकर संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और विजय नायर जैसे भ्रष्टाचारियों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटते रहेंगे? अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस द्वारा अरविंद केजरीवाल को समर्थन दिए जाने के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता को आज इनकी असलियत मालूम हो चुकी है।

**आस्था** 10 मई को बाबा केदारनाथ और 12 मई को बद्रीविशाल के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन को खुलेंगे

## रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिले में तैनात डाक्टरों की चारधाम यात्रा में नहीं लगेगी ड्यूटी

**देहरादून,** 22 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड चारधाम यात्रा 10 मई को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही शुरू हो जाएगी। हालांकि, खास बात यह है कि 10 मई को ही बाबा केदारनाथ धाम और 12 मई को बदरी विशाल के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन को खुलेंगे। चारधाम यात्रा की तैयारी में संबंधित विभाग जुटे हुए हैं। मुख्य रूप से यात्रा के दौरान तमाम विभागों की अहम भूमिका होती है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग भी अहम भूमिका निभाता है। चारधाम यात्रा मार्गों पर अन्य राज्यों के इच्छुक डॉक्टर्स भी सेवाएं दे सके, इसके लिए स्वास्थ्य सचिव ने अन्य राज्यों को पत्र लिखा है।



चारधाम यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु धामों के दर्शन करने आते हैं। ऐसे में इन सभी श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग तमाम व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने में जुटा है। ऐसे में इस सीजन चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने कई बड़े निर्णय लिए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा सके। जिसके तहत उत्तराखंड स्वास्थ्य सचिव ने अन्य राज्यों को पत्र लिखा है कि जो डॉक्टर्स (राजकीय मेडिकल कॉलेज के साथ निजी संस्थाओं के डॉक्टर स्वयंसेवी के रूप में चारधाम यात्रा मार्गों पर अपनी सेवा देने का आग्रह किया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने इस बार चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों में तैनात सरकारी डॉक्टर की तैनाती चारधाम यात्रा पर नहीं करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिले में तैनात डॉक्टरों की तैनाती चारधाम यात्रा मार्गों पर नहीं की जाएगी। ताकि, राजकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जनता को मिल सके। एसएमएस स्वास्थ्य विभाग में निर्णय लिया है कि चार धाम यात्रा मार्गों पर अन्य 10 जिलों में तैनात राजकीय डॉक्टर के साथ ही राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की तैनाती चारधाम यात्रा मार्गों पर की जाएगी।

> ■ लाखों की संख्या में श्रद्धालु धामों के दर्शन करने आते हैं

स्वास्थ्य सचिव राजेश कुमार ने कहा कि पहली बार स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि अन्य राज्यों के डॉक्टर भी स्वयंसेवक के रूप में चारधाम यात्रा मार्गों पर अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके लिए राज्यों को पत्र लिखा गया है। साथ ही चारधाम यात्रा से संबंधित जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं बाधित न हो इसके लिए अन्य जिलों के डॉक्टर की तैनाती चारधाम यात्रा मार्गों पर की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले बदरीनाथ धाम में 50 बेड और केदारनाथ धाम में 18 बेड का अस्पताल शुरू हो जाएगा।

# प्रादेशिकी

## नकदी मोबाइल चोरी करने में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। गंगा घाट से नकदी मोबाइल चोरी करनें में फरार आरोपी को पुलिस नें लगभग चार महीने बाद गिरफ्तार कर लिया। विदित है कि 27 नवम्बर 2023 को थाना कादरी गेट के मोहल्ला बढ़पुर बैरिस्टर वाली गली निवासी सचिन कटियार की पत्नी प्रीति कटियार गंगा नहाने पांचाल घाट परिवार के साथ गई थी। जहां से उनका नकदी का पर्स और मोबाइल गायब कर दिया गया था। पुलिस नें घटना के अगले दिन 28 नवम्बर को सचिन कटियार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर महिला पूजा पत्नी सरवन व कांति पत्नी रामचन्द्र निवासी ओग को गिरफ्तार भी कर लिया था। उनके पास से पुलिस नें दो महिला पर्स, पीली धातु की चेन, दो चाबी, एक विक्स की डिब्बी, एक भूरे रंग का छोटा पर्स बरामद की थी लेकिन पुलिस को मोबाइल नही मिला था।

# लोकसभा चुनाव में हार की हताशा से तानाशाही पर उतरी केंद्र सरकार : कांग्रेस

■ गठबंधन दल के लोगों को प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि भाजपा सरकार हार की हताशा में प्रतिपक्षी दलों से प्रतिशोध ले रही है। इंडिया गठबंधन दल की बुनियाद बनते ही भाजपा को इस बात का आभास हो गया था कि देश के संसाधनों की लूट और प्रजातंत्र को बचाने के लिए प्रतिपक्षी दलों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन बना गया है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि इस गठबंधन दल के लोगों को प्रताड़ित करके इंडिया गठबंधन में जाने से रोका जाए या ईडी/सीबीआई/आईटी के माध्यम से इन दलों के नेताओं का मनोबल तोड़ा जाए। अजय राय ने कहा कि शुक्रवार को अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजा जाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि जो इंडिया के गठबंधन दल में शामिल होगा और जो मोदी के आगे नहीं झुकेगा उसे जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि



केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं का मनोबल तोड़ने की हो रही है साजिश : अजय राय, उप्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ भी यही दुर्व्यवहार किया गया था। उन्होंने भी झुकने से इंकार किया था तो उन्हें भी जेल भेज दिया गया। तानाशाह मोदी सरकार ने पहले शिवसेना को ईडी/सीबीआई की मदद से तोड़ा, फिर एनसीपी, उसके पहले नितीश कुमार की जनता दल को तोड़ा और जो भाजपा के साथ मिल गये जैसे हेमन्त विश्वशर्मा, शुभेन्दु अधिकारी, अजीत पवार, भावना गवली, यामिनी जाधव, हसन मुन्सरिफ, इनको ईडी/सीबीआई के शिकंजे से छोड़ दिया गया। राय ने बताया कि आजाद भारत के इतिहास का सबसे बड़ा इलेक्टोरल बांड घोटाला करने वाली भाजपा और मोदी सरकार को किसी पर आरोप लगाने का कोई नैतिक आधार नहीं बनता। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन जनता की अदालत में लड़ाई लड़ेंगे और देश की जनता से आग्रह करेंगे कि तानाशाह और भ्रष्ट भाजपा सरकार को वोट की चोट से सबक सिखाकर सत्ता से बाहर करे और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में पुनः प्रजातंत्र की स्थापना करे।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पूरी तरह से असवैधानिक : कांग्रेस

**झांसी।** दिल्ली के शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत वीरांगना नगरी झांसी में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने इंडिया समूह के दलों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। महानगर के चर्चित इलाइट चौराहे पर बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा चुनाव में झांसी-ललितपुर सीट से कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को पूरी तरह से असवैधानिक बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। जैन ने कहा देश में तानाशाही चल रही है जिस तरह से एक यशस्वी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दुर्व्यवहार किया गया और उनको गिरफ्तार किया गया, यह बिल्कुल असवैधानिक है। यह सरकार गुंडागर्दी कर रही है।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 28 मार्च को

**मेरठ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मार्च 2024 की मासिक बैठक जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28 मार्च 2024 को (दिन बृहस्पतिवार दोपहर-12.00 बजे) जिला सैनिक कल्याण एवॅ पुनर्वास कार्यालय मेरठ के मीटिंग हाल में आयोजित की जाएगी।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद मेरठ के पूर्व सैनिकों शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों को सूचित करते हुये बताया कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक-26 मार्च 2024 तक अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय की मेल पर या कार्यालय में हस्तगत करा दे। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिन भूतपूर्व सैनिको की प्रशासन से जमीन व पुलिस सम्बन्धित समस्यायें है वे बैठक में आने की कृप्या करें। दिनांक 28 मार्च 2024 को कार्यालय में पब्लिक डिलिंग नहीं की जाएगी, केवल बैठक से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्र पर ही विचार किया जाएगा।

## गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करे कार्य: ईशा दुहन

**मेरठ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। शुक्रवार को अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि., की अध्यक्षता में शक्ति भवन, लखनऊ से विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आहुत हुई। वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुई बैठक में प्रबन्ध निदेशक, ईशा दुहन ने बिजनेस प्लान के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य, आईडीएफ प्रकरणों को समाप्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने बिजनेस प्लान के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्रों का निर्माण का कार्य फीडर विभक्तीकरण का कार्य, विद्युत कटौती को कम करने हेतु 33/11 उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि का कार्य तथा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत उपभोक्ताओं को 24ग7 गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक जिले में कराये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने बैठक में निर्देश दिये कि बिजनेस प्लान के अन्तर्गत समस्त कार्य 31 मार्च 2024 तक गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ हर हाल में पूर्ण कर लिये जायें। प्रबन्ध निदेशक ने कहा दोशपूर्ण (आईडीएफ) मीटर की रीडिंग ज्ञात कर, जांच करने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा मीटर दोशपूर्ण होने पर उपभोक्ता को मीटर यूनिट आधारित बिल उपलब्ध नही हो पाता है।



■ वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर उर्जा विभाग की समीक्षा

■ उपभोक्ता को सही बिल, सही समय पर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

उपभोक्ता को सही बिल, सही समय पर उपलब्ध कराया जाए जिससे कि उपभोक्ता समय पर अपना बिल जमा करा सके। बैठक में एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एसके गर्ग अधीक्षण अभियन्ता (सामग्री प्रबन्धक), राजीव कुमार अग्रवाल अधीक्षण अभियन्ता (भण्डार) आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### स्प्रिंग डेल्स स्कूल में मना ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह



**मवाना।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (मदर विंग) में किंडर गार्डन के नन्हे मुन्ने बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी और मुख्य अतिथि पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक, प्राचार्या डॉ. शक्ति साहनी, अनुराग दुबलिश, आदेश अग्रवाल ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। प्री नर्सरी व नर्सरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने विहान, काशवी एंड ग्रुप ने छोटा बच्चा जान के हमको, गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देकर अपनी मनमोहक अदाओं व मुस्कान द्वारा सबको बरबस अपनी ओर आकर्षित किया।

### तमंचे सहित एक गिरफ्तार

**किठौर।** एसएसपी के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बीती रात खंद्रावली तिराहा स्ट्रीट लाइट के पास से कायस्थ बड्ढा निवासी इमरान पुत्र मुंशी को एक तमंचा व जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इमरान के विरुद्ध किठौर व मवाना थाने में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

### डॉक्टर देवेंद्र कुमार को मिला पेटेंट

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर देवेंद्र कुमार सूक्ष्म शैवाल पर अनुसंधान कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रुप से उपयोग में आने वाले सूक्ष्म शैवाल अपने आप में एक लघु ऊर्जा का बिजलीघर है, क्योंकि इसमें कई वर्णक पाए जाते है जिनकी एंटीऑक्सीडेंड एक्टिविटी बहुत ज्यादा है।


**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री असमा से परिवार सहित समस्त प्रकार के सम्बंध समाप्त कर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में असमा द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेन देन एवं वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**-मौ.अलताफ पुत्र रहीम मुल्ला निवासी-53 घंटे वाली गली, समर गार्डन कालोनी, थाना लिसाड़ी गेट मेरठ।**

**सूचना**

मै अपने पुत्र परमजीत सिंह व पुत्रवधू रचना को इनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किए कोई भी गलत कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होंगे।
**-लल्लू सिंह पुत्र शोराज सिंह , ग्राम बहादुरपुर जिला मेरठ।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शाहबाज से परिवार सहित समस्त प्रकार के सम्बंध समाप्त कर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेन देन एवं वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**-मौ. शहजाद पुत्र मौ. यामीन निवासी म.नं.-42/अ, दक्षिणी इस्लामाबाद, थाना लिसाड़ी गेट मेरठ।**


## अखिलेश के अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार

### मेघालय में अखिलेश का हुआ था अपहरण

**लखनऊ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी मैकेनिक एवं सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल मुक्त करा लिया गया है। इसके बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण करके 50 लाख की फिरौती मांगी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया। मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों अपहरणकर्ता पुल निर्माण कंपनी से अखिलेश की रिहाई के बदले 50 लाख रुपए वसूलना चाहते थे।

# जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

## विद्या नॉलेज पार्क में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**मेरठ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में एक अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और समर्थन को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर वन विभाग के विभागीय वन अधिकारी राजेश कुमार, प्रो.वीसी. प्रोफेसर वाई विमला एवं जगरूक नागरिक संघ के महासचिव गिरीश शुक्ला आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि वन विभाग के विभागीय वन अधिकारी राजेश कुमार ने अपने विचार और दिशानिर्देशों के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व को बताया और छात्रों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्थान के चेयरमैन प्रदीप कुमार जैन, निदेशक डा. राजीव चेची, डा.अनीता कोटपाल, विभागाध्यक्ष कुलदीप कुमार एवं दीपा शर्मा उपस्थित रही। समारोह में प्रमुख अतिथियों के साथ छात्रों को बधाई दी। छात्रों ने अपनी उपलब्धियों के लिए प्रशंसा पाई। इस सफल कार्यक्रम के लिए डॉ राजीव चेची ने सभी छात्र एवं छात्राओं बधाई दी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रशांत चौहान, द्वितीय स्थान यशी सिंघल, तथा तृतीय स्थान पर आयुषी गुप्ता विजेता रही। वीडियो प्रस्तुति में प्रथम स्थान सागर, द्वितीय हिमांशु तथा तृतीय स्थान पर शिवांशी रही, स्टोरी मेंकिंग में प्रथम स्थान कनिष्का सिंघल, द्वितीय स्थान पायल तथा तृतीय स्थान पर मनीष रहे। नुक्कड़ नाटक में प्रतीक और उनकी टीम विजेता रही। इस कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह और श्रुति गर्ग द्वारा किया गया था। छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए अपना सहयोग दिया। स्काउटिंग के लिए विजया और शिखा, फोटोग्राफी के लिए सागर, अभय, अभिषंत, तकनीकी के लिए आशीष, पॉवर मनीष चौहान ने अपना योगदान रहा।

## अंबेडकर शोभायात्रा निकालने की अनुमति मांगी

**मवाना,** 22 मार्च (देशबन्धु)। अनुसूचित समाज की एक बैठक 17 मार्च को अंबेडकर पार्क मवाना में की गई थी, जिसमें अनुसूचित समाज के अनेक लोगों ने हिस्सा लिया था। उस बैठक में 14 अप्रैल 2024 को अंबेडकर जयंती पर मवाना नगर में निकाली जाने वाली अंबेडकर शोभायात्रा के बारे में चर्चा की गई। उसमें समाज ने सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई समिति का गठन किया। नई कमेटी ने शुक्रवार को एसडीएम को दिये ज्ञापन में कहा कि अनुसूचित समाज की नई गठित कमेटी को अंबेडकर शोभा यात्रा निकाले जाने की अनुमति दी जाए। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया कि अनुसूचित समाज ने नई समिति का गठन करते हुए सुनीत कुमार (कोकी) को आगामी निकाली जाने वाली अंबेडकर शोभायात्रा का अध्यक्ष मनोनीत किया था। अब पूर्व समिति ने अंबेडकर शोभायात्रा में अवरोध पैदा करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी को शोभायात्रा निकालने के लिए आवेदन दिया है, जिससे अनुसूचित समाज में गलत संदेश जा रहा है।

# अमेठी में चार गांधी हार चुके हैं चुनाव

## नसबंदी की आंधी में हार गए थे संजय गांधी

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 22 मार्च (देशबन्धु)। अमेठी में अबतक चार गांधी चुनाव हार चुके हैं। दो गांधी चुनाव हारने के बाद से अमेठी लौटे नहीं है। लेकिन संजय गांधी चुनाव हारने के बाद अमेठी के सांसद चुने गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी 1977 में अमेठी से पहला चुनाव लड़ें थे। लेकिन नसबंदी की आंधी में संजय गांधी पहला चुनाव हार गए थे। संजय गांधी को चुनाव हराने वाले जनता पार्टी के रवींद्र प्रताप सिंह थे। अमेठी में संजय गांधी, मेनका गांधी, राजमोहन गांधी और राहुल गांधी चुनाव हार चुके हैं। संजय गांधी, मेनका गांधी और राजमोहन गांधी पहला चुनाव हारे थे। लेकिन राहुल गांधी अमेठी में तीन बार सांसद चुने जाने के बाद चौथा चुनाव हारे थे। राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा है। लेकिन स्मृति ईरानी 2019 के चुनाव में हराकर राहुल गांधी को वापस भेज चुकी है। इंदिरा गांधी के नशबंदी की आंधी में संजय गांधी 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए थे। इनके सामने जनता पार्टी के रवींद्र प्रताप सिंह थे। लेकिन संजय गांधी पहला चुनाव हार गए थे। इसके बाद 1980 के लोकसभा चुनाव में अमेठी के सांसद चुने गए थे। 1984 के लोकसभा चुनाव में एक ही आंगन के दो गांधी आमने-सामने थे। इस चुनाव में इंदिरा गांधी के बड़े बेटे राजीव गांधी और छोटी बहू मेनका गांधी आमने-सामने हो गए थे। लेकिन जेठ के आगे मेनका गांधी चुनाव हार गई थी। तभी से मेनका गांधी अमेठी लौटी नहीं है। अमेठी में चुनाव हारने वाले तीसरे गांधी महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी थे। 1984 के चुनाव में स्व राजीव गांधी और मेनका गांधी के आमने-सामने होने के बाद 1989 के चुनाव में एक बार फिर दो गांधी आमने-सामने हो गए थे। इस चुनाव में राजीव गांधी के सामने जनता दल से राजमोहन गांधी थे। लेकिन राजीव गांधी के सामने राजमोहन गांधी चुनाव हार गए थे। अमेठी में चुनाव हारने वाले चौथे गांधी राहुल गांधी थे। राहुल गांधी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार चुके हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव शुरू हो चुका है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में तीसरी बार भाजपा की उम्मीदवार बनाई गई है। वे चुनाव प्रचार में जुटी है। लेकिन कांग्रेस अबतक अमेठी में उम्मीदवार का ऐलान नहीं कर पाई है।

## आलू भंडारण की दरें निर्धारित

**मेरठ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि शासन के पत्र 17.02.2010 के अनुपालन में उप्र कोल्ड स्टोरेज विनियमन (संशोधन) अधिनियम 1997 के नियम-29 (3) में दी गयी व्यवस्था के क्रम में शीतगृह स्वामियों तथा आलू उत्पादक किसानों के साथ दिनांक 16.03.2024 को आयोजित बैठक में दोनो पक्षों के मध्य हुये विचार-विमर्श के उपरान्त शीतगृह संचालन पर होने वाले व्यय तथा कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुये वर्ष 2024-25 अवधि हेतु आलू भण्डारण प्रभार की युक्तियुक्त परामर्शी दरें निर्धारित कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि सादा आलू हेतु 250.00 रुपए प्रति कुन्तल तथा सीआईपीसी उपचारित आलू हेतु 270.00 प्रति कुंतल निर्धारित की गई है।

## विनायक विद्यापीठ में मनाया गया होली महोत्सव

**मेरठ,** 22 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व पर आज विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में साइंस विभाग द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या, निदेशक (एकेडमिक) रुद्रा ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस डॉ. अनुप्रीता शर्मा द्वारा सरस्वती मां के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, टीपीओ प्रवीन शर्मा, साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. आसिफ अली, आरजू चौधरी, सृष्टि नलवा, शिखा मालिक, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष दीपिका शर्मा, सहायक प्रोफेसर विमलेश, नेहा चौधरी, अनपूर्णा, स्वाति त्यागी, दीप्ति चौधरी, रंजीत सिंह, अजय तिवारी, मलय शर्मा, नीतू, आकृति, मानसी, के अलावा अन्य विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। महोत्सव में छात्र-छात्राओं में बड़ा उत्साह दिखाई दिया, बीएससी गृह विज्ञान विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया, जिसमे चाट, गुजिया, गोल गप्पे, टिक्की, नारियल के लड्डू आदि रहे। महोत्सव में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें सभी विभाग की टीमों ने प्रतिभाग कर अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें बीपीईएस विभाग की टीम ने कुल 26 सेकंड में मटकी फोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. अनुप्रीता शर्मा एवं इंजी विकास कुमार ने विजयी टीम को 1100 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम और सद्भावना से होली का पर्व प्राकृतिक रंग एवं गुलाल से मनाने और पानी का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया। अंत में छात्र-छात्राओं ने होली के गानों पर डांस किया और गृह विज्ञान विभाग द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

■ रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे पर थिरके छात्र

**आयोजन** | बीएसए कार्यालय में स्वीप गैलरी व सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन

# मतदान के लिए प्रेरित कर प्रतिशत बढ़ने में करें सहयोग : आशा चौधरी

**मेरठ, 22 मार्च (देशबन्धु)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वीप गैलरी का उद्घाटन, सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी द्वारा किया गया। साथ ही बेसिक के समस्त विद्यालयों के अध्यापक एवं खंड शिक्षा अधिकारियो से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक अभिभावकों गांव, मोहल्लों व पंचायत भवन में भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ने में सहयोग करे। अध्यापकों को निर्देश दिए की स्कूल चलो अभियान और वोट करो अभियान एक साथ चलाया जाये।**

वृद्ध, महिला युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ पर जाने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम में रश्मि अहलावत, विवेक वर्धन, प्रदीप बंसल, प्रदीप पंवार, लक्ष्मण केपी सिंह, भारत, पुष्पा, रफत गीता सचदेवा, डॉ. कौसर जहां उपस्थित रहे। एएस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में नेहरू युवा केंद्र के साथ संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएन इंटर कॉलेज मेरठ में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ ग्रहण कराई गई। सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना में छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई के हुए आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शुक्रवार को शालिग्राम शर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय रासना में मतदान करने व मतदाताओं के अधिकारों को लेकर एक रैली निकाली गई छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान एवं लोकतंत्र की मजबूती का संदेश देने वाले नारे लगाए गए तथा स्लोगन लिखे हुए पोस्टर दिखाए गए जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या प्रो रंजु नारंग द्वारा की गई तथा इसका आयोजन नोडल अधिकारी (मसब) मेघराज सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हरमीत सिंह, डा. संदीप कुमार, डा. सुनील कुमार, अंकित कुमार, मदनपाल, राजीव कुमार, आदि उपस्थित रहे।




■ स्कूल चलो व वोट करो अभियान एक साथ चलाने के दिए निर्देश

■ एएस इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता के लिए हुई निबंध प्रतियोगिता

■ छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## रामगंगा में युवक की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद,** 22 मार्च (देशबन्धु)। पूजा की राख डालने रामगंगा पहुंचे युवक का पर फसल जाने से रामगंगा में डूबकर मौत हो गई। थाना क्षेत्र में राकेश मिश्रा पुत्र देव स्वरूप उम्र 42 वर्ष निवासी निशवी खंडोली सुबह अपने गांव राम गंगा के किनारे पूजा की राख डालने गए थे रामगंगा में रामगंगा के किनारे पर पुलिस को नीली शर्ट काली पैंट एक जोड़ी काली चप्पल एक सफेद रुमाल रामगंगा के किनारे पुलिस को मिला है मृतक के एक पुत्र वंश 5 वर्षीय दो पुत्री हैं वही गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि मृतक 6 भाई है जो कि मृतक 2 दिन पूर्व दिल्ली से गांव आया था वहीं दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था आज मृतक दिल्ली जाने के लिए था मृतक की खेती गांव में ही है जो की खेती आलू की फसल देखने आए थे थानाध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया है कि ग्रामीण का शव बरामद कर लिया गया है। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी भी पहुंचे।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## फिल्म 'जेएनयू' में अहम भूमिका में नजर आएंगे सिद्धार्थ बोडके

**मुंबई।** जाने माने अभिनेता सिद्धार्थ बोडके फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) में अहम भूमिका में नजर आएंगे। कॉलेज में छात्र राजनीति पर आधारित फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' में सिद्धार्थ बोडके की अहम भूमिका है। विनय शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'जेएनयू' में रवि किशन ,रश्मि देसाई, उर्वशी रौतेला पीयूष मिश्रा, विजय राज और अतुल पांडे की भी अहम भूमिका है। सिद्धार्थ बोडके ने बताया, पिछले कुछ साल भगवान की कृपा से पेशेवर रूप से काफी अच्छे रहे हैं। मैं हमेशा से ही मेहनती रहा हूं और कड़ी मेहनत पर भरोसा करता हूं। कलाकारों के लिए, कड़ी मेहनत को परिणाम में बदलने में लंबा समय लगता है। मुझे विश्वास है कि दर्शकों को फिल्म जेएनयू में मेरा जो रूप देखने को मिलेगा वह पसंद आएगा।

## 'वीर-जारा' की रिहर्सल के दौरान मुझे 'जोंबी' जैसा महसूस होने लगा था : प्रीति जिंटा

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपनी 2004 की फिल्म 'वीर-जारा' के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें रिहर्सल के दौरान 'जोंबी' जैसा महसूस हो रहा था। एक्ट्रेस ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें प्रीति जिंटा और शाहरुख खान को डांस रिहर्सल करते देखा जा सकता है।



रिहर्सल के दौरान बैकग्राउंड में 'तेरे लिए' गाना बजते हुए सुना जा सकता है। कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा कि हम एक अवार्ड शो के लिए रिहर्सल कर रहे थे। मुझे याद है कि मुझे दो दिनों तक नींद नहीं आई थी और मैं एक जोंबी की तरह महसूस कर रही थी। मगर शाहरुख ने अपने सहज आकर्षण और चुटकुलों से दिन और रिहर्सल को शानदार बना दिया।

इसके बाद प्रीति ने एक डांस स्टेप के बारे में बात की, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि यह 1998 की फिल्म 'दिल से' के गाने 'जिया जले' से लिया गया था। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित 'वीर जारा' एक भारतीय पायलट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक पाकिस्तानी लड़की से प्यार हो जाता है। फिल्म में रानी मुखर्जी भी हैं।

### वैज्ञानिकों ने शोध में किया खुलासा

## हेपेटाइटिस बी वायरस की कम क्यों है जानकारी

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। सर गंगाराम अस्पताल के एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि 30 वर्षों से अधिक समय से हेपेटाइटिस बी वायरस के खिलाफ एक प्रभावी टीका उपलब्ध होने के बावजूद, खराब जानकारी और जागरूकता की कमी के कारण भारत में इसका उपयोग कम रहा है।

हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी) संक्रमण एक प्रमुख ग्लोबल स्वास्थ्य मुद्दा है, जो विश्व स्तर पर करीब 296 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है। लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी जटिलताओं के कारण सालाना करीब 8 लाख 87 हजार लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में लगभग 3.7 करोड़ एचबीवी वाहक हैं। फिर भी बीमारी के साथ-साथ निवारक टीके के बारे में जानकारी कम पाई गई। टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों और 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को छोड़कर, 3,500 प्रतिभागियों का सर्वे किया।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म क्यूरियस में प्रकाशित उनके निष्कर्षों से पता चला है कि केवल 25 प्रतिशत लोगों को वायरस के बारे में पर्याप्त जानकारी थी। इसके अलावा, केवल 22.7 प्रतिशत लोगों ने हेपेटाइटिस बी टीकाकरण का पूरा कोर्स पूरा किया।

**लिवर कैंसर जैसी जटिलताओं के कारण करीब 8.87 लाख मौत के शिकार**

नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल के डॉ. अनिल अरोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि यह कम टीकाकरण दर चिंताजनक है, विशेष रूप से वायरस की व्यापकता और सिरोसिस और लीवर कैंसर नामक उन्नत यकृत रोग के संक्रमण के विकास को रोकने में टीके की प्रभावशीलता को देखते हुए।

अध्ययन में टीकाकरण में लिंग, शिक्षा स्तर और शहरी-ग्रामीण विभाजन में असमानताओं को उजगार किया गया। डॉ. अनिल ने जागरूकता और टीकाकरण कवरेज में सुधार के लिए लक्षित पब्लिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि शैक्षिक अभियानों को आम जनता पर फोकस करना चाहिए, विशेष रूप से कम शिक्षा स्तर वाले महिला वृद्ध व्यक्तियों और ग्रामीण निवासियों पर, जिन्होंने अध्ययन प्रतिभागियों में



कम ज्ञान और टीकाकरण दर का प्रदर्शन किया है।

डॉक्टर ने कहा कि इसके अलावा, पर्याप्त प्रभावकारिता के लिए पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम को पूरा करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। लोगों के लिए टीकाकरण की एक या दो डोज लेना और आखिरी को भूल जाना असामान्य बात नहीं है।

## 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' में प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मि देसाई अपनी आने वाली फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) में प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

कॉलेज में छात्र राजनीति पर आधारित विनय शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'जेएनयू' में रवि किशन, रश्मि देसाई, उर्वशी रौतेला पीयूष मिश्रा, विजय राज और अतुल पांडे और सिद्धार्थ बोडके की अहम भूमिका है। रश्मि देसाई फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' में लेखिका और प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

रश्मि देसाई ने बताया कि मुझे स्क्रीन पर देखने का इंतजार करने के लिए मेरे प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस तरह की मैं भूमिका निभाना चाहती थी, उसके लिए थोड़ा ब्रेक लेना सही निर्णय था। मैंने अपने किरदार के लिए बहुत मेहनत की है। मेरे इस किरदार से बहुत से लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई है, और इस चीज का ध्यान रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। एक कलाकार के तौर पर चरित्र में गहराई से उतरने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है। अब यह देखने का समय आ गया है कि दर्शक मेरे प्रदर्शन पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में शिरकत करेंगे अनु मलिक व गीता कपूर

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में कोरियोग्राफर गीता कपूर के साथ संगीतकार अनु मलिक शिरकत करेंगे।



इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' गीता कपूर के साथ अनु मलिक का स्वागत करेगा। हुमा कुरेशी के साथ, हास्य कलाकार अपने मजेदार कारनामों से सभी को खूब हसाएंगे। अनुराधा कनाबार, केतन सिंह, कुशल बद्रीके और हेमांगी कवि के साथ मिलकर 'नवरा बायको' नामक एक बेहद मनोरंजक गैग प्रस्तुत करेंगी। 'मैडनेस' टीम का हिस्सा बनने के बारे में अपने उत्साह को साझा करते हुए, अनुराधा ने कहा, मैं 'मैडनेस मचाएंगे' का हिस्सा बनकर और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हास्य कलाकारों के साथ काम करके बेहद रोमांचित हूं। कुशल बद्रीके, हेमांगी कवि और केतन सिंह के साथ काम कर रही हूं। 'नवरा बायको' का एक्ट बेहद मजेदार था, और मैं दर्शकों के लिए भी इसे देखने के लिए उत्साहित हूं! हमारा स्केच एक पति की अपनी पत्नी के साथ होली मनाने की उत्सुकता को चित्रित करता है, लेकिन ससुराल वालों के अचानक आ जाने से यह विफल हो जाता है । यह हास्य और बुद्धि से भरपूर एक प्रासंगिक परिदृश्य है, जो भारतीय पारिवारिक विचित्रताओं पर प्रकाश डालता है।मेरा मानना है कि 'इंडियन सास' का मेरा हास्य चित्रण मनोरंजक और मनमोहक दोनों होगा, जो दर्शकों को पारिवारिक जीवन के हल्के पक्ष की आनंददायक झलक पेश करेगा। अनु मलिक और गीता कपूर और हुमा कुरेशी के सामने प्रदर्शन करना बेहद खुशी की बात थी। मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे, इस शनिवार, रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## जीबीयू मनोविज्ञान व मानसिक स्वास्थ्य विभाग ने पुस्तक का किया विमोचन



**ग्रेटर नोएडा,** 22 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग के विभगाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रताप सिंह एवं उनकी शोध छात्रा आयुषी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिंहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रोफेसर एन.पी. मलकानिया, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी एवं अधिष्ठाता प्रोफेसर वंदना पांडे मौजूद रहे। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक डॉ. आनंद प्रताप सिंह एवं उनकी शोध छात्रा आयुषी शर्मा ने बताया कि यह पुस्तक कॉरपोरेट मनोविज्ञान के विद्वानों एवं शोध कार्यों के लिए बहुत ही उपयोगी होगा यह पुस्तक विभिन्न औद्योगिक संगठनों के कर्मचारियों के निर्णय क्षमता को मापने एवं उनसे जुड़े तथ्यों को उजागर करती है। इस अवसर पर कुलपति ने लेखकों को प्रोत्साहित करते हुए विभाग में ऐसे कार्य को करते रहने एवं विश्वविद्यालय को प्रगति की ओर लेकर जाने की के लिए प्रेरित किया। पुस्तक विमोचन के दौरान विश्वविद्यालय के सभी संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कला प्रदर्शनी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। कला प्रदर्शनी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बल देने के उद्देश्य से कलाकार एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास की प्रोफेसर पूजा कश्यप के उल्लेखनीय कार्यों को आज यहां एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया।

महिलाओं के अधिकार और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित गैर-लाभकारी संगठन आलेख फाउंडेशन ने राजधानी के त्रावणकोर पैलेस में कश्यप की एक एकल कला प्रदर्शनी (सोलो आर्ट एग्ज़ीबिशन) का आयोजन किया जो 23 मार्च तक चलेगी।

इसके शुभारंभ के मौके पर पद्मश्री और एआईएफएसीएस संचालन निकाय के प्रमुख बिमान दास, पद्म भूषण राजीव सेठी, पद्मश्री शोभना नारायण, आर्ट फेयर इंडिया के निदेशक सौरभ वासन और एनबीसीसी की पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक स्वप्ना लिडल मौजूद थी। प्रदर्शनी में महिलाओं

**■ एकल कला प्रदर्शनी का आयोजन**

को कला और संस्कृति के संरक्षक के रूप में चित्रित करने वाले भित्ति चित्रों से लेकर दिव्य महिला शक्ति के चित्रण जैसी विविध कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक पूजा कश्यप द्वारा बनाया अर्धनारीश्वर का मंत्रमुग्ध कर देने वाला पोर्ट्रेट था जो एक तरह से शिव और शक्ति के मिलन का दिव्य चित्रण है। कश्यप ने कहा कि अपनी कलाकृति के माध्यम से मेरा लक्ष्य महिलाओं की शक्ति, तन्मयता और सुंदरता को चित्रित करना है। कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आलेख फाउंडेशन के साथ जुड़ना एक सम्मान की बात है। मैं आभारी हूं कि आलेख फाउंडेशन ने मेरा समर्थन किया और जिस समाज में हम रहते हैं उसमें महिलाओं की महती भूमिका को अपनी पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत करने का मौका दिया। आलेख फाउंडेशन की संस्थापक रेनी जॉय ने कहा कि आलेख फाउंडेशन में हम ऐसे मंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो महिलाओं की आवाज़ और प्रतिभा को बढ़ाएं। यह प्रदर्शनी न केवल सुश्री कश्यप के कलात्मक कौशल का उत्सव है, बल्कि इसने हमारे समाज को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया है। हमारा लक्ष्य इस दुनिया को महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अवसरों से भरपूर स्थान बनाना है, साथ ही उन्हें बहादुरी के साथ अपनी चुनौतियों पर काबू पाने और जीवन के सभी क्षेत्रों में अग्रणी होने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए योगदान देना है।

## शाहरुख, दीपिका और आलिया के साथ काम करना चाहती हैं अवंतिका वंदनापु

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। 'मीन गर्ल्स' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर भारतीय-अमेरिकी एक्ट्रेस अवंतिका वंदनापू भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान की 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'वीर जारा' जैसी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं।



हिंदी सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में नजर आने वाली अवंतिका ने कहा कि एक बाल कलाकार के रूप में अपनी जड़ों से निकलकर भारत लौटना और अब बिग गर्ल्स डोंट क्राई जैसी हिंदी सीरीज में काम करना सपने सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि मैं बचपन से ही यश चोपड़ा की 'चांदनी', 'वीर जारा', 'डीडीएलजे', 'डर' जैसी फिल्में देख रही हूं और मुझे भारतीय सिनेमा से प्यार हो गया है। मेरे मन में बॉलीवुड में काम करने की इच्छा पैदा हुई। मुझे रंग, भावनाएं और खुशमिजाज भारतीय फिल्में पसंद हैं और मैं उनका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। अवंतिका का जन्म एक भारतीय, तेलुगु भाषी परिवार में हुआ था। उन्होंने कई हॉलीवुड परियोजनाओं में काम कर अपनी पहचान बनाई, जिनमें 'मीन गर्ल्स', 'स्पिन' और 'सीनियर इयर्स' शामिल हैं।एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम करना पसंद करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं शाहरुख खान, दीपिका, आलिया और कई कलाकारों को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में अवंतिका के साथ पूजा भट्ट, मुकुल चड्ढा, जोया हुसैन और राइमा सेन शामिल हैं।

## मंदिर के लिए रामायण रिसर्च काउंसिल को मिली जमीन

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। मां सीता की भव्य प्रतिमा का निर्माण एवं उन्हें भगवती के रूप में स्थापित करने के लिए रामायण रिसर्च काउंसिल को सीताजी के प्राकट्य क्षेत्र सीतामढ़ी में 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई



है, साथ ही 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। यह जानकारी काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने दिल्ली स्थित उत्तम नगर स्थित पंजीकृत कार्यालय में आयोजित सेमिनार के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह मंदिर-निर्माण कार्य के स्थान, चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे और लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री से भेंट कर सीतामढ़ी में भूमि-पूजन का प्रस्ताव भी रखेंगे। काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि वह लंबे समय से सीतामढ़ी में मां सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित कराने और संबंधित क्षेत्र को तीर्थ, पर्यटन एवं शक्ति स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर प्रयासरत थे। इसलिए काउंसिल के तहत 'श्रीभगवती सीता तीर्थ क्षेत्र समिति' गठित की गई जो इसका निर्माण कार्य देखेगी। स्वामी ने कहा कि हम पहले से कहते आए हैं कि काउंसिल के तत्वावधान में 51 शक्तिपीठों से मिट्टी और जल लाएंगे, नलखेड़ा से मां पीताम्बरा का ज्योत लाएंगे और श्रीलंका, इंडोनेशिया, बाली समेत उन सभी स्थानों से मिट्टी व जल लाएंगे, जहां से भगवान श्रीराम और मां जानकी जी का नाता रहा है।

**निर्माण कार्य की घोषणा जल्द**

महाराज ने कहा कि काउंसिल के लगातार प्रयासों से इस दिशा में कई संस्थाएं जागृत हुई हैं तो इसे सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए। हाल में बिहार सरकार भी इस ओर सजग हुई है, इसका उन्हें बहुत हर्ष है। कुछ लोग काउंसिल से ही प्रेरित होकर मां सीताजी को भगवती के रूप में स्थापित करने की सलाह भी दे रहे हैं, जो स्वागत-योग्य है और यह काउंसिल की सतत जागरूकता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि काउंसिल के संकल्प को हर हाल में पूरा करना उनके जीवन का लक्ष्य है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगे टीके

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। देश में अपनी तरह की अभिनव पहल में दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन बच्चों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन

**■ यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा**

इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट, रोटरी कैंसर हॉस्पिटल (प्रिवेंटिव आनकोलॉजी) और रोटरी क्लब के सहयोग से किया। एम्स के कैंसर विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. पल्लवी शुक्ला की देखरेख में उनकी टीम के सदस्यों डॉ. सुजाता पाठक और डॉ. प्रतीक ने टीके लगाने का जिम्मा उठाया।

शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है। दुनियाभर में कैंसर की शिकार



महिलाओं का एक चौथाई हिस्सा सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है, जबकि 15 से 44 वर्ष के बीच की कैंसर पीड़ित महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से पीड़ितों की संख्या दूसरे नंबर पर है। लगभग 90 प्रतिशत मामलों में सर्वाइकल कैंसर एचपीवी यौन संक्रमण से होता है, इसीलिए यौन शोषण की शिकार लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी ज्यादा होता है। ऐसे में बाल तस्करी, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के खिलाफ काम कर रहे संगठन आईसीपीएफ ने यौन शोषण की शिकार लड़कियों तथा यौन हिंसा के खतरे की आशंका वाले असुरक्षित हालात में रह रहीं लड़कियों को एचपीवी का टीका लगाने के लिए पहल की।

## कद्रदानों के अभाव में दम तोड़ रहा है फगुआ गीत

**प्रयागराज,** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय संस्कृति के परंपरागत सामूहिक उत्साह और उल्लास का प्रतीक 'फगुआ' गीत कलाकारों और कद्रदानों के आभाव में दम तोड़ रहा है।

धार्मिकता के पुट लिए फगुआ के कर्ण प्रिय गीतों के दम तोड़ने के पीछे कोई एक कारण नहीं है। इसके पीछे आर्थिक तंगी, सामाजिक प्रोत्साहन, पाश्चात्य शैली, कलाकार, कद्रदान और लेखन का ह्रास जैसे तमाम कारणों ने इस पारंपरागत गीत की मिठास को प्रभावित किया है। नई पीढ़ी इस विधा को रूढ़िवादिता की संज्ञा देकर तिरस्कार कर रही है और पाश्चात्य शैली की चादर ओढ़कर अपनी संस्कृति और संस्कार से दूर होती जा रही है।

माघ मास की बसंत पंचमी से ही गांवों में होलिका स्थापित करने एवं फगुआ गीतों के गुनगनाने की परंपरा शुरू हो जाती थी। भारतीय संस्कृति के परंपरागत सामूहिक उत्साह और उल्लास के प्रतीक फगुआ गीत



को तकनीकी और सूचना क्रांति की ऐसी नजर लगी कि मिट्टी की सौंधी महक और प्रकृति के सौंदर्य और श्रृंगार वाले गीत कहीं खो गए। होली का त्योहार प्रेम की वह रसधारा है, जिसके रास्ते रास रंग के जरिये पूरा समाज सरोबार हो जाता था। कानों में ढोल, ताशा, मजीरा और डफली की वह गूंज धीरे-धीरे दूर होती जा रही है।

प्रयागराज के झूंसी निवासी फगुआ गवैया बुजुर्ग राम निहोर यादव ने बताया कि होली का फगुआ गीत सामाजिक नसीहत एवं प्राकृतिक वातावरण को समेटे मर्मस्पर्शी और झंकार पैदा करने वाले होते थे। गांव के युवा और बुजुर्ग एक स्थान पर बैठकर शाम को नसीहत एवं पुरातन गीतों को सुनते और सुनाते थे। महिलाएं, पुरूष एवं बच्चे जुटकर गीत का लुत्फ उठाते थे। लेकिन आज आधुनिक जीवन शैली और द्विअर्थी

**■ सामाजिक प्रोत्साहन, पाश्चात्य शैली, कलाकार ने पारंपरागत गीत की मिठास को किया प्रभावित**

**■ बसंत पंचमी से ही गांवों में होलिका स्थापित करने व फगुआ गीत गुनगनाने की परंपरा**

गीतों के शोर में सुमधुर स्वर वाले फगुआ गीत की परंपरा खत्म होती जा रही है। फागुन की मिठास लिए समय के साथ फगुआ गीत गाने वालों की कमी हो गई है। पुराने गीतों की धर्मिकता भाव लिए पारंपरिक गीतों का स्थान अब आधुनिकता का पुट लिए भौंड़े गीतों ने पारंपरिक गीतों का स्थान ले लिया है।

यादव ने बताया कि अब न फगुआ गाने वाले कलाकार रहे और नहीं उनके कद्रदान। जैसे जैसे पुरानी पीढ़ी खत्म होती जा रही है फगुआ गीत भी दम तोड़ रही है। नए लोग इसे विधा को हीन भावना से देखते हैं, इसे सीखने का भी प्रयास नहीं करते हैं। इस विधा को रूढ़िवादिता की संज्ञा देकर तिरस्कार कर रहे है और पाश्चात्य शैली की चादर ओढ़कर अपनी संस्कृति और संस्कार से दूर होती जा रहे है।

उन्होंने बताया कि फागुन महीने की शुरुआत होते ही गांवों में ढोल मजीरे की धुन पर फाग गीत गाने वालों की लंबी टोलियां दिखाई पड़ती थी। होली के उमंग में डूबे लोग टोलियां बनाकर घर-घर जाकर फाग गीत गाते देखे जाते थे। आज गांव की गलियां टोलियों और गीतों से बेजार हैं। गिने चुने दिन रह गए लेकिन फगुआ के रस भरी गीतों का मानों अकाल ही पड़ गया है। आज फगुआ गवैयों के सामने सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक तंगी है। पहली बात पुरानी पीढ़ी खत्म होती जा रही है। युवा पीढ़ी इससे दूरी बना रही है। अब दो-चार गांवों में यदा-कदा कोई व्यक्ति मिल जाए अन्यथा अब कोई रह ही नहीं गया।

## लोको पायलट की सतर्कता से 89 शेरों की बची जान

**भावनगर,** 22 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर रेलवे मंडल के लोको पायलटों की सतर्कता से 89 शेरों (सिंहों) की जान बचायी गई। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि लोको पायलटों द्वारा सावधानी रखने की वजह से पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2021-22 में 29 शेर, 2022-23 में 27 शेर तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33 शेरों को रेलवे की चपेट में आने से बचाया गया। वन विभाग और रेलवे प्रसाशन द्वारा मिलकर रेलवे ट्रैक के पास सिहों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। मंडल ने शेरों को ट्रेन की चपेट में आने से बचाने के लिए विभिन्न उपाय किये गए हैं।

मंडल ने लोको पायलटों को गति नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उन्हें जंगल के क्षेत्र जैसे ढसा से पीपावाव, गाधकडा से वीजपडी, राजुला सिटी से पीपावाव पोर्ट और राजुला से महुवा सेक्शन में विशेष सावधानी रखते हुए एवं हार्न बजाते रहने और गति सीमा को नियंत्रण में रखने का निर्देश जारी किया गया है, जिसकी लोको पायलट अनुपालन कर रहे हैं। शेरों के रेलवे ट्रैक के आसपास होने की स्थिति ज्ञात होने पर रेल प्रसाशन द्वारा सावधानी आदेश जारी किये जाते हैं।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.77 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.21 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.71 प्रतिशत |
| एलटी | 1.62 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 2.98 प्रतिशत |
| विप्रो | 2.73 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.46 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.53 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## वैश्विक चुनौतियों के बीच आरबीआई की बैठक में आर्थिक हालात की समीक्षा

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को नागपुर में एक बैठक की जिसमें वैश्विक और

■ **बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के बजट को दी मंजूरी**



घरेलू आर्थिक स्थिति और दृष्टिकोण की समीक्षा की गई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भू-राजनीतिक घटनाएं और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियां का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ा है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, कंज्यूमर एजुकेश और जागरूकता में हुई प्रगति सहित रिजर्व बैंक की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के बजट को भी मंजूरी दे दी।

**बैंकों, एनबीएफसी के लिए नए नियम जारी**

आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी अपनी विनियमित संस्थाओं के लिए स्व-नियामक संगठनों (एसआरओ) को मान्यता देने के लिए एक व्यापक ढांचा जारी किया।

यह एसआरओ ढांचा व्यापक उद्देश्यों, कार्यों, पात्रता मानदंड और शासन मानकों को निर्धारित करता है, जो सभी एसआरओ के लिए समान होगा, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो। यह ढांचा रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए एसआरओ द्वारा पालन किए जाने वाले व्यापक सदस्यता मानदंड और अन्य नियम एवं शर्तें भी निर्धारित करता है।

रूपरेखा में कहा गया है कि एक एसआरओ से अपेक्षा की जाती है कि वे जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसकी बेहतरी के लिए व्यापक उद्देश्यों के एक सेट का पालन करें, उन्नति को बढ़ावा दें और व्यापक वित्तीय प्रणाली के भीतर महत्वपूर्ण उद्योग चिंताओं को संबोधित करें।

विशेष रूप से, एक एसआरओ से निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने की उम्मीद की जाती है। प्रगतिशील प्रथाओं और सम्मेलनों को प्रोत्साहित करके अपने सदस्यों के बीच अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देना। विशेष रूप से क्षेत्र की छोटी संस्थाओं को मार्गदर्शन और समर्थन देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। देश में रिज़र्व बैंक, सरकारी प्राधिकरणों या अन्य नियामक और वैधानिक निकायों के साथ जुड़ाव में अपने सदस्यों की सामूहिक आवाज़ के रूप में कार्य करें। नीति-निर्माण में सहायता के लिए प्रासंगिक क्षेत्रीय जानकारी एकत्र करें और रिज़र्व बैंक के साथ साझा करें।

## महिंद्रा ने ईवी चार्जिंग इन्फ्रा के विस्तार के लिए अडाणी टोटल एनर्जी के साथ किया करार

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। प्रमुख एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने गुरुवार को देश में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए अडाणी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि महिंद्रा और अडाणी टोटल गैस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एटीईएल के बीच समझौता ज्ञापन देशभर में एक विस्तृत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक रोडमैप निर्धारित करता है। इस सहयोग के साथ एक्सयूवी 400 ग्राहकों को अब ब्लूसेंस+ ऐप पर 1,100 से ज्यादा चार्जर तक पहुंच मिलेगी, जिससे महिंद्रा ईवी मालिकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की सुविधा और पहुंच में काफी वृद्धि होगी। समझौता ज्ञापन में कहा गया है कि यह सहयोग भारत के महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों के अनुरूप हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है।

एमएंडएम लिमिटेड (ऑटोमोटिव डिवीजन) के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा कि यह गठबंधन ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में आधारशिला है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहक एक अद्वितीय ईवी




■ **एक्सयूवी 400 ग्राहकों को अब ब्लूसेंस+ ऐप पर 1,100 से ज्यादा चार्जर तक मिलेगी पहुंच**
■ **चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए एमएंडएम के साथ सहयोग से कंपनी का भरोसा बढ़ेगा**

अनुभव के लिए चार्जिंग नेटवर्क और डिजिटल एकीकरण तक बिना रुकावट पहुंच का आनंद लें। अडाणी टोटल गैस लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, ईवी क्षेत्र में अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के पदचिह्न का विस्तार करने की दिशा में यह एक और कदम है। चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए एमएंडएम के साथ सहयोग से कंपनी का भरोसा बढ़ेगा, जिससे ग्राहक ऊर्जा परिवर्तन के हिस्से के रूप में ईवी प्रौद्योगिकी को अपनाएंगे।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव रहा

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 44 रिंगिट लुढककर 4308 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.45 सेंट की तेजी के साथ 48.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## एआई का अगला बड़ा केंद्र है भारत : जेएच हान

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के वाइस चेयरमैन, सीईओ और डिवाइस

■ **सैमसंग ने जनवरी में गैलेक्सी एआई का किया अनावरण**

एक्सपीरियंस (डीएक्स) डिवीजन के प्रमुख जोंग-ही (जेएच) हान ने, जिन्होंने मुंबई के जियो वर्ल्ड प्लाजा में स्टोर के उद्घाटन के बाद पहली बार सैमसंग बीकेसी का दौरा किया, शुक्रवार को कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए अगला बड़ा केंद्र है। अपने टेक-सेवी यूजरों के लिए एआई और हाइपर-कनेक्टिविटी लाने में भारतीय बाजार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को जोंग-ही हान ने अपनी यात्रा के दौरान रेखांकित किया।

जोंग-ही हान ने कहा कि भारत एआई का अगला बड़ा केंद्र है और



**भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है : जोंग-ही हान**

हमारा प्रमुख सैमसंग बीकेसी स्टोर हमारे 'एआई फॉर ऑल' दृष्टिकोण का प्रतीक है और 'वन सैमसंग' का प्रदर्शन करेगा। इस साल की शुरुआत में, सीईओ ने सीईएस (कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो) में सैमसंग के 'एआई फॉर ऑल' विज़न का अनावरण किया, जिसमें दिखाया गया कि कैसे एआई लोगों को अपने डिवाइस को पहले से कहीं अधिक सहज और सुविधाजनक तरीके से एक्सपीरियंस करने में सक्षम बनाएगा।

अपने 'एआई फॉर ऑल' विजन के हिस्से के रूप में, सैमसंग ने जनवरी में अपनी नई गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन श्रृंखला में गैलेक्सी एआई का अनावरण किया।


हान ने आगे कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और सैमसंग के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि भारत में तकनीक-प्रेमी युवा उपभोक्ताओं की एक बड़ी आबादी है जो हमें कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है। यहां हजारों युवा, उद्यमशील युवा एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को दुनिया के सामने लाने के लिए हमारे अनुसंधान एवं विकास केंद्रों पर काम करते हैं।

## दमदार लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी

**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी और कमोडिटीज समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 190.75 अंक की छलांग लगाकर 72,831.94 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 84.80 अंक की तेजी के साथ 22,096.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह मझौली और दिग्गज कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 38,801.23 अंक और स्मॉलकैप 1.06 प्रतिशत मजबूत होकर 42,771.27 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3906 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2430 में लिवाली जबकि 1375 में बिकवाली हुई वहीं 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर रही। बीएसई में टेक और आईटी समूह में 2.00 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे दूरसंचार 2.28, कमोडिटीज 1.11, सीडी 1.20, एफएमसीजी 0.86, वित्तीय सेवाएं 0.51, हेल्थकेयर 1.17, इंडस्ट्रियल्स 1.17, यूटिलिटीज 0.61, ऑटो 1.55, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.88, धातु 0.73, पावर 0.41, रियल्टी 1.82 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.77 प्रतिशत चढ़ गए।

■ **सेंसेक्स 190.75 अंक की छलांग लगाकर 72,831.94 पर**
■ **निफ्टी 84.80 अंक की तेजी के साथ 22,096.75 पर बंद**




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.86, जर्मनी का डैक्स 0.04 और जापान का निक्केई 0.18 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 2.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.95 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 410 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,231.66 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,172.09 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई लिवाली के बल पर यह कारोबार के अंतिम चरण में 73,115.62 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,641.19 अंक के मुकाबले 0.26 प्रतिशत चढ़कर 72,831.94 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह निफ्टी भी 80 अंक की बढ़त लेकर 21,932.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,883.30 अंक के निचले जबकि 22,180.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें मारुति 3.55, सन फार्मा 2.77, टाइटन 2.21, आईटीसी 1.71, एलटी 1.62, टाटा मोटर्स 1.52, भारती एयरटेल 1.31, टाटा स्टील 1.27, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.86, आईसीआईसीआई बैंक 0.73, पावरग्रिड 0.71, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.63, बजाज फाइनेंस 0.62, एसबीआई 0.35, रिलायंस 0.30 और कोटक बैंक 0.14 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, इंफोसिस 2.98, विप्रो 2.73, एचसीएल टेक 2.46, टीसीएस 1.53, टेक महिंद्रा 1.33, बजाज फिनसर्व 1.01, एक्सिस बैंक 0.21, एचडीएफसी बैंक 0.15 और एनटीपीसी के शेयर 0.05 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## ब्रिटेन के साइंस म्यूजियम में 'द अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी', टिकाऊ भविष्य को करेगा प्रदर्शित

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। अडाणी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडाणी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के साइंस म्यूजियम के साथ साझेदारी में नई 'एनर्जी रिवॉल्यूशन : द अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी' की शुरुआत पर खुशी जाहिर की।



गौतम अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह गैलरी नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित हरित और टिकाऊ भविष्य की वैज्ञानिक दृष्टि को प्रदर्शित करेगी। अडाणी समूह के अध्यक्ष ने कहा कि लंदन में साइंस म्यूजियम के साथ साझेदारी में नई 'एनर्जी रिवॉल्यूशन : द अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी' को वास्तविकता बनते देखकर खुशी हुई। गौतम अडाणी ने कहा कि यह ऐतिहासिक गैलरी नवीकरणीय ऊर्जा और न्यून-कार्बन प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित टिकाऊ भविष्य की वैज्ञानिक दृष्टि को प्रदर्शित करेगी। साइंस म्यूजियम की स्थापना 1857 में बेनेट वुडक्रॉफ्ट ने द रॉयल सोसाइटी ऑफ आर्ट्स के संग्रहों के साथ की थी। यह लंदन के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यह साइंस म्यूजियम ग्रुप के पांच संग्रहालयों में से एक है।

**लंदन के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है साइंस म्यूजियम**

द अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई इबारत लिख रहा है।

तेज विकास के अगले चरण के लिए मंच तैयार करने के लिए अडाणी समूह ने अगले वित्त वर्ष (2024-25) में अपनी कंपनियों के पोर्टफोलियो में लगभग 14 अरब डॉलर (करीब 1.2 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का लक्ष्य रखा है।

## 262 ट्यूशन सेंटर चालू हैं, कुछ को रणनीतिक पुनर्गठन से गुजरना होगा : बायजू

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। संकटग्रस्त एडटेक कंपनी बायजू ने शुक्रवार को बताया कि उसके ट्यूशन सेंटर देश भर में 262 लोकेशन पर ऑफलाइन चल रहे हैं। इसके साथ ही ये तीसरे साल में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुके हैं।




खबर थी कि कंपनी लागत में कटौती के चलते 200 ट्यूशन सेंटरों को बंद कर रही है। कंपनी ने इस खबर का खंडन करते हुए कहा कि ऐसी कोई कटौती की योजना नहीं है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ने हालांकि कुछ ट्यूशन सेंटरों में सुधार के अवसरों की पहचान की है, जो बायजू के लॉन्ग-टर्म विजन के साथ मेल करने के लिए रणनीतिक पुनर्गठन से गुजरेंगे। बायजू के लगभग सभी ट्यूशन सेंटर पूरे भारत में छात्रों को सेवा दे रहे हैं। हाइब्रिड लर्निंग में नए मानक स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं, जो ऑफलाइन और ऑनलाइन लर्निंग को एक साथ लाता है। कंपनी के प्रवक्ता ने आगे कहा कि आने वाले वर्षों में अच्छी और लेटेस्ट तकनीक को एकजुट करते हुए, 292 में से 262 (90 प्रतिशत) ट्यूशन सेंटर नए हाइब्रिड मॉडल में काम करना जारी रखेंगे।

पिछले हफ्ते, बायजू ने अपने सभी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा था।

## निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को दे सकते हैं रफ्तार : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।




■ **भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की**

### भारत को 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत : अमिताभ कांत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत अगले तीन दशकों में 9 से 10 फीसदी की दर से बढ़ने का अनिवार्य रूप से लक्ष्य रखे। यह बात उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के दक्षिण क्षेत्रीय वार्षिक बैठक में कही। कांत ने अनुमान जताया कि यदि भारत 10 फीसदी की दर से बढ़ता है तो इसका मतलब यह है कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 35 लाख डॉलर से अधिक हो जाएगा और देश की प्रति व्यक्ति आय करीब 24,000 डॉलर होगी। कांत ने कहा कि हमारा लक्ष्य 7 या 7.5 फीसदी नहीं हो सकता है। यह कहीं अधिक होना चाहिए। हमें आगामी तीन दशकों की अवधि में 10 फीसदी की दर से बढ़ना होगा। भारत केवल सेवा क्षेत्र के बलबूते आगे नहीं बढ़ सकता है।



## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त बढोतरी होने से 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सपताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 568.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 6.5 करोड़ डॉलर की बढ़त हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर हो गया।

### जुलाई में होगा ब्रिटेन संग एफटीए कुछ मुद्दों पर मतभेद

**नई दिल्ली।** काफी टालमटोल के बाद भारत और ब्रिटेन इस साल जुलाई मध्य तक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। समझौता परवान चढ़ने के बाद भारत के कपड़ा, मशीनरी, वाहन कल-पुर्जे एवं जलीय उत्पादों को एक बड़ा बाजार मिल जाएगा। इन क्षेत्रों में अधिक मानव श्रम की जरूरत पड़ती है। ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता करना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि सौदे से जुड़े कानूनी पहलुओं पर काम चल रहा है। सौदा लगभग तय हो चुका और एक छोटा सा हिस्सा रह गया है, जिस पर अभी बातचीत चल रही है। मगर सारी बातें पक्की होने के बाद भी फिलहाल इस व्यापार समझौते की घोषणा नहीं हो सकती क्योंकि भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर चर्चा का आखिरी चरण मार्च के पहले सप्ताह में पूरा हो गया था मगर दोनों पक्ष अब भी ऑनलाइन बातचीत कर रहे हैं।

### झ्रइनडीड ने लॉन्च किया स्पेशलिस्ट मीडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड ने भारत में स्पेशलिस्ट मीडिया नेटवर्क्स के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नेटवर्क नियोक्ताओं को सबसे ज्यादा मुश्किल से भरे जाने वाले पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती करने में मदद करेगा। इन उद्योग विशिष्ट नेटवर्क्स से नियोक्ताओं को केंद्रित विज्ञापनों द्वारा विशेष, इन-डिमांड कौशल वाले उम्मीदवारों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। टेक नेटवर्क इनडीड के स्पेशलिस्ट मीडिया नेटवर्क्स में पहला है, जो नियोक्ताओं को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में योग्य उम्मीदवारों पर लक्ष्य केंद्रित करके उन तक पहुंचने के विकल्प प्रदान करता है।

# खेल जगत

## पिछले साल ही माही ने मुझे कप्तानी के बारे में संकेत दिया था : गायकवाड़

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने स्वीकार किया कि एमएस धोनी ने खुद उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के दौरान कप्तानी परिवर्तन का संकेत देते हुए कहा था, कुछ बड़े फैसले के लिए तैयार रहें। हालांकि, यह संकेत एमए चिदंबरम स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीएसके के ओपनर से ठीक एक दिन पहले सच हुआ, पांच बार के आईपीएल विजेता ने दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ को आईपीएल 2024 सीज़न के लिए अपना नया कप्तान नामित करके सबको आश्चर्यचकित कर दिया। गायकवाड़ ने आईपीएलटी20.कॉम से कहा कि पिछले साल ही माही भाई ने किसी समय कप्तानी के बारे में संकेत दिया था।



# आज मैदान पर उतरेंगे ऋषभ, रहेंगी सभी की निगाहें

## 2024 में फिट होकर फिर से मैदान पर लौट दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभालना क्रिकेट प्रेमियों के बड़ी खुशखबरी



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (देशबन्धु)। जीवट और बड़े जज्बे वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के चोट के चलते 14 महीने क्रिकेट से बाहर रहने के बाद 17 वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में फिट होकर फिर से मैदान पर लौट दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभालना उनकी टीम के साथ भारत और दुनिया भर के

- वॉर्नर, मार्श, पृथ्वी व ऋषभ की मजबूत बल्लोजी है दिल्ली की ताकत
- शिखर की अगुआई में पंजाब किंग्स को अपने ऑलराउंडरों पर भरोसा

क्रिकेट प्रेमियों के बड़ी खुशखबरी है। अपने घर वापस लौटते हुए गुरुकुल नारसन में खतरनाक सड़क दुर्घटना में ऋषभ पंत के दाएं घुटने के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से उनका इलाज करने वाले सर्जन डॉ.दिनशॉ पारदीवाला तक को उनके फिर से क्रिकेट खेलने मैदान पर लौटने की उम्मीद कम थी। ऋषभ पंत अपने घुटने के कामयाब इलाज के बाद अपने जीवट से अब दिल्ली कैपिटल्स के लिए मोहाली में मेजबान पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके नए मुल्लांपुर में नए महाराजा यादविंदर सिंह स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच से दूसरी बार क्रिकेट में पदार्पण' करेंगे। ऋषभ पंत के 17वीं आईपीएल में प्रदर्शन पर जून में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के मद्देनजर अजित आगरकर की अगुआई वाली भारत की सीनियर क्रिकेट चयन समिति की खासतौर पर निगाहें रहेंगी। ऋषभ पंत को एनसीए से फिट होने का सर्टिफिकेट मिलने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने साफ कर दिया कि यह धुरंधर विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में बढ़िया प्रदर्शन करने में कामयाब रहा तो वह बेशक टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में स्थान पाने के दावेदार होंगे। बेशक दिल्ली कैपिटल्स के लिए ऋषभ पंत का फिट होना बेहद सुखद है लेकिन साथ ही एक चिंता भी रहेगी कि गंभीर चोट के बाद मैदान वर लौटने पर आईपीएल में कहीं उनके घुटने की चोट कोई दिक्कत तो पेश नही करेगी। दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ के चोट के चलते बाहर रहने से 2023 की पिछली आईपीएल में दस टीमों नौवें और अंतिम पूर्व स्थान पर रही थी।

दिल्ली कैपिटल्स 2023 के सीजन में 14 में अपने शुरू के लगातार पांच मैच हारने से उबर ही नहीं और मात्र पांच मैच ही जीत पाई थी। वहीं आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने में आरसीबी के लिए खेलने वाले विराट कोहली (कुल 7263 रन)के बाद दूसरे नंबर पर चल रहे दिल्ली के जट' शिखर धवन (कुल 6617 रन)की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स की तरह अब तक खिताब जीतने की अधूरी हसरत को पूरी करने के अभियान को शुरू करने के मकसद से उतरेगी तो दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद रहेगी। विराट कोहली और शिखर धवन आईपीएल के इतिहास में 50-50 अर्द्धबशतक जड़ने वाले दो भारतीय हैं। आईपीएल के इतिहास में रन बनाने में तीसरे नंबर पर चल रहे दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के नाम सबसे ज्यादा 60 अर्द्बशतक जड़ने का रिकॉर्ड है जबकि सबसे ज्यादा सात शतक विराट कोहली ने जड़े हैं।

दिल्ली कैपिटल्स की ताकत पृथ्वी शॉ व ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी, मिचेल मार्श और खुद कप्तान ऋषभ पंत के साथ यश धुल व शाई होप के रूप में मजबूत बल्लेबाजी है। दिल्ली के बाए स्पिनर ऑलराउंडरों के रूप में अक्षर पटेल, ललित यादव और ऑस्ट्रेलिया के जैक फ्रेजर मैकगुर्क और ट्रस्टन स्टब्ज जैसे ऑलराउंडर हैं। पूरे रंग में चल रहे बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव, बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल और ललित यादव के रूप में विविधतापूर्ण स्पिनरों की त्रिमूर्ति है। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव में खासतौर पर बीच के ओवर में विकेट चटका अकेले अपने दम कैच का रुख दिल्ली कैपिटल्स की ओर मोड़ने का दम है। दिल्ली कैपिटल्स के पास तेज गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के जे रिचर्डसन, दक्षिण अफ्रीका के एनरिख नोकिया और भारत के मुकेश कुमार, इशांत शर्मा और बाएं हाथ के खलील अहमद के रूप में पर्याप्त विकल्प हैं। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी पूरी तरह अपने कप्तान शिखर धवन ,जॉनी बैरिस्टो, रिले रोसूयू के साथ अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की क्षमता के कारण टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में स्थान के प्रमुख दावेदार बताए जा रहे विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा पर निर्भर है। 2023 में आईपीएल में छठे स्थान पर रहने वाली पंजाब किंग्स छह जीत के साथ आठवें स्थान पर रही थी।

**मोहाली मैच का समय : दिल्ली कैपिटल्स वि. पंजाब किंग्स ,मोहाली ( दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से )।**

## हमारे कप्तान ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स की धड़कन है : पॉन्टिंग



**पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स**

इस सीजन की तैयारियों की बाबत दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पॉन्टिंग ने कहा कि कोई गलती न करें इस बार हमारी टीम बहुत बढ़िया है। हमारी इस बार आईपीएल की तैयारियां बेहतरीन रहीं है। हमारी निगाहें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहे तो यह हमारे लिए शनिवार का मैच जीतने के लिए पर्याप्त होगा। जहां तक ऋषभ पंत के फिर से दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभालने और इस आईपीएल सीजन की तैयारियों की बात है तो मैं कहूंगा कि हम बस मौजूदा आईपीएल में अपना अभियान शुरू करने को हैं और इस साल का सबसे रोचक समय है। आपके लिए यह और रोमांचित करने वाली बात होती है कि आपके कप्तान फिर टीम में वापसी कर ली है। ऋषभ हमारे कप्तान है और हमारी दिल्ली कैपिटल्स की धड़कन है और उनकी टीम में वापसी से हमारी टीम और मजबूत होगी। हमारी टीम ने मौजूदा आईपीएल की शुरुआत से हफ्ते भर पहले विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग की। मेरा यकीन करें ऋषभ पंत वापसी कर क्रिकेट खेलने को तैयार है। बेशक वह पंजाब किंग्स के खिलाफ मोहाली में शनिवार को अपना पहला मैच खेलने वसे पहले कुछ नर्वस होंगे। मैच से पहले नर्वस होना ठीक है इसका मतलब यह कि यह मैच आपके लिए है। मैंने देखा वह अपने खेल में आज कहां खड़े हैं।

## पंजाब पिछले सीजन से अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए दृढ़ है : लियाम लिविंगस्टोन

**मोहाली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 के अपने पहले मैच में नए पीसीए स्टेडियम, मुल्लांपुर, मोहाली में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ने के लिए तैयार है। आईपीएल के 2023 संस्करण में पंजाब किंग्स आठवें स्थान पर रही थी और प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई थी। कुछ नए खिलाड़ियों और नए जोश के



साथ, पंजाब किंग्स आगामी सीज़न के लिए तैयार है और मोहाली के नए स्टेडियम में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अपने शुरुआती मैच से पहले, पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन ने कहा कि यह एक नया स्टेडियम है। यहां की परिस्थितियों से अभ्यस्त होने के लिए हमारे पास 5-6 प्रशिक्षण सत्र हैं। हमने पिछले सीज़न के अपने अधिकांश खिलाड़ियों और सभी को बरकरार रखा है। हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के लिए मैं उत्साहित हूं। लिविंगस्टोन ने कहा कि टीम इस सीज़न में अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने पिछले सीज़न में बहुत सारी अच्छी चीजें कीं। पिछले कुछ मैचों तक हम प्लेऑफ़ स्थान की दौड़ में थे। हमारे पास वास्तव में एक अच्छी टीम है और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। हम निश्चित रूप से इस सीज़न में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। ऑलराउंडर ने आगे कहा कि हम पार्क में खूब मौज-मस्ती करना चाहेंगे और बड़े पलों में आगे बढ़ना चाहेंगे।

# आईपीएल में दिव्यांग दर्शकों के लिए साइन लैंग्वेज में होगी कमेंट्री




**मुंबई,** 22 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 में बधिर, कम सुनने वाले और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए साइन लैंग्वेज में कमेंट्री होगी। आईपीएल 2024 के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने इंडिया साइनिंग हैंड्स (आईएसएच न्यूज) के सहयोग से और बीसीसीआई के समर्थन से लीग में भारतीय सांकेतिक भाषा फीड की शुरुआत की घोषणा की। यह फीड उन विशेषज्ञों के परामर्श से भारतीय सांकेतिक भाषा का उपयोग करके गेंद-दर-गेंद अपडेट प्रदान करेगी, जिन्हें इंडिया साइनिंग हैंड्स की मदद से शुरू किया जा रहा है। जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह है दृष्टिबाधित प्रशंसकों के साथ जुड़ने की इसकी क्षमता, जिसमें कमेंटेटर नियमित मौखिक स्कोर अपडेट के साथ खेल के हर पल का वर्णन करते हैं। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के कप्तान वीरेंद्र सिंह आईपीएल का पहले जैसा अनुभव लेने के लिए तैयार हैं और दोस्तों और परिवार के साथ इसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बचपन से क्रिकेट देखता हूं। मुझे बहुत दिलचस्पी है, मेरी बधिर टीम को बहुत दिलचस्पी है। मेरे बधिर दोस्त, परिवार के सदस्य सभी क्रिकेट देखते हैं और क्रिकेट भी खेलते हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हम आईपीएल का भरपूर आनंद लेंगे।

**स्टार स्पोर्ट्स ने हमेशा क्रिकेट तक पहुंच बढ़ाने और इसे प्रशंसकों के नए समूहों तक ले जाने में विश्वास किया है : संजोग गुप्ता, खेल प्रमुख, डिज़्नी स्टार**



डिज़्नी स्टार के खेल प्रमुख, संजोग गुप्ता ने कहा कि स्टार स्पोर्ट्स ने हमेशा क्रिकेट तक पहुंच बढ़ाने और इसे प्रशंसकों के नए समूहों तक ले जाने में विश्वास किया है। क्षेत्रीय कवरेज में हमारा अग्रणी प्रयास एक बड़े पैमाने पर पहुंच गया है और आधुनिक क्रिकेट प्रसारण को परिभाषित किया है। अब इस पहल के साथ, हम उन प्रशंसकों को संबोधित करना चाहते हैं, जो क्रिकेट के संपूर्ण अनुभव से वंचित हैं। सुनने में अक्षम प्रशंसकों के लिए टाटा आईपीएल 2024 में भारतीय सांकेतिक भाषा और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए वर्णनात्मक कमेंटरी की शुरुआत के साथ कमेंट्री की भाषा ने समावेशिता में एक नई छलांग लगाई है।

# अफगानिस्तान के साथ भारत के गोल रहित ड्रॉ से निराश नहीं हैं स्टिमैक

**आभा ( सऊदी अरब ),** 22 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक 2026 फीफा विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप ए मैच में डैमैक स्टेडियम में मेजबान अफगानिस्तान के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद निराश नहीं हैं। इस परिणाम के साथ, भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया, उसके बाद कुवैत है, जिसके इतने ही मैचों में तीन अंक हैं। भारत के लिए, इसका मतलब अस्थायी रूप से ग्रुप ए में कुवैत से तीन अंक आगे दूसरा स्थान हासिल करना होगा, जो इससे पहले रात में कतर के खिलाफ 0-3 से हार गया था। अफगानिस्तान के लिए तीन अंक उन्हें कुवैत और भारत के बराबर ला देंगे, जिससे समूह में दूसरे स्थान की दौड़ तीन-तरफ़ा लड़ाई बन जाएगी। स्टिमैक ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैच दिलचस्प था। मैं अंत में परिणाम से निराश नहीं हूं क्योंकि हमने तीन, चार बहुत अच्छे मौके बनाए। हम स्कोर नहीं कर सके, जो स्पष्ट है और यह समस्या कई वर्षों से हमारा पीछा कर रही है। हालांकि, 56 वर्षीय खिलाड़ी ने फ़ाइनल थर्ड में तेज प्रदर्शन करने में टीम की असमर्थता पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि हमने सभी उपलब्ध खिलाड़ियों को आजमाया, जो हमारे पास अग्रिम पंक्ति में थे, लेकिन यह आज काम नहीं आया। कुछ चीजों में हमें स्पष्ट रूप से सुधार करने की जरूरत है क्योंकि आक्रामक योजना में आज हमने सरल चीजों को जटिल बना दिया है, और मैं उसके बारे में खुश नहीं हूं। मैच के बाद, स्टिमैक ने स्वीकार किया कि कमज़ोर ड्रा के बावजूद, एक सकारात्मक बात थी - मैदान पर भारतीय रक्षकों का संतुलित प्रदर्शन। उन्होंने पुष्टि की, डिफेंडरों ने अच्छा प्रदर्शन किया और कुछ भी नहीं दिया, लेकिन हमें पास देने में बेहतर होना चाहिए, मौके बनाने में बेहतर होना चाहिए और जब क्रॉस आ रहे हों तो बॉक्स से हमला करने में बिल्कुल बेहतर होना चाहिए।



## फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत और अफगानिस्तान ने खेला गोलरहित ड्रॉ

**आभा**, 22 मार्च (एजेंसियां)। फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में भारत और अफगानिस्तान की फुटबॉल टीम के बीच खेला गया मुकाबला को गोलरहित ड्रॉ रहा। सऊदी अरब के डमक स्टेडियम में गुरुवार देर रात खेले गए मुकाबले में दोनों टीमें गोल करने का एक भी अवसर भुना नहीं सकी। भारत पहले हाफ में आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया। मनवीर सिंह ने दो बार गोल करने के मौके बनाए लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। अफगानिस्तान के जवाबी हमलों को भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने विफल कर दिया। भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। कुवैत के तीन अंक है उसने कतर ने 3-0 से हराया था। अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। इस मुकाबले के ड्रॉ होने के कारण भारतीय फुटबॉल टीम तीन अहम अंक बटोरने से चूक गई।

# विलेंडर ने जोकोविच की खराब फॉर्म की चिंताओं को किया खारिज

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व स्वीडिश टेनिस खिलाड़ी मैट्स विलेंडर ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच की फॉर्म को लेकर चिंता की किसी भी धारणा को खारिज कर दिया है, क्योंकि दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी लुका नार्डी से इंडियन वेल्स के तीसरे दौर में हार गए थे। 20 वर्षीय इतालवी, लुका नार्डी , जिन्होंने लकी लूजर के रूप में परीबा ओपन के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया, ने विश्व नंबर 1 जोकोविच को दो घंटे और 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हरा दिया। दुनिया में नंबर 123 पर, नार्डी मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे कम रैंक के खिलाड़ी बन गए, क्योंकि यूनाइटेड कप में एलेक्स डी मिनौर और ऑस्ट्रेलियन ओपन में जानिक सिनर से हार के बाद सर्बियाई खिलाड़ी को सीज़न की तीसरी हार का सामना करना पड़ा। विलेंडर ने यूरोस्पोर्ट को बताया कि नोवाक जोकोविच को वास्तव में इसकी परवाह नहीं है जब वह छोटे टूर्नामेंट में हारते हैं। मेरा मतलब है, वह हर टूर्नामेंट जीतना चाहेंगे, वह हर मैच जीतना चाहेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि इन दिनों कभी-कभी वह सिर्फ खुद को परखने के लिए टूर पर जाते हैं। घर पर मेरा अभ्यास कितना अच्छा रहा है? या जहां भी वह अभ्यास कर रहा है, और फिर वह एक टूर्नामेंट में जाता है और वह अन्य पेशेवरों, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा है, और उसे एक या दो राउंड जीतने के बाद इसका एहसास होता है या जो भी परिणाम हो, मुझे लगता है कि उसे एहसास है, ओह ठीक है, मैं काफी करीब हूं।



# श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेश की पारी लड़खड़ाई

**सिलहट,** 22 मार्च (एजेंसियां) खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बंगलादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगलादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। श्रीलंका की ओर से विश्वा फर्नांडो ने दो विकेट लिए, वहीं कसुन रजिता ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती पांच विकेट 57 के स्कोर पर गंवा दिए। सलामी बल्लेबाजी निशान मदुश्का दो रन, दिमुथ करुणारत्ने 17 रन, कुसल मेंडिस 16 को खालिद अहमद ने पवेलियन भेजा। उसके बाद एंजलो मैथ्यूज पांच रन बनाकर रनआउट हो गये। दिनेश चांदीमल नौ रन बनाकर आउट हुये। कप्तान धनंजय डीसिल्वा और कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंकाई पारी को संभाला।



# पीवी सिंधू प्री-क्वार्टरफाइनल में हारी

## शटलर टोमोका मियाजाकी पर पहले गेम 21-16 से जीत दर्ज की

**स्विस ओपन बैडमिंटन**

**बेसिल,** 22 मार्च (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को स्विस ओपन 2024 के क्वार्टर फाइनल के महिला एकल मुकाबले में जापान की टोमोका मियाजाकी से हार का सामना करना पड़ा। स्विट्जरलैंड के बेसिल में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार तरीके से खेल की शुरुआत करते हुए जापान की शटलर टोमोका मियाजाकी पर पहले गेम 21-16 से जीत दर्ज की। इसके बाद जापानी शटलर ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-19 से और आखिरी गेम में 21-16 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जापानी शटलर ने एक घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में पीवी सिंधु को हराया। वहीं, महिला युगल में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने अपने हमवतन प्रिया-श्रुती मिश्रा की जोड़ी को 21-10, 21-12 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को जापान की शटलर रुई हिरोकामी और युना केटो से हार का सामना करना पड़ा। जापानी जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 21-17, 21-16 से हराया।महिला युगल मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने इससे पहले इंडोनेशिया की मीलीसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज को हराकर इस राउंड में जगह बनाई थी।



पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत ने चीन के लेई लांक्सी को 21-14, 21-13 से हराया। बैडमिंटन वर्ल्ड रैंकिंग में 29वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ी ने चीनी शटलर के खिलाफ शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और 38 मिनट तक चले इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया। वहीं, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत दिन के अन्य मुकाबले में भिड़ेंगी।

# हरियाणा के 15 मुक्केबाज सब जूनियर नेशनल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप**

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के मुक्केबाजों ने ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीसरी सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 9 लड़कों और 6 लड़कियों ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। उदय सिंह ने हरियाणा टीम के लिए नेतृत्व किया और 37 किग्रा के मुकाबले में पंजाब के रणवीर को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराया। रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा) और नमन (58 किग्रा) ने समान अंतर से जीत के साथ हरियाणा की जीत का सिलसिला बढ़ाया। इस बीच, संचित जयनी (46 किग्रा), अर्पित (55 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया और रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के बावजूद तीनों ने अपने-अपने मैच जीत लिए। संचित ने दूसरे राउंड में केरल के विष्णु को हराया, जबकि अर्पित और अनमोल ने पहले राउंड में एसपीएससीबी के रेहान शेख और तमिलनाडु के एल गौतम राजा को हराया। सिद्धांत (61 किग्रा) ने तमिलनाडु के एमडी देवा आकाश के खिलाफ कड़ी लड़ाई लड़ी, लेकिन 3-2 से जीतने में सफल रहे। तीसरे दिन हरियाणा के लिए आखिरी मुक्केबाज कार्तिक डागर (70 किग्रा) भी मणिपुर की लीमापकम की चुनौती को 4-1 से जीतने में सफल रहे।

## सार संक्षेप

### गुजरात ने शरत को किया शामिल, आरआर में जम्पा की जगह कोटियन

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल के 17वें सीजन के लिए रॉबिन मिंज के स्थान पर बी आर शरत को नामित किया, जबकि तनुष कोटियन एडम ज़म्पा के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। शरत और कोटियन क्रमशः 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज शरत ने अब तक 20 प्रथम श्रेणी मैचों और 43 लिस्ट ए मैचों के अलावा 28 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम पर 328 टी20 रन दर्ज हैं। कोटियन, जिन्होंने हाल ही में मुंबई के 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई अब, 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर आरआर में शामिल हुए। उन्होंने 23 टी20, 26 प्रथम श्रेणी मैच और 19 लिस्ट ए मैचों में मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है। एडम ज़म्पा ने निजी कारणों से आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया। दूसरी ओर, गुजरात के अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन मिंज इस महीने की शुरुआत में बाइक दुर्घटना का शिकार हो गए। मिंज आईपीएल का हिस्सा बनने वाले आदिवासी समुदाय के पहले खिलाड़ी बन गए थे, जब पिछले दिसंबर में खिलाड़ियों की नीलामी में टाइटंस ने उन्हें 3.6 करोड़ रुपये में चुना था।

### जी साथियान ने एकल खिताब, दीया चितले-मानुष शाह बने मिश्रित युगल चैंपियन

**बेरुत।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाडी जी साथियान गणानाशेखरन ने हमवतन मानव ठक्कर को पुरुष एकल फाइनल में हराकर डब्ल्यूटीटी फीडर बेरुत प्रतिस्पर्धा अपने नाम की तथा दीया चितले और मानुष शाह ने मिश्रित युगल का खिताब जीता। लेबनान के बेरुत में अल कावथर सेकेंडरी स्कूल में खेले गये फाइनल में गणानाशेखरन ने ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। दो बार के कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फाइनल में जीत दर्ज की। गणानाशेखरन ने सेमीफाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चुआंग चिह-युआन को 3-1 (11-8, 11-13, 11-8, 11-9) से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। वहीं, मानव ठक्कर ने भी सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी एएन जेह्युन को सीधे गेम में 3-0 (11-9, 11-8, 12-10) से हराया था। पुरुष युगल फाइनल में, मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी को विश्व नंबर 29 जॉर्ज कैंपोस और क्यूबा के एंडी परेरा के खिलाफ 3-1 (11-5, 7-11, 11-